e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 46
गुरुवार
16.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

कर्म सुख भले ही न ला सके, लेकिन कर्म के बिना सुख नहीं मिलता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

क्विक न्यूज

राधनपुर हाइवे पर ट्रक के पीछे जीप घुसी, 6 की मौत

अहमदाबाद : पाटण जिले के पाटण-राधनपुर हाइवे के समीप वाराही के पास बुधवार को ट्रक के पीछे जीप के टकराने से जीप सवार 6 लोगों की मौत हो गई और 5 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर है। दुर्घटना में जीप के परखच्चे उड़ गए। घायलों को राधनपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पाटण के राधनपुर वाराही हाइवे पर पीपडी गांव के पास पैसेंजर जीप सामने जा रहे ट्रक के पीछे से जा टकराई। बताया गया कि जीप का टायर पंक्चर होने से वह असंतुलित होकर ट्रक के पीछे जा टकराई। जीप में 15 से 17 लोग सवार थे, जो श्रमिक बताए गए हैं। ये सभी मजदूरी के लिए गुजरात आए थे। मृतकों में समजु कुलवादी (50) राधनपुर वादी वसाहत, दुदाभाई राठौड़ (50) छाणसरा सांतलपुर, राधाबेन परमार (35) दात्रणा सांतलपुर, काजलबेन परमार (9) दात्रणा सांतलपुर, अम्रताबेन वणजारा (15) बांसवाडा राजस्थान, पिनलबेन वणजारा (7) बांसवाडा राजस्थान शामिल हैं। जीप के खस्ताहाल होने और पुराने मॉडल के होने की बात कही जा रही है। दुर्घटना में छोटे बच्चों के भी घायल होने की जानकारी है। मृतकों में दो व्यक्ति समेत एक महिला और तीन बच्चियां शामिल हैं। बच्चियों की उम्र 9, 7, 15 वर्ष बताई गई है।

सपा नेता आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता खत्म

लखनऊ : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के पुत्र एवं पार्टी विधायक अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गयी है। रामपुर जिले के स्वार विधानसभा क्षेत्र से वह 2022 में निर्वाचित हुए थे। इसी के साथ स्वार विधानसभा क्षेत्र 13 फरवरी, 2023 से रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्दुल्ला आजम को एक मामले में दो वर्ष का कारावास एवं 3000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। इसलिए उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की गई है। विधानसभा सचिवालय की तरफ से उनकी सदस्यता रद्द किए जाने की जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय के मुताबिक अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है। स्वार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 13 फरवरी, 2023 से रिक्त है। उल्लेखनीय है कि रामपुर सीट से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम की विधानसभा के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर शिकायत की थी। अब्दुल्ला आजम की दूसरी बार सदस्यता रदद् हुई है। 2017 के विधानसभा चुनाव में वह पहली बार विधायक बने थे।

तोरणद्वार बनाने को लेकर भड़की हिंसा, पुलिस ने किया लाठी चार्ज, दागे आंसू गैस, इंटरनेट सेवा बंद

पलामू : हिंसा, आगजनी, पत्थरबाजी

डीएसपी-जवान सहित दर्जनों घायल, आधा दर्जन लोग हिरासत में

स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में : आईजी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिले के पांकी में सांप्रदायिक ताकतों ने गंगा जमुनी तहजीब को शर्मशार कर दिया। दो संप्रदायों के बीच तोरणद्वार निर्माण को लेकर विवाद हुआ व पांकी बुधवार की सुबह रणक्षेत्र बन गया। तोरणद्वार को लेकर हुए विवाद को लेकर आगजनी व पथरबाजी हुई। इस घटना में डीएसपी व चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुछ अन्य लोगों के भी घायल होने की भी खबर है। उपद्रवियों ने कई दुकानों को आग के हवाले कर दिया। पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ राजेश कुमार साह समेत जिला के प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। लोगों को संयम बरतने को कहा गया है। मेदिनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह ने पूरे पाकी प्रखंड में धारा 144 लागू कर दिया है। इस संबंध में एक पत्र निकाल कर एसडीओ ने कहा कि दो पक्षों के बीच शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना है। इसके मद्देनजर एहतियात के तौर पर विधि व्यवस्था की समस्या को देखते हुए निषेधाज्ञा लगाया गया है। यह निषेधाज्ञा अगले आदेश तक जारी रहेगा। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया व आंसू गैस के गोले दागे। पांकी के समाजसेवी मुमताज खान ने भी लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

डीसी ने की शांति बनाए रखने की अपील

उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें,किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। ज्ञातव्य है कि जिले के उपायुक्त श्री दोड्डे, पुलिस महानिरीक्षक पलामू राजकुमार लकड़ा,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने स्वयं स्थल पर कमान संभाल रखी है।

एसडीओ व थाना प्रभारी चाहते तो नहीं बिगड़ता पांकी का माहौल

पाकी में दो पक्षों के बीच मंगलवार की रात से ही माहौल बिगड़ना उस समय शुरू हो गया था, जब पांकी बीच बाजार में मस्जिद के सामने एक पक्ष ने तोरण द्वार बनाना शुरू कर दिया। यह तोरण द्वारा राहेवीर पहाड़ी पर बने शिव मंदिर तक जाने के लिए बनाया जा रहा था। तोरण द्वार का निर्माण महाशिवरात्रि पर्व को लेकर किया जा रहा था। मंगलवार की रात तोरण द्वार बनाने का काम जैसे ही शुरू हुआ, वहां दूसरे पक्ष के लोग आ धमके। कहे कि अभी तक यहां कभी भी तोरण द्वार का निर्माण नहीं किया गया है। अगर तोरण द्वार का निर्माण करना ही है तो मस्जिद के आगे या पीछे कराइए। ठीक मस्जिद के सामने तोरण द्वार बनाना ठीक नहीं रहेगा। इस बात पर दूसरे पक्ष के लोग भड़क गए। इसी समय पांकी के थाना प्रभारी और मेदनीनगर के सदर एसडीओ को भी इस बात की जानकारी दी गई। पांकी के थानेदार वहां पहुंचे और दोनों पक्षों को थाना बुलाए। एसडीओ ने कोई संज्ञान नहीं लिया। थानेदार द्वारा थाना बुलाने के बाद रात में कोई भी पक्ष थाना नहीं पहुंचा। इसके बाद थाना प्रभारी ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया। बुधवार की सुबह तोरण द्वार लगाने जब एक पक्ष के लोग वहां पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने पुनः विरोध शुरू कर दिया। पत्थरबाजी शुरू हो गया। तनाव बढ़ने लगा। स्थिति की जानकारी मिलने पर जिले के डीसी और एसपी तत्काल पहुंचे। तब तक माहौल काफी खराब हो गया था। पत्थरबाजी में पुलिस और पब्लिक दोनों घायल हुए। वहां पहुंचकर एसपी ने मामले को काफी संभाला। यह घटना मस्जिद चौक के पास की है। स्थानीय प्रशासन अगर चाहता तो मंगलवार रात को ही पूरे मामले को सुलझा लेता। बुधवार की सुबह जो हुआ वह नहीं होता। तोरण द्वार टेंपरेरी बनाया जा रहा था। सिर्फ 1 दिन के लिए। पांकी के थाना प्रभारी अगर तुरंत संज्ञान ले लेते तो मामला नहीं बिगड़ता।

पुलिस छावनी में तब्दील हुआ पांकी

उपद्रव बढ़ता देख पांकी में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। यहां सैकड़ों पुलिस तैनात हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के दौरान लेस्लीगंज एसडीपीओ अलोक कुमार सहित पुलिस के कई जवान घायल हो गए. उपद्रवियों ने 4 दुकान, 2 घर और 6 वाहनों में में आग लगा दी थी। वहीं दोनों पक्षों से भी कई लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है। उपद्रवियों ने एक बाइक में आग दी और आसपास के दुकानों में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से भी अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। घटना के बाद पांकी बाजार पुलिस छावनी में तब्दील है।

रामगढ़ उपचुनाव को लेकर सीएम ने की यूपीए गठबंधन की बैठक

यूपीए गठबंधन की एकजुटता का दिखेगा परिचय

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर यूपीए के आला नेताओं की अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतर रणनीति बनाई गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यूपीए के आला नेताओं से रामगढ़ उपचुनाव के सियासी समीकरण के मद्देनजर बिंदुवार चर्चा की तथा पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गठबंधन के सभी नेताओं को एकजुटता दिखाते हुए एक बार फिर रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में जीत का परचम लहराने का मंत्र दिया। मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रचार-प्रसार से लेकर अन्य मुख्य बिंदुओं चर्चा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में उपस्थित यूपीए के सभी आला नेताओं तथा रामगढ़ विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे कार्यकर्ताओं से कहा कि वे रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें। सभी कार्यकर्ता एकजुट रहे तथा बूथ स्तर तक गठबंधन के प्रत्याशी की जीत के लिए अपना दमखम लगाएं। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, मंत्री श्री आलमगीर आलम, मंत्री श्री बादल पत्रलेख, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य श्री विनोद पांडेय, श्री फागु बेसरा, पूर्व विधायक श्री योगेंद्र महतो, श्री सुप्रियो भट्टाचार्य, श्री अभिषेक प्रसाद पिंटू, श्री संजीव बेदिया, कांग्रेस नेता श्री शहजादा अनवर, श्री केशव महतो कमलेश, राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सिंह यादव, झा.मु.मो. के रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, जिला सचिव विनोद महतो सहित पार्टी के अन्य नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामगढ़ का रण

सवाल भविष्य का

रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र

महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले, अलग झारखंड राज्य के लिए आक्रामक लडाई लड़ने वाले, हड़िया-दारु का बहिष्कार करने वाले एवं आदिवासी समाज में शिक्षा का अलख जगाने वाले दिशोमगुरू शिबू सोरेन एवं राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गृह जिला रामगढ़ में अभी राजनीति का पारा पूरे परवान पर है। क्योंकि यहां उपचुनाव हो रहा है। रामगढ़ भले ही छोटा जिला है लेकिन राजनीतिक दृष्टिकोण से इस जिले की महत्ता सबसे ज्यादा है। पहला तो यह कि राज्य के महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती सोरेन परिवार का पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में है। दूसरा यह कि आंदोलन के गर्भ से पैदा हुए आजसू पार्टी का भी राजनीतिक प्रतिष्ठा रामगढ़ से जुड़ा हुआ है। यहां से चंद्रप्रकाश चौधरी आजसू के टिकट पर लगातार तीन बार चुनाव जीतकर इतिहास रचने में कामयाब रहे हैं। तीसरा यह कि अलग झारखंड बनने के बाद राज्य में पहला उपचुनाव रामगढ़ में ही हुआ था। इसी रामगढ़ से चुनाव जीतकर बाबूलाल मरांडी विधानसभा में पहुंचे थे और राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री का तगमा उन पर लगा था। राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री मरांडी जब बने थे, उस समय वे सांसद थे। सांसद का त्यागपत्र देकर वे रामगढ़ विस का चुनाव लडे और जीते। इसलिए रामगढ़ की धरती से राज्य के महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्तियों का पुराना नाता- रिश्ता रहा है। 22 वर्षों के बाद यहां उपचुनाव कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को न्यायिक सजा होने के बाद हो रहा है। कांग्रेस ने ममता के पति बजरंग महतो को टिकट दिया है। कांग्रेस यूपीए का महत्वपूर्ण राजनीतिक साझेदार है। इसलिए सीएम हेमंत सोरेन की प्रतिष्ठा दांव पर लगना स्वाभाविक है। इस चुनाव में यूपीए का पूरा कुनबा जी जान से जुटा हुआ है। यूपीए के तीनों घटक दल कांग्रेस, जेएमएम व राजद के नेता अपने प्रत्याशी को जीतने में लग गए हैं।इधर यहां से एनडीए के प्रत्याशी आजसू नेता व सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी प्रत्याशी हैं। श्री चौधरी 14 वर्षों तक लगातार यहां के विधायक रहे हैं। इसलिए आजसू सहित भाजपा का भी यहां राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर है। यही कारण है कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में लगातार चुनावी दौरा कर रहे हैं। सुदेश महतो रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बैठक कर मतदाताओं से सीधा संवाद कर रहे है। उनके साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के अलावा कई सांसद-विधायक भी सुनीता चौधरी के पक्ष में जुटे हुए हैं। यहां के विधायक भाजपा के बड़े नेता बाबूलाल मरांडी भी रह चुके हैं। इसलिए पार्टी ने उन्हें विशेष रूप से चुनाव प्रचार के लिए यहां भेजा है। यह चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण है। दीगर बात यह है कि 2019 में यूपीए की सरकार बनने के बाद राज्य में चार विधानसभा सीटों दुमका,बेरमो, मधुपुर और मांडर में उपचुनाव हुआ और इन सभी सीटों पर सत्तारूढ़ गठबंधन ने जीत दर्ज की. यह पांचवां उपचुनाव भी सत्तारूढ़ दल के लिए काफी अहम है। एनडीए भी इस उपचुनाव में कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं है। रामगढ़ का यह उपचुनाव जहां यूपीए यानी झारखंड सरकार के कामकाज का आकलन करेगा वहीं एनडीए का राजनीतिक भविष्य भी तय करेगा। मिशन 2024 के पहले यह उपचुनाव एनडीए व यूपीए के लिए सेमीफाइनल है। इसलिए दोनों ही घटकों के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण है।

राज्य के राजनीति का दिशा व दशा तय करेगा रामगढ़ का उपचुनाव

केंद्रीय कैबिनेट का फैसला: देश में बनाई जाएंगी दो लाख सहकारी समितियां

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए। सेंट्रल मिनिस्टर अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान फैसलों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने देश में सहकारिता को मजबूत करने और इसकी पहुंच को बढ़ाने के लिए मंजूरी दे दी है। ठाकुर ने बताया कि सरकार ने अगले पांच सालों में करीब दो लाख बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियां, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना करने का लक्ष्य रखा है। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कैबिनेट के

फैसलों की जानकारी देते हुए अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम नाम की एक स्कीम को भी मंजूरी दी है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए चलाया जाएगा। इस योजना के लिए केंद्र के ओर से करीब 4800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आईटीबीपी की 7 नई बटालियन और एक ऑपरेशनल बेस की स्थापना को हरी झंडी दिखा दी गई है। नई स्थापित की जाने वाली टुकड़ियों में करीब 9400 जवानों की नियुक्तियां की जाएगी। जिनके कंधे पर भारत-चीन सीम की सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी। आईटीबीपी की 47 नई सीमा चौकियों (बीओपी) और 12 स्टेजिंग कैंपों के संचालन के लिए सात अतिरिक्त बटालियनों और एक सेक्टर मुख्यालय (एसएचक्यू) की स्थापना की जाएगी। बटालियन एवं सेक्टर मुख्यालय के लिए कुल 9400 पदों की रचना की जाएगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पाकुड़
रांची, गुरुवार, 16 फरवरी 2023 | पेज 2

झलकियां

दो पक्षों में मारपीट, तीन अभियुक्त को जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हिरणपुर : मारपीट को लेकर बुधवार को थाने में दो अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। दोनों मामलों में तीन अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना में कांड संख्या-21/23 में सुंदरपुर निवासी मनोज कुमार ने आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।आवेदन में मनोज साहा ने कहा है कि नाला सफाई के दौरान पड़ोसी राजकुमार भगत एवं राजेंद्र भगत ने मेरे बेटे रितिक रोशन और रितिक राकेश के साथ गली-गालौज करते हुए मारपीट की। इसको लेकर धारा 341, 323, 325, 307, 504, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर राजकुमार भगत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर थाना कांड संख्या- 22/23 में सुंदरपुर निवासी मंजू देवी ने मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि पड़ोसी मनोज साहा, रितिक साहा एवं रोशन साहा ने मेरे बेटे राजकुमार भगत के साथ लाठी-डंडे से मारपीट की। बीच बचाव के लिए पहुंची तो मुझे भी डंडे से मारकर घायल कर दिया। इसको लेकर धारा 341, 323, 325, 307, 379, 504, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर रितिक साहा एवं रोशन साहा को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि दोनों मामलों में कुल तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बिना कागजात व हेलमेट के बाइक चालकों पर लगाया जुर्माना

प्रभात मंत्र संवाददाता

हिरणपुर : पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन के निर्देश पर बुधवार को थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में एसआई सचिन लकड़ा, एएसआई छोटेलाल यादव, बिरसा टूटी सहित पुलिसबल मौजूद थे। इस दौरान दर्जनों दो पहिया वाहनों के आवश्यक कागजातों की जांच की गई। आवश्यक कागजात एवं हेलमेट के अभाव में कई बाइक को जब्त किया गया। इस पर कई वाहन चालकों ने जिला परिवहन कार्यालय में जुर्माना जमा किया। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि बिना हेलमेट व कागजात के पाए गए बाईकों को जब्त किया गया है। जिससे डीटीओ कार्यालय से जुर्माना वसूला जाएगा।

स्कूली छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

हिरणपुर : प्रखंड के बालक मध्य विद्यालय हिरणपुर में सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर मंगलवार को स्थानीय पुलिस ने बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बालक मध्य विद्यालय हिरणपुर एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर के स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर जानकारी दी। वहीं यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक करते हुए उसके महत्व को समझाया गया। वहीं यातायात नियमों से संबंधित सवाल जवाब भी बच्चों से किया गया। बाद में बच्चों के बीच चॉकलेट भी बांटे गए। मौके पर एसआई विनोद सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

कृषि शुल्क के खिलाफ व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन का रहा व्यापक असर, बंद रही दुकानें

चेंबर ऑफ कॉमर्स ने बंद को सफल बनाने के लिए शहर में किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : कृषि शुल्क के खिलाफ बुधवार को व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन का व्यापक असर रहा। फल और सब्जी दुकानदारों से लेकर तकरीबन सभी तरह के व्यवसायियों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठान को बंद रखा। जिला मुख्यालय सहित प्रखंडों में भी प्रदर्शन का असर दिखा। कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 के विरुद्ध आंदोलित व्यवसायियों ने विरोध प्रदर्शन के जरिए राज्य सरकार से इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। अन्यथा व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठानों को अनिश्चित काल के लिए बंद रखने की चेतावनी दी। उत्पादन और बिक्री सहित तमाम गतिविधियों को बंद रखने की बात कही। आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार कृषि शुल्क को वापस नहीं लेती है। इधर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने बंदी को सफल बनाने के लिए शहर में प्रदर्शन किया। कॉमर्स के अधिकारियों ने चेंबर के बैनर तले रैली निकालकर पूरे बाजार का भ्रमण किया। कालिकापुर से शुरू कर पोस्ट ऑफिस चौक तक रैली के माध्यम से दुकानदारों से समर्थन मांगा। जिसका भरपूर समर्थन व्यवसायियों ने दिया। इसमें छोटे बड़े सभी तरह के प्रतिष्ठान संचालकों का समर्थन मिला। वहीं रैली पोस्ट ऑफिस से अंबेडकर चौक आकर संपन्न हुआ। पाकुड़

चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजीव खत्री ने कहा कि कृषि शुल्क के खिलाफ आंदोलन में सभी व्यवसायियों का सहयोग रहा। इसमें सब्जी और फल विक्रेताओं का भी अभूतपूर्व सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि रोज कमाने खाने वाले फल और सब्जी दुकानदारों एवं अन्य छोटे दुकानदारों ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान का समर्थन किया। इसके लिए उन सभी दुकानदारों का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इस पर जल्द निर्णय लेना होगा। कृषि शुल्क लागू होने से हर व्यक्ति पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। अंतिम पायदान पर खड़े लोग भी इनसे खासा प्रभावित होंगे। कृषि क्षेत्र से जुड़े तमाम किसान और अन्य लोगों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कच्चे और पक्के सभी तरह के खाद्य सामग्रियों पर एक से दो प्रतिशत का टैक्स आम जनजीवन को प्रभावित करेगा। इसलिए सरकार को अभिलंब इस काले कानून को वापस लेना होगा। इसमें सरकार जितना विलंब करेगी, लोगों को उतना ही नुकसान होगा। अगर कृषि शुल्क पर राज्य सरकार ने रवैया नहीं बदला तो इसका नुकसान निश्चित है। जिले के सभी व्यवसाय और चेंबर ऑफ कॉमर्स सरकार से कृषि बिल को वापस लेने की मांग करती है। अन्यथा आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा।

विधायक ने लाखों रूपए की लागत से बनने वाली चार योजनाओं का किया शिलान्यास

क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता : प्रो. स्टीफन मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़िया : महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने बुधवार को अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी फंड से बनने वाली चार योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने पाकुड़िया प्रखंड के पंचायत बनियापसार ग्राम मोहलीगायपाथर प्रधान टोला में 13.48 लाख की लागत से पीसीसी पथ, गार्डवाल सह पुलिया निर्माण, पंचायत फुलझींझरी ग्राम मोहनपुर प्रधान टोला में 24.77 लाख लागत से पीसीसी पथ सह पुलिया निर्माण, पंचायत मोंगलाबांध ग्राम शिकारपुर स्कूल के सामने से 21.84 लाख के लागत से पीसीसी पथ निर्माण, पंचायत मोंगलाबांध ग्राम ढेकीडुबा में आरईओ पथ से सुलतान के घर तक पीसीसी सह गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ व फिता काटकर किया। इससे पहले शिलान्यास स्थल पहुंचे विधायक का संबंधित इलाकों में पारंपरिक आदिवासी रीति रिवाज से माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि लोगों की मूलभूत जरुरतों को देख कर महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में कई विकास योजनाएं विभिन्न मद की राशि से संचालित है। विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं। पहले और आज में सबसे बड़ा फर्क यह है कि पहले के जनप्रतिनिधि अपनी झोली भरने के लिए योजनाएं शुरु करते थे। लेकिन आज हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा लोगों की जरुरतों को देख कर विकास योजनाएं शुरू की जा रही है। उन्होंने योजना स्थल पर उपस्थित संवेदकों से कहा की गुणवत्तापुर्ण कार्य कर योजनाओं को ससमय पूरा करने का काम करेंगे। वर्षो से लंबित प्रखंड वासियों की बहुप्रतीक्षित मांगों को आज सरजमीं पर उतारा गया। लोगों में इसको लेकर उत्साह है। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को समस्याएं बताई तथा आवेदन दिया। विधायक ने इनके समाधान का भरोसा दिया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष जुली ख्रिष्टमणी हेंब्रम, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, जेई मनोज महतो, देवीलाल हांसदा, मईनुद्दीन अंसारी, देवीधन टुडू, उपाध्यक्ष अशोक भगत, निवारण मरांडी, कालीदास टुडू, अब्दुल बनीज, कुबराज मरांडी, नजरूल इस्लाम, मुशारफ हुसैन, रफाईल मुर्मू, नेजाम अंसारी, विश्वजीत दास, छोटू भगत, तोहिदुल शेख, विनोद भगत, एनोस मुर्मू, अकबर अली, प्रसेनजीत दास, विश्वनाथ मुर्मू, नरेश हांसदा, संवेदक अख्तर आलम, दीपक चौधरी, जावेद अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कृषि शुल्क कानून को वापस ले राज्य सरकार : आलमगीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने कृषि शुल्क कानून को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। आलमगीर ने कहा है कि गरीबों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार की पोल खुल गई है। कृषि शुल्क लाकर गरीबों के माथे पर एक और महंगाई का बोझ थोप रही है। आजसू पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अविलंब इस विधेयक को वापस लेने की घोषणा करें। आजसू जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 से गरीब, मजदूर और किसान वर्ग के लोगों को ही ज्यादा नुकसान पहुंचाएगा। लाजमी सी बात है कि व्यापारी जितना टैक्स का भुगतान करेगी, उपभोक्ता से उतना वसूल कर लेंगे। इसका सीधा-सीधा मतलब है कि खाद्य सामग्रियों में महंगाई बढ़ेगी। जिसका असर सीधे तौर पर रोज कमाने खाने वालों पर पड़ेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ने की चिंता व्यापारियों को भी है। तभी व्यापारी भी आज इस कानून के खिलाफ सड़क पर उतरे हैं। आम लोगों के हित में राज्य सरकार को सोच विचार में बिना समय गवाएं, बिल को वापस लेना होगा। अगर राज्य सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेती है तो यह समझा जायेगा कि सरकार गरीबों का अहित चाहती है। जैसा कि अब तक इस सरकार के सभी फैसलों में देखा गया है। आजसू पार्टी सरकार से बार-बार मांग करती है कि कृषि शुल्क को खत्म करें।

दिव्यांग छात्रों को सरकारी योजनाओं का मिले लाभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

लिट्टीपाड़ा : समावेशी शिक्षा के तहत पर्यावरण निर्माण सुविधाओं को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीईईओ जयप्रकाश मंडल के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में उपस्थित सदस्य एवं अभिभावकों को बीईईओ ने दिव्यांग बच्चों को दिए जा रहे सुविधाएं एवं प्रखंड में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया है। कार्यक्रम में रिसोर्स शिक्षक रोसा सोरेन एवं सुबोध कुमार ने बताया की दिव्यांग व्यक्तियों अधिकार अधिनियम आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में 21 प्रकार का डिसेबिलिटी के बारे में बताया और उससे सुविधा मिलने वाली और रेलवे यातायात में छूट मिलने के बारे में बताया गया है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर लोगो को जागरूक किया।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़े, सरकारी सुविधा का दिलाएं लाभ : बीईईओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हिरणपुर : प्रखंड के बालक मध्य विद्यालय हिरणपुर में बुधवार को समावेशी शिक्षा के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय पर्यावरण निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीईईओ रफीक आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीईईओ रफीक आलम ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में बीआरसी के बीपीओ किशन भगत भी थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईईओ ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज से जुड़ने के लिए पढ़ना जरूरी है। हर मां बाप या अभिभावक को चाहिए कि जिस घर मे दिव्यांग है उन्हें पढ़ाई में रुचि दिलाए। सरकार के द्वारा उन्हें हर सुविधा मुहैया कराई जा रही है। बीईईओ ने 21 प्रकार की दिव्यांगता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। यह भी कहा कि हर शिक्षक ईमानदारी पूर्वक सभी बच्चों को शिक्षा दें। नियमित रूप से पठन-पाठन कराएं। यह भी कहा कि कक्षा 1 से कक्षा 3 तक के बच्चों को सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के लिए अन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिसका अनुपालन शिक्षकों को करना चाहिए। वहीं विशेष शिक्षक विनय कुमार ने बताया कि दिव्यांग सिर्फ कान, पैर, आंख व शरीर से नहीं होता है। बल्कि शरीर के अंदुरुनी हिस्से से भी होता है। जैसे दिव्यांग बच्चों में खून में हेमोग्लोबिन की कमी भी एक दिव्यांगता की निशानी होती है। वैसे बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराएं। जहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ हर सुविधा सरकार से दी जाती है। दिव्यांग बच्चों को हर माह विद्यालय की ओर से 500 रुपए प्रतिमाह दी जा रही है। कार्यक्रम में बीपीओ किशन भगत, सीआरपी कुमोद, एमईएस प्रवीण कुमार, एसएमसी के अध्यक्ष, सदस्य व अभिभावक उपस्थित थे।

डीडीसी ने की जिला साख समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : उप विकास आयुक्त मो0 शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) व जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति (डीएलआरसी) की बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

उप विकास आयुक्त ने ली योजना की जानकारी

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक साख योजना का कुल लक्ष्य 83572.54 लाख है, इसके विरूद्ध तीसरी तिमाही में 68302.31 लाख की उपलब्धि हुई है जो लक्ष्य का 81.73 प्रतिशत है। वहीं वार्षिक साख योजना के अंतर्गत प्राथमिक क्षेत्र का कुल लक्ष्य 29982.57 लाख है। इसके विरुद्ध तीसरी तिमाही में 10183.43लाख की उपलब्धि हुई है जो लक्ष्य का लगभग 61.76 प्रतिशत है। सीडी रेसियो की समीक्षा में बताया गया कि दिसम्बर में 2022-23 तृतीय तिमाही में सीडी रेश्यो 52.66 प्रतिशत रहा। इसमें और तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उप विकास आयुक्त मो0 शाहिद अख्तर ने क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की। समीक्षा क्रम में विभिन्न बैंकों में लंबित केसीसी आवेदन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 1003 केसीसी का आवेदन लंबित है। इसी तरह से बैंक ऑफ इंडिया में 67 झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 91, बैंक ऑफ बड़ौदा में 64, इंडियन बैंक में 53, सेंट्रल बैंक में 14, केनरा बैंक में 32, पंजाब नेशनल बैंक में 22, यूको बैंक में 21, यूनियन बैंक में 53 इस तरह से जिला में विभिन्न बैंकों के विभिन्न शाखा में 1420 केसीसी के आवेदन लंबित है । जिसे एक सप्ताह में स्वीकृति देने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2022 -23 में 2518 किसानों को अब तक केसीसी दिया गया है एवं 2374 आवेदन त्रुटिपूर्ण रहने के कारण वापस कर दिया गया है।मौके पर उपस्थित आरबीआई के एलडीओ अखंडोल सोरेन, डीडीएम नाबार्ड के नेयाज इशरत एवं जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा अरविंद कुमार, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

बिरसा हरित ग्राम योजना : वर्ष 2023-24 में 60 एकड़ में फलदार पौधरोपण का है लक्ष्य

अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड बिरसा ग्राम हरित योजना के तहत प्रखंड में वर्ष 2023-24 में भी फलदार व इमारती लकड़ियों के पौधरोपण के लक्ष्य पर काम शुरू हो चुके हैं। जानकारी मिली कि इस वर्ष यह कार्य 60 एकड़ भूमि पर लक्षित है। पिछले वर्ष यह कार्य यहां 28 एकड़ भूमि पर हुई थी। प्रावधान के मुताबिक इस योजना के तहत एक एकड़ भूमि पर उन्नत किस्म के 112 आम के पौधे तथा 80 टिम्बर के पौधरोपण करने हैं। इसके लिए किसानों या लाभुकों को प्रेरित कर बेकार पड़ी जमीन पर इसका क्रियान्वयन कराना है। पांच वर्षों तक पौधों का संरक्षण व संवर्धन करना है। इसके लिए मनरेगा से 3 लाख 73 हजार रुपए की प्राक्कलित राशि किसानों को दिए जाने का प्रावधान है। योजना का क्रियान्वयन अथवा भूमि चयन, किसानों का चयन आदि सभी कार्य जेएसएलपीएस के द्वारा संपादित होना है। पूछे जाने पर मनरेगा बीपीओ अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रखंड में इस योजना की भौतिक स्थिति ठीकठाक है। 28 एकड़ में से दो चार एकड़ के पौधे मृत हुए हैं, जिनके विभिन्न वजह हैं। उन्होंने कहा कि कहीं पानी की कमी में पौधे प्रभावित हुए हैं। हालांकि जेएसएलपीएस के बीपीएम योजना की नियमित निगरानी करते हैं। आवश्यकतानुसार किसानों को जरूरी सलाह दी जाती है। **बिरसा हरित ग्राम योजना का उद्देश्य :-** क्षेत्र के किसानों की आमदनी बढाते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना इस योजना का उद्देश्य है। बेकार व उपयोगहीन जमीन का सदुपयोग कर एक असेट तैयार करना और पर्यावरणीय संतुलन में हरित क्रांति के जरिए सहभागी बनना भी इस योजना का एक अहम लक्ष्य है।

चेम्बर के आह्वान पर व्यसायियों ने बंद किया दुकान

प्रभात मंत्र संवाददाता

महेशपुर : पाकुड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर बुधवार को महेशपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजू अग्रवाल के नेतृत्व में प्रखंड में खादान्न व्यवसायों ने अनिश्चितकालीन बाजार बंदी कर दिया। वही सभी व्यवसायियों ने झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 का जमकर विरोध किया। विरोध के कारण अंबेडकर चौक, साप्ताहिक हाट, सोनारपाड़ा, गढ़बाड़ी, डाकबंगला चौक सहित प्रखंड के सभी दुकानदार अनिश्चितकालीन बाजार बंद कर दिया। व्यवसायों ने बताया कि महेशपुर में खाद्य वस्तुओं की आवक जावक एवं कृषि मंडी की थोक दुकाने अनिशितकालिन तक के लिए बंद रखने का आह्वान किया गया। बताया कि झारखंड सरकार की ओर से कृषि उपज पशुधन विपणन विधेयक 2022 लागू होने से खाद्य वस्तुओ की उपलब्धता प्रभावित होगी, खाद्य समाग्री के दाम में बढोतरी होगी इस्पैक्टर राज को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे उपभोक्ताओं को महंगाई की मार झेलना पडेगा। व्यवसायों ने सरकार द्वारा परित विधेयक को वापस लेने की मांग की है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के राजू अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, दिलीप भगत, व्यवसायिक संघ के लुतफूर रहमान, बसंत कुमार भगत, धन्ना लाल साह, शिवकुमार भगत, संतोष साहा, अख्तार आलम, सुरेन्द्र भगत, गौतम सिंह, मोहरलाल भगत, गुड्डू, सुमित भगत, काजल साहा,छोटू मियां, आसिफ मियां सहित सैकड़ों व्यवसायी मौजूद थे।

रोजगार मेला का आयोजन : उपायुक्त ने पांच अभ्यर्थी को दिया नियुक्त पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : श्रम नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर की ओर से मंगलवार को बाजार समिति परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया।उपायुक्त वरुण रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला नियोजनालय पदाधिकारी पंकज कुमार झा, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, श्रम अधीक्षक रमेश प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर मेला का उद्घाटन किया। उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद युवाओं को रोजगार से जुड़ने का मौका मिला है। नौकरी जिस रूप में मिले, वो हासिल कर युवा खुद का रास्ता आगे के लिए तय कर सकते है और निजी कंपनी में कई ऐसे पोस्ट होते है, जिसके लिए युवाओं को प्रशिक्षित होना जरूरी है। मेले में अलग-अलग राज्यों से कई कंपनियां पहुंची है। मेले में कई बेरोजगार युवक, युवतियों शामिल हुए हैं। जिन्हें उनकी योग्यता के मुताबिक रोजगार मुहैया कराया जाएगा। कंपनियों के खाली पड़े पदों पर अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता व कौशल के अनुरूप बहाल किया जायेगा। इन कंपनियों में मैट्रिक, इंटर, आइटीआइ, डिप्लोमा, स्नातक, बीसीए, बीबीए, एमबीए, बीएड, बीटेक, सीआईपीटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए रोजगार उपलब्ध होगा। इस रोजगार मेले में पाकुड़ जिला सहित राज्य भर के कुल 06 नियोजक शामिल हुए। वहीं नियोजकों की संख्या 13 थी। कुल रिक्तियों की संख्या 4093 थी। जिसमें कुल 77 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न नियोजकों द्वारा किया गया। कुल 47 अभ्यर्थियों को दूसरे चरण हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया। वहीं उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा 5 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, गुरुवार, 16 फरवरी 2023| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

छह दिवसीय इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल 17 से

रांची : इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल ऑफ इंडिया भारत रंग महोत्सव का आयोजन रांची में शुक्रवार से होने जा रहा है। इसका आयोजन 17 फरवरी से लेकर 22 फरवरी तक मोरहाबादी के आर्यभट्ट सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन, कला-संस्कृति और युवा और खेल विभाग के साथ ही रांची यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस छह दिवसीय कार्यक्रम में छह थिएटर परफॉर्मेंस होंगे। इसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम और बिहार के ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। ये प्रस्तुतियां हिंदी, उर्दू, उड़िया, असमी और बंगाली भाषाओं में प्रदर्शित की जाएंगी। इस थिएटर फेस्टिवल का आयोजन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा 22वें भारत रंग महोत्सव के रूप में किया जा रहा है। देश के 10 शहरों में इस कार्यक्रम का आयोजन 26 फरवरी तक हो रहा है।

रांची के 1253 किसानों के अकाउंट में जाएगा 43.85 लाख रुपये

रांची : रांची जिले के 1253 किसानों के बैंक अकाउंट में 43.85 लाख रुपये जाएगा। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि भुगतान करने का निर्देश रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दिया। प्रत्येक लाभुक को 3500 रुपये की दर से भुगतान होगा। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि देने के लिए श्रेणी 'क' में कुल 1132 लाभुकों और श्रेणी 'ग' में कुल 121 लाभुक की मंजूरी दी गई। प्रति लाभुक 3,500 रुपये की दर से 43 लाख 85 हजार 500 रुपये के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

राज्य से अपराध व नक्सल खत्म किया जायेगा : डीजीपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड के नवनियुक्त डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। तो वहीं दूसरी ओर पलामू दो समुदायों ने आपस में झगड़ रहे थे,जहां हिंसक घटना को रोकने के लिए अविलंब धारा 144 लगाया गया।बता दें कि बीते शनिवार को ही नीरज सिन्हा डीजीपी पद से सेवानिवृत हो गए हैं।1989 बैच के आईपीएस अजय कुमार सिंह 15 फरवरी 23 को पदभार ग्रहण किया और तुरंत बाद पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। जो चुनौतियां हैं, उसका सामना करेंगे, विधि व्यवस्था एवं अपराध की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। राज्य के लोगों को पुलिस की सभी सुविधाएं आसानी से मिले, इस पर अधिक जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि राज्य से अपराध और नक्सल को खत्म किया जायेगा। राज्य में नक्सलियों के खिलाफ जो अभियान चल रही है, राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की सहायता से कई नक्सल ऑपरेशन चलाकर काफी हद तक नक्सलियों के कब्जे वाले कोर एरिया तक पहुंचने में पुलिस को सफलता मिली है। जनता का विश्वास हासिल करने में सफल हुए हैं। जिससे नक्सली बैकफुट पर हैं, नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान को आगे बढ़ाया जायेगा। राज्य में अमन चैन कायम करने, विधि व्यवस्था दुरुस्त करने और कानून का राज स्थापित करने पर काम करेंगे। उन्होने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान को और तेज किया जायेगा।

साइबर क्राइम को रोकने की कोशिश

साथ ही साइबर क्राइम को रोकने के लिए टेक्निकल सेल को और मजबूत करने की जरूरत है। सभी थानों के प्रभारियों को भी यह निर्देश दिया जाता है , कि वह अपने क्षेत्र में हर छोटी बड़ी घटनाओं को गंभीरता से लेंगे। जमीन दलालों,भू माफियाओं पर नकेल कसे, गांजा, अफीम,चरस, अवैध शराब रोक के लिए अभियान चलाया जाएगा।

अवैध गो तस्करों के लिए सभी जिलों के बॉर्डर में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और इस पर रोक लगेगी।

पीड़ित परिवार को हर संभव मदद

सभी थाना प्रभारी सुनिश्चित करें कोई फरियादी फरियाद लेकर आपके थाने में आए तो उसका आवेदन स्वीकार करें और उस पर जांच कर उचित करवाई करें। ग्रामीण क्षेत्रों के थाना प्रभारी भी इस बात को सुनिश्चित करेंगे, कि अपने ग्रामीण क्षेत्र के थाना अंतर्गत कोई भी पीड़ित अगर आपसे मदद की गुहार लगाते हैं या फोन करते हैं, तो तुरंत उसका फोन रिसीव करें और घटनास्थल पर पहुंचे। सभी स्कूल कॉलेज या ऐसे सर्वजनिका स्थल जहां पर ऐसे छेड़खानी की घटनाएं होती उसे चिन्हित करें और रोक लगाने की प्रयास कीजिए।

पुराने अपराधियों को चिन्हित करें

डीजीपी ने कहा कि पुराने अपराधियों के चेहरे और ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित करें, और उसे थाने में हाजिरी लगाएं। और उन सभी क्षेत्रों को भी चिन्हित किया जाए, जहां असामाजिक तत्वों के द्वारा उपद्रव होने की संभावनाएं बनी रहती है, ऐसे जगह पर 144 धारा अविलंब लगाकर दंगा जैसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

यातायात व्यवस्था बेहतर हो

न सिर्फ रांची शहर बल्कि पूरे झारखंड के जो शहरी क्षेत्र है, चौक चौराहें और जहां पर यातायात की समस्याएं अगर हो रही है, तो ट्रैफिक एसपी इस पर अपने स्तर से उचित कार्रवाई कर जाम मुक्त शहर बनाने में अपनी भूमिका निभायेंगे।

नवनियुक्त डीजीपी से मिले एसएसपी किशोर व ग्रामीण एसपी नौशाद

रांची। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह से रांची के एसएसपी किशोर कौशल , ग्रामीण एसपी नौशाद आलम सहित कई पुलिसकर्मी उन्हें बधाई देने पहुंचे । एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि राज्य को नया डीजीपी मिल गया है, जो भी दिशा निर्देश मिलेगा वह कार्य किया जाएगा। ऐसे भी पुलिस जो कार्य होता है ,विधि व्यवस्था बनाए रखना और अपराध को नियंत्रण करना ,अपराधिक घटनाओं को बढ़ने नहीं देना ,इस पर काम किया जा रहा है। साइबर सेल को मजबूत किया जा रहा है। सभी थानों को निर्देश दिया गया कि वह अपने थाना क्षेत्रों में अपराधिक गतिविधियों को बढ़ाने ना दें। वही ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में नक्सलवाद ,जमीन विवाद, अपराधिक घटनाएं नहीं हो रही है और इसमें काफी सुधार भी आया है । नये डीजीपी मिले हैं इसका भी अनुभव मिलेगा , इसी नये अनुभव के साथ आगे भी काम किया जाएगा।

बीआईटी मेसरा में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन

प्रभात मंत्रसंवाददाता

रांची : बीआईटी मेसरा में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम दो भागों में आयोजित किया गया था। प्रथम भाग कम्प्यूटर आधारित था। दूसरा भाग घरेलू कचड़े या फिर बेकार साबित हो गई उन वस्तुओं को पुनः साज सज्जा के लिए तैयार करना था। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। केंद्र की निदेशक डॉ. वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि आज के युवाओं की प्रतिभा को अगर प्रोत्साहित किया जाए तो हम कचड़े का भी उपयोग घर और समाज को सुंदर बनाने में कर सकते है। प्रथम पुरस्कार विजेता ऋषि बोस और शेखर कुमार, दूसरा पुरस्कार अरुणिमा और तियारा को एवं तृतीय पुरस्कार प्राची कुमारी को मिला। कम्प्यूटर आधारित कार्यक्रम में प्रथम स्थान अदिति राव वर्मा,तेजल राज को मिला। इनको पुरस्कृत डॉ. आशुतोष मिश्रा और डॉ. अनीश हैदर ने किया। इस आयोजन में सोयायटी की अध्यक्ष भव्या रंजन ने सहयोग किया।

अब पहले से ज्यादा आरामदायक होगा वास्को द गामा एक्सप्रेस का सफर

12 मई से बदलेगी व्यवस्था

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 17321/17322 वास्को द गामा जसीडीह-वास्को द गामा एक्सप्रेस ट्रेन के पारंपरिक रेक को एलएचबी कोच रेक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों में पारंपरिक कोच रेक को एलएचबी कोच में बदला जा रहा है। एलएचबी रेक के कोच पहले की तुलना में ज्यादा आरामदेह हैं। इसमें सीट, चार्जिंग पॉइंट, पंखे एवं ब्रेक प्रणाली पहले की तुलना में ज्यादा उच्च गुणवत्ता के हैं। ट्रेन में जनरेटर यान का 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 2 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 2 कोच, वातानुकूलित 3-टियर इकोनॉमी के 4 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 5 कोच और वातानुकूलित 2-टियर के 4 कोच समेत कुल 19 कोच होंगे। ट्रेन संख्या 17321 वास्को द गामा जसीडीह एक्सप्रेस ट्रेन 12 मई से से पारंपरिक रेक के स्थान पर एलएचबी कोच रेक में परिवर्तित हो कर वास्को द गामा से चलेगी। ट्रेन संख्या 17322 जसीडीह ङ्क वास्को द गामा एक्सप्रेस ट्रेन पांच मई से पारंपरिक रेक के स्थान पर एलएचबी कोच रेक में परिवर्तित हो कर जसीडीह से चलेगी।

त्रिपुरा में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो : वामदल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव 16 फरवरी को होगा और पिछले 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद हो चुका है। लेकिन बीजेपी का उद्देश्य है कि वहां निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव ना हो इसलिए वहां चुनाव कार्यो के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल की जगह भाजपा शासित गुजरात और आसाम की पुलिस को भेजा गया है।चुंकि यह आम चुनाव नहीं है । एसी परिस्थिति में वहां इन राज्यों की पुलिस को भेजा जाना इस संदेह को बल प्रदान करता है, कि चुनाव में इनका गलत इस्तेमाल किया जाएगा। दूसरी ओर भाजपा शासित राज्य आसाम के मुख्यमंत्री वहां कैंप किए हुए थे ताकि वह अपने राज्य की पुलिस का चुनाव को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल कर सकें।इसलिए वामदल मांग करते है कि निर्वाचन आयोग त्रिपुरा में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि भयमुक्त वातावरण मे त्रिपुरा के मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग कर सकें। रांची में माकपा और भाकपा द्वारा जुलूस निकाल कर अल्बर्ट एक्का चौक पर सभा की गई।इस संयुक्त कार्यक्रम मे माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, भाकपा के अजय सिंह के अलावा सुखनाथ लोहरा, प्रफुल्ल लिंडा, एस. के. राय, रोहित कच्छप, सुमंत साहु, मनोज ठाकुर, उमेश मेहता, राजू बर्मन समेत वामदलों के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीजीपी को दी बधाई

पुलिस मेंस के पदाधिकारियों ने डीजीपी को दी बधाई

रांची। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश पांडेय के नेतृत्व में मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त डीजीपी से मुलाकात की और ने बधाई दी । साथ ही साथ मेंस एसोसिएशन के पुलिसकर्मियों के समस्याओं से भी उन्हें संक्षिप्त में अवगत कराया गया। डीजीपी पी ने आश्वस्त किया और कहा कि इन सब चीजों पर भी ध्यान दिया जाएगा। मौके पर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन प्रांतीय अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, महामंत्री रमेश उरांव सहित एसोसिएशन के कई पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में नवनियुक्त डीजीपी अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार पर मुलाकात किया गया और उन्हें बधाईयाँ दी गई। और पुलिसकर्मियों की समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। डीजीपी ने कहा कि जो बचा हुआ काम है, वह पूरा होगा। इस मौके पर प्रांतीय वरीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय ,प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष अरविंद यादव, महामंत्री अक्षय राम , प्रांतीय वरीय सयुंक्त सचिव मो महताब, संयुक्त सचिव रंजन सिंह, प्रांतीय संगठन सचिव अंजनी कुमार एवं केंद्रीय सदस्य नीरज और ललन मौजूद थे।

तरुण बालिकाओं के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान : मंजूलता दुबे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जागरूकता अभियान के तहत झारखण्ड राँची के जवाहर विद्या मंदिर स्कूल में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामन्त्री मंजूलता दुबे ने तरुण बालिकाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाते हुए सैनेटरी पैड का वितरण किया । उनसे स्वास्थ्य सम्बंधित चर्चाएं की और खुलकर बात किया । शिक्षा पर चर्चाएं हुई । जवाहर विद्या मंदिर के कक्षा बारहवीं के बच्चे अपनी क्लास के बाद समाज मे उपेक्षित ,गरीब बच्चों को फ्री में पढ़ाते है

,इस पर मंजूलता ने कहा इस तरह के कार्य से उन बच्चों में सामाजिक व्यक्तित्व का विकास होने के साथ उनकी स्किल क्षमता भी बढ़ती है साथ ही उनके अंदर अपने सामाजिक कार्यो के प्रति जागरूकता भी आती है । इसी की का हिस्सा बनते हुए मंजूलता ने भी उन बच्चों के बीच खास कर जहाँ एक ओर आज भी कुछ बातों को लेकर लड़कियां संकोच करती हैं उनके बीच जाकर उनसे बात कर उनकी मानसिक सहयोग के साथ उनके संकोच को दूर करने का प्रयास कर रहीं है । और इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने वहां के शिक्षक जो प्रोग्राम इंचार्ज हैं श्री शशांक कुमार सिन्हा जी का आभार प्रगट किया और कहा आपने हमें ये अवसर प्रदान किया कि कोई भी ना छूटे सब को शिक्षा मिले का कार्य करने दिया ।

रांची : दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सहाय योजना के माध्यम से राज्य के उग्रवाद प्रभावित पांच जिलों में खेलों के माध्यम से सकारात्मक माहौल बनाया जा रहा है। इस क्रम में अब रांची में योजना के तहत चिन्हित जिलों पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला- खरसावां, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और खूंटी के चयनित 520 खिलाड़ी अपना हुनर दिखायेंगे। खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने खेल निदेशालय ने बताया कि 5 जिलों में सहाय योजना के जरिये पहले चरण में फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पिछले दिनों प्रखंड, स्थानीय स्तर पर हुआ था। अब रांची में 16-18 फरवरी तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सीएम हेमंत सोरेन 16 फरवरी को इसका उद्घाटन करेंगे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। ओलंपियन मनोहर टोपनो, झारखंड ओलंपिक संघ के शैलेंद्र दुबे, हॉकी झारखंड के विजय शंकर सिंह समेत विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।सरोजनी लकड़ा के अनुसार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जर्सी, शॉर्ट्स, खेल किट उपलब्ध करा दिया गया है।फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स में 5-5 टीमें शामिल होंगी. फुटबॉल और हॉकी में 160-160, वॉलीबॉल में 80 और एथलेटिक्स में 120 खिलाड़ी शामिल होने वाले हैं। इसके अलावा प्रत्येक टीम के साथ एक कोच और टीम मैनेजर भी होंगे। हॉकी का आयोजन बरियातू हॉकी एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड,रांची में होगा. फुटबॉल बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी और मंदिर मैदान, एथलेटिक्स भी इसी मैदान में जबकि वॉलीबॉल के लिए शहीद नीलांबर-पीतांबर ऑक्सीजन पार्क, मोराबादी मैदान को फाइनल किया गया है।

आज से एक साथ दो महीने का कार्डधारकों को मिलेगा राशन

रांची : कार्डधारकों को एक साथ दो महीने का राशन दिया जाएगा। 15 फरवरी को आयोजित किये जाने वाले चावल दिवस पर दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 के आवंटित खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने 15 फरवरी को आयोजित किये जानेवाले चावल दिवस को व्यापक और प्रभावी रुप से मनाते हुए दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 का खाद्यान्न वितरण कार्य अनिवार्य रूप से करने का आदेश दिया गया है।

अमानत ने मैच और दर्शकों का दिल जीता, सेमीफाइनल 17 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बीएयू क्रिकेट ग्राउंड में मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 में बुधवार को दिन का पहला मुकाबला खरकई और शंख के बीच खेला गया।

इस मुकाबले को शंख ने जीता है। दूसरा मुकाबला अमानत और स्वर्णरेखा के बीच खेला गया, इस मुकाबले को अमानत की टीम ने मैच और दर्शकों का दिल दोनों जीता ।

इसी के साथ सेमीफाइनल मुकाबले में खेलने वाली टीम का भी चयन हो गया। 17 फरवरी को खरकई बनाम अमानत और सकरी बनाम स्वर्णरेखा के बीच सेमीफाइनल का मुकाबला खेला जाएगा।

आयोजन के 10वें दिन टॉस जीतकर खरकई ने बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया और 145 रनों का लक्ष्य टीम शंख को दिया।

जवाबी पारी खेलने उतरी शंख की टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य को 12.1 ओवर में ही जीत लिया, 4 विकेट खोकर टीम ने 6 विकेट से मैच को जीता है।

प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अमित कुमार सिंह को दिया गया। अमानत और स्वर्णरेखा के बीच खेला गया, अमानत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 129 रन का स्कोर खड़ा किया और स्वर्णरेखा को 130 रनों का लक्ष्य दिया।

जवाबी पारी खेलने उतरी टीम स्वर्णरेखा 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 115 रन बना पाई।

टीम इस मैच को 14 रन से हार गई। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब राजेश कुमार सिंह को दिया गया।

राजधानी रांची के सभी बाजार हुए बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कृषि विपणन विधेयक के विरोध में बुधवार से अनिश्चितकाल के लिये खाद्यान्न व्यापार बंद है। इसके विरोध में फल सब्जी मंडियों, राइस फ्लोर मिलरों समेत अन्य खाद्यान्न सेवाओं का भी समर्थन मिला। अलग अलग क्षेत्र के व्यापरियों की कुल संख्या लगभग एक लाख है। जिन्हों विधेयक के विरोध में व्यापार बंद रखा। अपर बाजार में खाद्यान्न व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद व्यापारियों ने पंडरा बाजार समिति में भी विरोध प्रदर्षन किया। इस दौरान अपर बाजार, पंडरा बाजार समिति, हरमू फल सब्जी दुकानें, डेली मार्केट फल विक्रेताओं ने अपनी अपनी दुकानें बंद रखी। हरमू बाजार समिति, डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी, राइस फ्लोर मिल एसोसिएशन का समर्थन है।

हड़ताल पर गए करोबारी,अनाज की होगी किल्लत,बढ़ेगी महंगाई

रांची। कारोबारी कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक-2022 का

विरोध तेज़ हो गई है। पंडरा बाजार समिति ने विरोध दर्ज कराते हुए हड़ताल कर दिया है। इस हड़ताल का सीधा असर आपके घर के बजट पर पड़ेगा। अनाज, गेंहू सहित फल, सब्जी खुदरा और थोक कारोबार पर सीधा प्रभावित पड़ने जा रहा है। इस हड़ताल की वजह से माल का उठाव, आयात और निर्यात पूरी तरह से ठप रहेगा। राइस मिल्स, फ्लॉवर मिल्स सहित अन्य खाद्य संबंधी मैन्युफैक्चरर भी अपने प्लांट से सेल बंद कर दिया है। जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ ने बुधवार से बेमियादी बंदी की लिखित सूचना उपायुक्त और एसडीएम को दे दी है।

कवि सम्मेलन आयोजन समिति रांची के तत्वावधान में हास्य कवि सम्मेलन छह मार्च को

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में होली के अवसर पर छह मार्च को हास्य कवि सम्मेलन- 2023 का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन आयोजन समिति रांची के तत्वावधान में यह कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। इसके लिए ललित कुमार पोद्दार को कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया गया है।

कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, सचिव पवन पोद्दार, कार्यक्रम संयोजक ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बुधवार को संयुक्त रूप से कहा कि कोरोना काल के कारण विगत दो वर्षों से समिति की ओर से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन नहीं हो पाया था। इस वर्ष छह मार्च को कई सुप्रसिद्ध हास्य कवियों का जमावड़ा मारवाड़ी भवन में लगेगा।

उन्होंने कहा कि हास्य कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध हास्य कवि अरुण जैमिनी, सुरेश अलबेला, केसरदेव मारवाड़ी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, कवित्री गौरी मिश्रा सहित अन्य कई कवि भाग ले रहे हैं। सभी कवियों ने अपने हास्य रस, वीर रस की कविताओं एवं हास्य व्यंग्य के शैलियों से लोगों को खूब हंसाते हुए पूरे देश में ख्याति प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि समिति ने हास्य कवि सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी है।

मोटर ट्रंसपोटिंग कामगार यूनियन के जोनल अध्यक्ष मिथलेश पासवान को बनाया गया

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मोटर ट्रंसपोटिंग काममगार यूनियन एनके, पिपरवार,मगध आम्रपाली,राजहरा के के जोनल अध्यक्ष कॉमरेड मिथलेश पासवान को यूनियन के सर्वसम्मति से बनाया गया. एमटिकेयू के जोनल अध्यक्ष मिथलेश पासवान को बनाये जाने की घोषणा केंद्रीय सचिव जंग बहादुर राम ने की. इस दौरान यूनियन के नेताओं ने नए जोनल अध्यक्ष को फूलमाला पहनकर,मिठाई खिलाकर स्वागत किया.मौके पर बीसीकेयू (सीटू) एरिया सचिव दिनेश भर,संतोष प्रजापति,कृष्ण शर्मा,सलीम अंसारी,संतोष मुण्डा,बहादुर मुण्डा,रघुराई प्रसाद,सीता राम,रामवन्दू शर्मा,कमलेश यादव,मनोज रजक इमरोज अंसारी,सुरेश सिंह,नरेश तुरी प्रमोद गिरी,भूषण लोहरा,प्रकाश चंद बल्लू,सहित अन्य शामिल थे.

भोलवा टुगंरी में शिवरात्रि को लेकर बैठक संपन्न

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): भोलवा टुगंरी परिसर पर गणेश उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक रखा गया जिसमें शिव मंदिर पर 18 फरवरी दिन शनिवार को अखंड रामायण पाठ एवं दरिद्र नारायण भोज को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि उस दिन सभी श्रद्धालुओं को शाम 5:00 बजे से मंदिर परिसर पर ही खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में वितरण किया जाएगा। जिसमें सर्वसमिति से संचालन हेतु समिति के द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष किशोर प्रसाद कुशवाहा, सचिव लक्ष्मण महतो, कोषाध्यक्ष दिलीप मींज, उप कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद महतो, कार्यकारिणी समिति सदस्य विशाल महतो, मनोहर, लालू राम उरांव, सुजीत महतो, सुभाष चंद्र महतो, खुद राम महतो, गणेश महतो, अजीत उराव, गणेश महतो, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

भाजपा टाटीसिल्वे मंडल की बैठक

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): आज दिनांक 15 फरवरी 2023 को माननीय मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी की आवास में एक विशेष बैठक आयोजित की गई है ,जिसमें भाजपा टाटीसिल्वे मडल कार्यसमिति की बैठक करने हेतु निर्णय लिया गया ।जिसमें दिनांक 20 फरवरी 2023 को समय दोपहर 3:00 बजे दिन सोमवार को राजेंद्र महतो जी के निवास के पास उनके कांप्लेक्स में कार्यसमिति की बैठक करने का निर्णय लिया गया । इस बैठक में माननीय मडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुआ । इस बैठक में उपस्थित सदस्य महामन्त्री अमित कुमार मिश्र , एसटी मोर्चा अध्यक्ष रामचरण पहान ,राकेश सिंह ,मनोज महतो, निखिल महतो ,अजीत मिर्धा, चंचल महतो, संतोष कुमार, भैरव महतो एवं अन्य बहुत से सदस्य उपस्थित हुए।

भाजपा ने की बजट पे चर्चा

बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड के ऐदलहातु पंचायत में अमानत अली इंटर कॉलेज में बजट पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन और संचालन भाजपा, रांची जिला ग्रामीण, युवा मोर्चा के अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता भाजपा रांची ग्रामीण जिला के संगठन प्रभारी विनोद सिंह ने विस्तार से बजट के बारे में छात्रों को बताया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अमानत अली इंटर कॉलेज के प्राचार्य अल अली अराफात ने किया। विनोद सिंह ने कहा कि, इस बार का बजट छात्रों, किसानों, व्यापारियों के हित में किया गया, जनजातीय विभाग द्वारा भी इस क्षेत्र के विकास के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय खोले जायेंगे,इन्होंने कॉलेज एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को शिक्षा को आगे बढ़ने की बाते कही। कॉलेज के प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किए जिसका छात्रों पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा ।

अवैध कोयला लेकर जा रहे पिकअप वैन को सीआईएसएफ टीम ने पकड़ा, थाना को किया सुपुर्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोयला का संचालन धड़ले से जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों व सूचना के अनुसार थाना क्षेत्र से रोजाना सैकड़ो टन कोयला अवैध रूप से कोयला माफियाओं के द्वारा बेचा जाता है. इन कोयले के ठिकाने लगाने के लिए बाकायदा जगह जगह उच्च कोटि का भांग धतूरा का चढ़ावा चढ़ाया जाता है. जो कि जगह के भगवान खुश रहे,और कोल माफियाओं को तंग न करें. हालांकि थाना क्षेत्र में देर शेवर केंद्रीय

आद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा अवैध कोयले के खिलाफ कार्रवाई किया जाता है. परन्तु कुछ दिन सब कुछ ठीक होने के बाद पुनः निरंतर अवैध कार्य जारी हो जाता है. वही सीआईएसएफ के द्वारा मंगलवार रात्रि लगभग 11:30, व 12 बजे के बीच सीआईएसएफ के पेट्रोलिंग टीम ने एक पिकअप वैन को पकड़ कर खलारी थाना के हवाले कर दिया. सीआईएसएफ ने बताया कि डकरा ओबी डंप के पीछे साइड मे नया दौड़ा गांव से समय रात्रि 12 बजे के आसपास निरीक्षक एम के चौधरी की चेकिंग के दौरान एक पिकअप वैन जेएच 01 डी टी 3943 को पकड़ा गया. जिसमे लगभग 50 बोरा कोयला लदा हुआ था. सीआईएसएफ के क्यूआरटी टीम के निरीक्षक एम के चौधरी, निरीक्षक ददन सिंह, निरीक्षक शंभू प्रसाद, उपनिरीक्षक अनूप सिंह ए व बी कंपनी क्यूआरटी टीम के द्वारा किया गया.

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत निकली पैदल मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : समुदायिक पुलिसिंग योजना के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत् बुधवार को महादानी मैदान से बाजार टांड़ होते हुए देवी मंडप तक सड़क मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी भाग लिया, बच्चों संग पैदल मार्च किया और बच्चों का हौसला बढ़ाया। मार्च पास करने के तत्पश्चात सभी पुनः महादानी मैदान मे जमा हुए, जहाँ विधायक ने मंच के माध्यम से बच्चों को सम्बोधित किया। सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रति दिन सबसे ज्यादे सड़क दुर्घटना में मौत हो रही है। जिसमें ज्यादातर 18-19 साल के बच्चे शामिल हैं, ये मौतें अधिकतर हेलमेट नही पहने के कारण और नशे के हालत मे गाड़ी चलाने से हो रही है। विधायक ने सभी से अनुरोध किया है, हमेशा हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाये, गाड़ी चलाने से पूर्व नशे का सेवन न करे। साथ ही तेज गाड़ी न चलाये। सम्बोधन के पश्चात विधायक ने एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाट्न किया। फुटबॉल प्रतियोगिता जामटोली और केशा के टीम के बीच खेला गया। दोनो टीमों के खेलाड़ीयों से विधायक ने एक एक करके मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

विधायक ने किया मैरिज हॉल का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

इटकी : इस्लाहुल इराकीन कम्युनिटी हॉल प्रांगण में विधायक कोष से मैरिज हॉल का शिलान्यास बुधवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की विधिवत रूप से शिलापट से पर्दा हटा कर किया। मौके पर एक समारोह आयोजित कर जेपीएससी के सफल चार विद्यार्थियों को मोमेंटो दे कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले शबा अल सईद, मोनीश अतहर, डॉ साइमा आफरीन, मो तारिक आलम शामिल हैं। इसके अलावा जमीयतुल मोमेनीन इटकी के नवनिर्वाचित सदर तस्लीम अहमद, सेक्रेटरी रकीब अंसारी, नायब सदर अफरोज अंसारी, नायब सेक्रेटरी सज्जाद हुसैन, इस्लाहल ऐराकीन कमिटी के नवनिर्वाचित सदर, अकील अहमद, सेक्रेटरी मो मोइनुद्दीन, नायब सदर इम्बेशाद आलम, नायब सेक्रेटरी तफ़ज्जुल हुसैन को विधायक के हाथों शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।मौके पर मुख्यरूप से प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, मुखिया निर्मला भेंगरा, मौलाना मुनिरुद्दीन, मुरतेजा आलम ,राजन किस्पोट्टा, तारिक आलम, अबुमाज टीकू, अबरार इमाम, अब्दुल मन्नान, अहमद अंसारी, ताहिर अंसारी, अब्बास अंसारी, साजिद, सहित अन्य शामिल थे।

जीएम के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करूंगा : देवलाल गंझू

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : विस्थापित प्रभावित एकता मंच का 85वां दिन तक जारी रहा धरना,एनके जीएम के लगातार असफल प्रयास से नाखुश है,विस्थापित प्रभावित एकता मंच. एनके जीएम के मनचाही कार्यशैली को देखते हुये एक बैठक धरना सथल पर देवलाल गंझू की अध्यक्षता में किया गया. जिसमें देवलाल गंझू ने एनके जीएम संजय कुमार के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि केडीएस खदान के धरना पर बैठे हुए जमीन पर दरार पड़ रही है. दरारों से घर गिरने की स्थिति में है. धूल डस्ट के कारण बड़ी बड़ी बीमारियां हो रही है. धरने पर बैठे ग्रामीण को किसी प्रकार का छति पूर्ति का ख्याल नही किया जा रहा है. यदि कोई अनहोनी होती है तो जिम्मेवार सीसीएल प्रबंधक का होगा.उन्हों एनके जीएम को आरोप लगाते हुए कहा कि देवलाल गंझू

उग्रवादी है, जिसके ऊपर अनेको मुकदमा चल रहा है और मुझे उग्रवादी कहते हैं इसका सबूत दे नहीं तो एनके एरिया जीएम साहब के ऊपर मानहानि का मुकदमा करूंगा. साथ ही विस्थापित प्रभावित एकता मंच का ग्रामीण ने कहा केडीएच प्रबंधक बिचौलियों से मिलकर बरगलाने का काम कर रही है. ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हमारा रोजगार वापस नहीं मिलेगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा.

मंच पर मुख्य रूप से उपस्थित ग्रामीण पूर्व मुख्य निर्मला उरांव, खलारी पंचायत समिति किरण देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, फागू गंझू ,शिबू महली,इसराइल अंसारी, महावीर गंझू, संतोष रजक, ललन सिंह, जोगेश्वर राम,शहीद अंसारी, विनोद सिंह, नसीम अख्तर, सीमा कश्यप, जावेद अंसारी, दीपक कुमार, हमीदा खातून, तेतरी देवी, आयशा खातून, नांदो देवी, रमजान अंसारी, फसी अहमद, अनवर अंसारी, सद्दाम अंसारी, इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे.

शशिभुषण महतो का हुआ निधन

अनगड़ा : सोसो गॉव निवासी शशिभुषण महतो उम्र 85 वर्ष का निधन मंगलवार के दिन अपने निवास स्थान सोसो मे हुआ। जिसका अंतीम संस्कार आज बुधवार के दिन स्वर्ण रेखा नदी स्थित स्थानिय मुक्ति धाम मे हुई। विदित हो स्व0 महतो पिछले दिनों से बीमार चल रहे थे। मंगलवार के दिन अचानक उनकी स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ गई और उनका देहान्त हो गया। स्व0 महतो अपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। इनके निधन पर मुखिया भुवनेशवर बेदिया, प्रदीप महतो, सुरेश कुमर महतो , लालसाय बेदिया, ग्रामप्रधान राजेन्द्र शाही मुण्डा, आदि ने शोक व्यक्त किया।

407 ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

मांडर : मांडर थाना क्षेत्र के कंदरी मोड़ स्थित एनएच 75 पथ पर एक ऑटो को बचते बचाते डीजे साउंड लदा हुआ एक 407 ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में गाड़ी के नीचे फसे चालक और खलासी को स्थानीय लोगों और मांडर पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। साथ ही मांडर पुलिस ने एनएच 75 पथ से ट्रक को हटा दिया है।

आप झारखंडी खतियानी योद्धा है : अमित महतो

मुरी : हाकेदाग पंचायत के शिव मंदिर से खतियानी दौड़ का पांचवा दिन में पूर्व विधायक अमित महतो ने संबोधित करते हुए कहा जो बच्चे बच्चियां युवक इस दौड़ में भाग लिया है वह सभी खतियानी योद्धा है। मैं अपने खतियानी भाई बहनों के लिए खतियान के आधार पर पहचान और रोजगार दिलाने का कृत संकल्प हूं।आज का यह दौड़ हाकेदाग पंचायत के हरिडीह,गेड़ेवीर, रामपुर के टेटेबंदा, पिपरदाग होते हुए 21 किलोमीटर पूरा किया गया। आज के इस दौड़ में काफी संख्या में धावक मौजूद थे। आगे पिस्का पंचायत में तैयारी की जा रही है।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –34 / 2022–23

1) विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.02.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.02.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.02.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :–1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :–

क्र0	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation of Toilet cum bathroom, improvement of W/S S/I & sewe rage work at MLA Flat Room No 172, 173 & 174 and others Jharkhand vidhan sabha Pool quarters in HEC campus Dhurwa Ranchi	6.59158	13200.00	1250.00	15 Days
2.	Replacement of damaged CP fittings, HDPE water storage tank improvement of W/sand sanitary fittings & sewerage work at quarter no E52 of sector 01 & AN 223 of sector III and other Jharkhand vidhan sabha pool quarters HEC campus Dhurwa Ranchi	1.69816	3400.00	500.00	10 days
3.	Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replac ement of sanitary fittings and sewerage work at Qtr. No C -3 16 set Bhawanipur Doranda and other Government Building pool under D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi.	4.69947	9400.00	750.00	15 Days
4.	Construction of 10Nos. Male Toilets With Septic Tank & Soak Pit and water supply arrangement at Premises Area C.I.A.T. Padma, Government of Jharkhand Ranchi	19.54115	39100.00	5000.00	20 Days
5.	Construction of 5 Nos Male Bath Room with water supply arrangement & Construction of RCC Staging with Roof (3.00m x 2.00m x 4.50m) at Premises Area, CIAT, Padma Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.(Part-A)	16.35462	32800.00	5000.00	20 Days
6.	Improvement of W/S, S/I & sewerage works and replacement of damaged C.P. fittings at Jharkhand Vidhan Sabha Guest House and others H.E.C. campus	11.44758	22900.00	2500.00	15 Days
7.	Construction of 5 Nos Male Bath Room with water supply arrangement & Construction of RCC Staging with Roof (3.00m x 2.00m x 4.50m) at Premises Area, C.I.A.T. Padma Government of Jharkhand Ranchi.(Part -B)	16.35462	32800.00	5000.00	20 Days
8.	Renovation & Re -Construction of Sewerage and drainage line at Back side of Canteen From Mess to Culvert Jangle Warfare School, Netarhat, Government of Jharkhand Ranchi .	23.92169	47900.00	5000.00	20 Days
9.	Provision of water supply by construction of 2Nos. HYDT and 2Nos Hauda with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Premises area CIAT Padma Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	24.10828	48300.00	5000.00	20 Days
10.	Supplying & Installation of 2000 LPH Reverse Osmosis System Water Storage Tank for drinking water supply & Its allied works at Premises Area Jangal Warfare School, Netarhar G overnment of Jharkhand Ranchi Under D.W.&S. Division Ranchi East, Ranchi. Part-B	24.27048	48600.00	5000.00	15 Days
11.	Supplying & Installation of 2000 LPH Reverse Osmosis System Water Storage Tank for drinking water supply & Its allied works at Premises Area Jangal Warfare School, Netarhar Government of Jharkhand Ranchi Under D.W.&S. Division Ranchi East, Ranchi. Part-C	24.27048	48600.00	5000.00	15 Days
12.	Provision of water supply by construction of 1No. HYDT with Installation of 2.00 H. P. Submersible Pump Motor & Its allied works at Premises area Swan Dasta Mukheyaly hotwar Ranchi Government of Jharkhand Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	15.32479	30700.00	5000.00	20 Days
13.	Supplying & Installation of 2000 LPH Reverse Osmosis System Water Storage Tank for drinking water supply & Its allied works at Premises Area Jangal Warfare School, Netarhar Government of Jharkhand Ranchi Under D.W.&S. Division Ranchi East, Ranchi. Part-A	24.27048	48600.00	5000.00	15 Days
14.	Construction of 5N0s Bath Room with water supply arrangement & Construction of RCC Staging with Roof (3.00mx2.00mx4.50m) Near 4rth Grade Femaly Awas no-3, at Jungle walfare School Netarhat Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	17.68891	35400.00	5000.00	20 Days
15.	Seepage repair & renovation of toilet and bath room, improvement of W/S, Sanitary fittings, Sewerage Work at Quarter No. B-2307, B-314 of Sector-II and A-123 of Sector-III and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters, HEC Campus , Dhurwa, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	7.28225	14600.00	1250.00	15 Days

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR.NO.290398 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची ।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा

''भर्त्ती कैम्प, दिनांक : 16.02.2023 एवं 17.02.2023''

–: सूचना :–

एतद् द्वारा सभी बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि ''झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022'' के अनुपालन के क्रम में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 % स्थानीय नियोजन निति के तहत स्थानीय बेरोजगार उम्मीदवारों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा के द्वारा दिनांक : **16.02.2023 एवं 17.02.2023** को **जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय परिसर में** पूर्वाह्न **10:00** बजे से अपराह्न **04:00** बजे तक दो दिवसीय **''भर्त्ती कैम्प''** का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

S. N	Bharti Camp Date	Name of the Establishment & Address	Name of the Post	No of Post	Qualification Essential	Age	Pay & Allow.	Experience
01	16-02-2023	Liimr Enterprises Pvt Ltd, Ahmedabad Hiring for the Company :- 1. Laxmi Metal Press Pvt ltd	Mig Welder/Press Operator/Helper	200	12th ITI	18to 40 Yrs.	Rs.13200 for 8 hrs.	---
		2. Nirmal Wire Pvt Ltd	Mig Welder/ Helper/Packger	100	12th ITI	18to 40 Yrs.	Rs.10400 for 12 hrs.	-----
		3. Skipper Limited	Mig Welder/ Helper/Operator	300	12th ITI	18to 40 Yrs.	Rs.10400 for 12 hrs.	------
		4. Magiba International INC	CNC/Blaster/Mig	20	12th ITI	18to 40 Yrs.	Rs.10400 for 12 hrs.	-----
02		Quess Crop Ltd Near-Badarpur Border, New Delhi Hiring For the Company:- 1. Padget Elextronics ltd (Noida)	Apprenticeship Trainee	500	10th 12th ITI&Diploma	18to30 Yrs.	Rs. 16000	---
		2. Polymeiacre ltd (Faridabad)	Apprenticeship Trainee	100	10th 12th	18to30Yrs.	Rs.16394	---
		3. Vikas Group ltd (Faridabad)	Apprenticeship Trainee	100	10th 12th	18to25Yrs.	Rs. 18480	---
		4. Lava International ltd	Apprenticeship Trainee	100	10th 12th	18to25 Yrs.	Rs. 10243	---
		5. Rane NSK Steering ltd(Bawal)	Apprenticeship Trainee	50	ITI Mechanical Trade	18to22Yrs.	Rs. 12000	---
03		Mahendra Skill Training&Development Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma	Trainer with TOT	02	B. Tech/Diploma in Elec. 1 Year Exp. In Diploma	22to35 Yrs	Rs.15000-20000	TOT Certified
			Trainer without TOT	02			Rs.10000-15000	without TOT
			IT Trainer	02	Graduation + BCA		Rs.10000-15000	1 Year
			Counselor	01	Graduation + Computer Knowledge		Rs.8000-10000	Female
			Mobilizer	05	Graduation		Rs.8000-10000	Driving, 1 yrs in field work.
			Soft Skill	02	Graduation		Rs.10000-16000	Good communication in English&Hindi1 yrs
04		Arohan Financial Services Ltd, Ranchi, Jharkhand	CSR	50	10+2 and Graduation	21to28 Yrs	Rs. 19377 CTC	-----
05		Holy Family Hospital, Koderma	Lab. Technician	04	DMLT	18to25 yrs	Rs. 9000	Female Unmarried
06	17-02-2023	Pratik Steel Casting Pvt. Ltd, Jharnakund Road, J.Telaiya, Koderma	Wireman	03	Matric Pass	20 Yrs+	Minimum wages of as Per Rule of Jharkhand Govt.	Exp. In Manufacturing unit
			Labour	09	Matric Pass	20 Yrs+	Minimum wages of as Per Rule of Jharkhand Govt.	Exp. In Manufacturing unit
07		Manjula Sharma Memorial Academy, Dhab Road Domchanch, Koderma	Teaching	02	BA&MA/B.Ed	35 Yrs	As Per norms	----
08		Schoolnet India Ltd, Ranchi, Jharkhand	ICT Instructor	11	MCA/BCA/B.Sc.IT/B.E/B.Tech/M.Tech, Graduate and PGDCA(Only university PGDCA Certificate)	21to 40 Yrs	Rs. 10000	Candidate having Experience in teaching/(software/hardware) will get preference
09		Excel Data Srvices, Koderma	Moblizer/ Promoters	2 in each block	10th and above, Bike (if available)	18to40 Yrs	Rs. 8Kto15K/ Freelancer+incentive+ Petrol	-----

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त ''भर्त्ती कैम्प'' में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। **झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 % स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।** वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में भर्त्ती कैम्प में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह0/
जिला नियोजन पदाधिकारी,कोडरमा

PR 290383 Labour Employment and Traning(22-23).D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, गुरुवार, 16 फरवरी 2023 | पेज 5

डीलर्स एसोसिएशन ने शर्मा के परिजनों को किया सहयोग

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन, पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी के द्धारा हरहरगुटू घाघीडीह पंचायत जाकर स्व. बजरंग लाल शर्मा के आश्रित उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी एवं पुत्र के नाम संघ के माध्यम से 21000 हजार रुपये का चेक देकर सहयोग प्रदान किया गया। बजंरग लाल शर्मा का निधन 2 फरवरी को हो गया था। मौके पर अध्यक्ष मोहन साव पारस, महासचिव प्रमोद गुप्ता, वरीय जिला उपाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, वरीय जिला सचिव सत्यनारायण रजक, उपाध्यक्ष मुरलीधर वर्णवाल, महासचिव राजकुमार ठाकुर, कोर कमीटी सदस्य पवन अग्रवाल, श्यामा कांत मिश्रा, अविनाश कुमार, मो.तनवीर, मो.शदाब, शरद साव उपस्थित थे।

कांग्रेसियों ने क्षेत्र की समस्या को लेकर सांसद गीता कोड़ा से की मुलाकात

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कांग्रेस पार्टी के खरसावां प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार के नेतृत्व में बुधवार को चाईबासा सांसद सह झारखंड प्रदेश कमेटी के कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती गीता कोड़ा से मुलाकात कर पार्टी की मजबूती व क्षेत्र की जनसमस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर अवगत कराया। वहीं सांसद श्रीमती गीता कोड़ा क्षेत्र की जनसमस्याओं का विकास पर आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र एवं जनता की विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की असुविधा समस्या जन समस्या विकास कार्य में विशेष ध्यान देकर क्षेत्र की विकास किया जाएगा शिष्टाचार मुलाकात में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुंभकार शंकर लोवादा आशीष बनर्जी कन्हैयालाल सामाड? मधुसूदन प्रमाणिक सूरज सामाड आदि शामिल थे।

सड़क सुरक्षा को लेकर कुचाई थाना प्रभारी ने लोगों को किया जागरूक

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता ने बुधवार को चौक परिसर में सड़क सुरक्षा एवं मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर लोगों को जागरुक किया। श्री भोक्ता ने वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को सावधानी हटी दुर्घटना घटी सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन एवं सड़क सुरक्षा सब की व्यक्तिगत जिम्मेवारी है। ट्रैफिक रूल्स का पालन करने से 80 फ़ीसदी तक सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग कर ही सड़क पर चले।

गहमा गहमी के बीच हुआ सेविका चयन

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को सेविका चयन हेतु सीडीपीओ हिमाद्रि के उपस्थिति में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में सेविका चयन में 12 महिलाओं ने आवेदन दिया। सेविका चयन में गहमागहमी के बीच रंजीता महतो को चयन समिति द्वारा चयनित कर चयनित पत्र सौंपा गया। वहीं अन्य आवेदिका प्रियंका महतो को चयन करने के लिए आम सभा में ग्रामीणों ने जोरदार मांग किया। इस दौरान सीडीपीओ हिमाद्रि ने बताया ग्रामीणों द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया है, जिसमें प्रियंका महतो के पति बीगत 3 वर्ष से लकवा रोग से पीड़ित हैं, जिससे प्रियंका महतो को चयन करने का मांग किया गया है। उन्होंने कहा चयनित आवेदिका व ग्रामीणों का मांग पत्र को भी अनुशंसा कर जिला भेजा जाएगा । मौके पर मुखिया संगीता देवी, पंसस, महिला पर्यवेक्षिका जया पांडे, वार्ड सदस्य, मुखिया प्रतिनिधि राम सिंह मुण्डा, पंसस प्रतिनिधि व्यासदेव महतो आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत सरायकेला से 25 दर्शनार्थी अजमेर के लिए रवाना

- एडीसी प्रवीण कुमार गागराई, एसडीओ राम कृष्णा कुमार व डीपीओ फैजान सरवर ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 25 तीर्थ यात्रियों को अजमेर शरीफ ले जा रही तीर्थ यात्री बस को उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला राम कृष्णा कुमार एवं जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने कहा कि सरकार की यह योजना उन गरीबों की धार्मिक भावनाओं को तृप्त करने के लिए है, जो अर्थाभाव के कारण देश के पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन से वंचित हैं। उन्होंने सर्वधर्म समभाव के तहत सभी धर्मों के अनुयायियों के लिए राज्य सरकार के इस योजना की सराहना की। अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला राम कृष्ण कुमार ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह का जियारत करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने यात्रियों से विश्व शांति के लिए ख्वाजा के दरबार में प्रार्थना करने की अपील की। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के 25 दर्शनार्थी आज सरायकेला समाहरणालय से रांची के लिए रवाना हुए। यह टीम रांची से आगरा के लिए एक विशेष ट्रेन से रवाना होगी। अजमेर, आगरा और फतेहपुर सीकरी का दौरा कर 21 फरवरी को सरायकेला लौटेगी। इस अवसर पर डीएसए सचिव मोहम्मद दिलदार, जिला खेल विभाग से रविंद्र प्रधान, रविंद्र पड़िहाड़ी, कुशो मिंज, भूटान स्वांशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

पूर्वी सिंहभूम जिले से 32 मुस्लिम धर्मावलंबी हुए रवाना

जमशेदपुर : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला के 32 मुस्लिम धर्मावलम्बियों को आज प्रात-7:30 बजे जमशेदपुर समाहरणालय से हटिया स्टेशन, रांची के लिए रवाना किया गया । विशेष ट्रेन द्वारा हटिया स्टेशन, रांची से विभिन्न निर्धारित तीर्थ स्थलों यथा- आगरा, अजमेर शरीफ एवं फतेहपुर सिकरी ले जाया जाएगा। तीर्थ यात्रियों के देखभाल एवं निगरानी हेतु जिला स्तर से नोडल पदाधिकारी के रूप में अफरोज आलम, कनीय अभियंता, एनआरईपी, जमशेदपुर एवं सहयोगी सदस्य नईयर शादमानी (उर्दू टंकक), अनुमण्डल कार्यालय, धालभूम भी गए हैं, जो संपूर्ण यात्रा अवधि में आईआरसीटीसी एवं पर्यटन विभाग से प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उन्हें गंतव्य तक ले जाने एवं तीर्थ यात्रा के पश्चात जिला मुख्यालय तक वापसी तक संपूर्ण यात्रा के दौरान देखभाल एवं निगरानी सुनिश्चित करेंगे। 15 फरवरी से 21 फरवरी 2023 तक यात्रा निर्धारित है।

कांड्रा के प्लास्टिक फैक्टरी में देर रात लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कांड्रा : कांड्रा थाना क्षेत्र के कांड्रा सरायकेला मुख्य मार्ग पर शेन इंटरनेशनल स्कूल से थोड़ा आगे गोपीनाथपुर गांव के समीप विश्वनाथ इंटरप्राइजेज प्लास्टिक फैक्टरी में मंगलवार की देर रात आग लग गई। आग बुझाने का काम सुबह छह बजे तक जारी था. मौके पर अग्निशमन विभाग की 2 दमकल वाहन आग बुझाने में लगी है. स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात करीब 1 बजे फैक्टरी में आग देखा गया जो देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई. इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते आग की काफी लपटें तेज हो गई. तब तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई. ग्रामीणों ने कांड्रा थाना को सूचना दी जिसके बाद कांड्रा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी. आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है. इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है. आग बुझाने में आदित्यपुर फायर ब्रिगेड और आधुनिक पावर प्लांट के फायर ब्रिगेड के साथ कांड्रा थाना के एएसआई बबलू मांझी, आरक्षी अंगद पांडे भी आग पे काबू पाने में भूमिका निभाई. प्लास्टिक फैक्ट्री के मालिक रमेश कुमार ने बताया कि लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई है।

दोमुहानी के समीप कचरे के ढेर पर बनायेगें खूबसूरत पार्क : बन्ना गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सोनारी दोमुहानी के समीप जहां अभी कचरे का ढेर है और आग लगने के बाद इलाके में प्रदूषण फैलता है, वहां खूबसूरत पार्क बनाया जाएगा। साथ ही एक लेक भी यहां तैयार होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने रांची में नगर विकास विभाग के सचिव से बात की है। जल्द ही यहां पार्क का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि डंपिंग याद में करीब 25 हजार टन शहर का कचड़ा को डंप किया गया है। वहां से आज मिथेन गैस का रिसाव हो रहा है। जो एक बदबूदार जहरीली गैस है। इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इससे निजात पाने के लिए हम अपने स्तर और शहर के समाजसेवियों की मदद से एक सुंदर पार्क बनायेगे। उनके टीम के लोगों ने कचरा स्थल को साफ सुथरा बनाने की कवायद शुरू कर दी है। जल्दी ही यहां एक पार्क नजर आएगा।

एग्रिको से हथियार के साथ पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : एग्रिको क्रॉस रोड नंबर 4 स्थित क्वार्टर नंबर एल 4/31 में सिदगोड़ा पुलिस ने छापेमारी कर तीन लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में जेम्को का रहने वाला राकेश कुमार पोद्दार, नामदा बस्ती निवासी विनोद कुमार कामत और राहुल सिंह शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, दो बाइक, चार मोबाइल और 40 हजार नकद बरामद किया है। जानकारी देते हुए प्रभारी थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार ने बताया कि मंगलवार रात थाना के जवान गश्त कर रही थी, तभी उनकी नजर क्वार्टर पर पड़ी। क्वार्टर पर बाहर ताला लगा था जबकि अंदर लाइट जल रही थी। पुलिस ने जब दरवाजा खुलवाया तो अंदर राकेश और विनोद मौजूद थे। पुलिस पूछताछ करने पर दोनों ने असंतोषजनक जवाब दिया। तभी राहुल भी वहां पहुंच गया। क्वार्टर की तलाशी लेने के बाद उसमें से देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि अंशु चौहान ने हथियार और 50 हजार रुपये उन्हें रखने को दिए थे। उक्त क्वार्टर पर अंशु चौहान ने कब्जा किया हुआ है। सभी वहां एक साल से रह रहे है। पकड़ाए सभी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

गिद्दी बेड़ा टोल प्लाजा के समीप कंबल में लपेटा मिला कंकाल

कांड्रा : चौका कांड्रा मार्ग पर कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित गिद्दी बेड़ा टोल प्लाजा के पास बुधवार सुबह कंबल में लपेटा एक कंकाल मिला है. सड़क निर्माता कंपनी जेएआरडीसीएल के सफाई कर्मियों ने सुबह कंकाल को देखा. जिसके बाद इसकी सूचना कांड्रा पुलिस को दी गई. इधर कंकाल को देखने के लिए राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी पहुंचे और तरह-तरह की चर्चा होने लगी. बता दें कि अभी कुछ ही दिन पूर्व टोल प्लाजा से लगभग आधे किलोमीटर की दूरी पर लखना सिंह घाटी के पास जंगल में एक अधेड़ महिला की पेड़ से लटकती लाश मिली थी. इस बीच बुधवार को कंबल में लपेटे कंकाल की बरामदगी के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है.

बिरसानगर पीएम आवास का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 अन्तर्गत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना जी+8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है, जिसमे अबतक कुल 7372 आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है जिसका निरीक्षण आवास योजना के नोडल पधाधिकारी राहुल कुमार एवं टाउन प्लानर दीपक माझी द्वारा किया गया जिसमे मुख्य रूप से संवेदकों को कार्य मे तेजी लाने, एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया ताकि योजना ससमय पूर्ण किया जा सके साथ ही कार्य मे लगे सभी लोगों को सुरक्षा मानकों को ध्यान मे रखकर निर्माण कार्य कराने से संबंधित निर्देश दिया गया, निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से जुडको के पधाधिकारी एवं संवेदकगण उपस्थित थे ।

करीम सिटी कॉलेज के 22 स्टूडेंट वेदांता में लॉक, मिला 3.25 लाख का पैकेज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज में प्लेसमेंट सेल के तहत प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन पिछले 30 जनवरी 2023 को हुआ जिसमें वेदांता लिमिटेड की तरफ से आए हुए पांच सदस्सीय दल ने करीम सिटी कॉलेज के छात्र छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया था। जिसमे से 22 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में 19 छात्र-छात्राएं विज्ञान विशेषता रसायन विज्ञान के तथा तीन छात्र स्नातक वाणिज्य सत्र (2019-2022) के हैं। इन सभी विद्यार्थियों का चयन कंपनी ने वार्षिक 3.25 लाख के पैकेज पर झारखंड में ग्रैजुएट ट्रेनी के तौर पर किया है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट सेल करीम सिटी कॉलेज की अध्यक्षा डॉ जी विजयलक्ष्मी, सचिव डॉ अनवर शहाब तथा रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ खुर्शीद अनवर ने भी छात्र छात्राओं को बधाई दी और अपनी ओर से प्रसन्नता व्यक्त की।

भाजपा ने की मंडी टैक्स वापस लेने की मांग

- विधेयक से इंस्पेक्टर राज व कमीशनखोरी को मिलेगा बढ़ावा : गुंजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : हेमंत सरकार द्वारा पारित झारखंड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन 2022 विधेयक (मंडी टैक्स) के खिलाफ राज्यभर के व्यवसासियों ने सभी मंडियों को बुधवार से अनिश्चिकालीन के लिए बंद कर दिया है। जिससे जमशेदपुर सहित राज्य के 28 कृषि बाजार मंडियों की थोक दुकानों सहित सभी थोक दुकानें बंद रही। भाजपा ने राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन 2022 विधेयक को जनविरोधी, कृषक विरोधी और व्यापार विरोधी करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस विधेयक से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। कृषि प्रधान हमारे पड़ोसी राज्य बिहार एवं यूपी जैसे राज्यों में भी कृषि मंडी शुल्क का कानून खत्म किया गया है। इस विधेयक से राज्य में कृषि उपज के उत्पादन, इसके विपणन, संबंधित प्रसंस्करण उद्योग और व्यापार में भारी कमी आएगी। इससे किसानों की उपज की स्थानीय स्तर पर मांग घटेगी और उन्हें अपने उत्पाद की कम कीमत प्राप्त होगी। इससे सरकार को कृषि शुल्क और जीएसटी से प्राप्त होनेवाले राजस्व में भी कमी होगी। कहा कि राज्य सरकार मंडी टैक्स विधेयक को अविलंब वापस ले जिससे कि व्यापारियों और आमजनों के हितों की रक्षा हो सके।

मानगो में पानी सप्लाई के समय बिजली कटने से परेशान अंसार ने विभाग को दिया ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में आज मानगो बस्ती वासियों ने विद्युत मंडल मानगो में जाकर विद्युत कार्यपालक अभियंता विशाल कुमार को ज्ञापन सौंपा। अंसार खान ने विशाल कुमार को बताया मानगो क्षेत्र में सुबह में जब पानी की आपूर्ति किया जाता है ठीक उसी समय बिजली आपूर्ति को काट दिया जाता है। विशाल कुमार ने पानी सप्लाई विभाग के ऑफिसर से मानगो क्षेत्र में पानी सप्लाई का टाइम टेबल मांगा। उन्होंने आश्वासन दिया की पूरी कोशिश की जाएगी सप्लाई के समय बिजली नहीं काटी जाएगी। वही पूर्व में दिए ज्ञापन के बारे में विशाल कुमार ने बताया जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14 का ट्रांसफार्मर पास हो गया है। जो 3 से 4 दिन में मिल लगा दिया जायेगा, रोड नंबर 10 का ट्रांसफार्मर मार्च के लास्ट महीने में लगेगा, बिजली पोल, अर्थिंग तार चेंज आदि की कॉपी जूनियर इंजीनियर को दे दी गई है। आज ज्ञापन सौंपने में तबरेज, अनीस, तौकीर, आदिल, नूर आलम, शमसी, कैफ, अली इमाम, अलाउद्दीन आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस पर टाटा स्टील में संगोष्ठी आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील ने 13 फरवरी को सेंटर फॉर एक्सीलेंस में राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित की गई थी, जिसमें उत्पादकता के राष्ट्रीय थीम - हरित विकास और सस्टेनेबिलिटी पर सेमिनार और पैनल चर्चा शामिल थी। सेमिनार का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, जमशेदपुर चैप्टर के सहयोग से किया गया था। रामा शंकर सिंह, चीफ प्रोडक्टिविटी सर्विसेज, टाटा स्टील ने राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह पर संक्षिप्त चर्चा के साथ सभा को सम्बोधित किया। विभिन्न औद्योगिक और व्यावसायिक निकायों के वक्ताओं ने थीम पर अपने विचार साझा किए। इनमें डॉ. ए के बेहरा, चेयरमैन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, नेशनल काउंसिल, सोमेश बिस्वास, चीफ कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील, डॉ. टाटा एल रघु राम, एक्सएलआरआई में एसोसिएट प्रोफेसर, मनोज के. तिवारी, निदेशक, एनआईटीआईई (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग), पल्लवी ऐनी, डायरेक्टर, बिजनेस एक्सीलेंस क्यूएचएससी (क्वालिटी हेल्थ सस्टेनेबिलिटी एंड एनवायरनमेंट), दुबई शामिल थे। संगोष्ठी के दूसरे भाग में हरित विकास और सस्टेनेबिलिटी पर पैनल चर्चा हुई। अत्रेई सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील और संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन क्रमशः मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पैनल के सदस्यों में रंजन कुमार, चीफ कोक प्लांट्स, ज्ञान प्रकाश, चीफ ऑटोमेशन, टाटा स्टील, शाहनवाज आलम, वाइस प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन और श्याम सुंदर सिंह, जनरल सेक्रेटरी, टाटा मोटर्स यूनियन शामिल थे।

संपादकीय

‘ओम-अल्लाह’ का धर्मयुद्ध

ओम और अल्लाह एक ही हैं। मनु और आदम भी एक ही हैं। मनु की संतानें ‘मनुष्य’ कही गईं और आदम की औलाद को ‘आदमी’ कहा गया। अल्लाह ने आदम को भारत की ज़मीं पर भेजा, लिहाजा भारत मुसलमानों का पहला वतन है और इस्लाम सबसे पुराना मज़हब है। जिसे हम ‘अल्लाह’ मानते हैं, वह ही हिंदुओं में ‘ईश्वर’ है, फारसी में उसे ही ‘ख़ुदा’ कहते हैं और ईसाई ‘गॉड’ मानते हैं। जब मनु धरती पर आए, तब ब्रह्मा नहीं थे, विष्णु और शिव भी नहीं थे, श्रीराम भी नहीं थे, तो मनु किसकी पूजा करते थे? किसी धर्मगुरु ने बताया कि मनु ‘ओम’ को पूजते थे। फिर सवाल उठा कि ‘ओम’ क्या था? किसी धर्मगुरु ने व्याख्या की कि ‘ओम’ का कोई रंग-रूप नहीं था। वह एक ‘हवा’ थी। जिसे आप ‘हवा’ मानते हैं, वही हमारे लिए ‘अल्लाह’ है। तमाम मुसलमानों को ‘हिंदू’ ही मानने वालों का विचार ‘जाहिल’ है। बहरहाल 21वीं सदी में धर्म और भगवान या अल्लाह की ऐसी स्थापनाएं हास्यास्पद लगती हैं। कोई विधर्मी, धूर्त और अज्ञानी व्यक्ति ही ऐसी व्याख्याएं कर सकता है या किसी के विचार को ‘जाहिल’ करार देते हुए गाली दे सकता है।

बेशक संविधान में धार्मिक और पूजा-पाठ पद्धति की आज़ादी का अधिकार दिया गया है, लेकिन दूसरे के धर्म और आस्थाओं को गाली देने और उसे अधम करार देने का अलिखित अधिकार भी दिया गया है। बुनियादी तौर पर भातर को मुसलमानों का वतन कहा गया है। इस्लाम और मुसलमान भातर की ही पैदाइश हैं, वे कहीं बाहर से नहीं आए, ये स्थापनाएं भी दी गई हैं। जमीतय का यह आम आयोजन ‘सर्वधर्म समभाव और सौहाद्र’ की सार्वजनिक सोच के ततह किया गया था, लेकिन वह आडंबर और मुखौटा ही थे, तनीतजन जैन मुनि, सिख धर्मगुरु और अन्य को मंच छोड़ कर जाना पड़ा। स्पष्ट कर दें कि हम न तो धर्मगुरु हैं और न ही धर्मों के विशेषज्ञ हैं, लेकिन तिजना भी अध्ययन किया है, उसके मुताबिक इन व्याख्याओं को खंतिड किया जा सतका है। मौलाना मदनी ने विश्व के सनातन धर्म को खारिज किया है, जिसके कालखंड में वेदों, पुराणों और उपनिषदों के दर्शन दुनिया के सामने आए।

मुसलमानों के सबसे पुराने और व्यापक मज़हबी और सामाजिक संगठन ‘जमीयत उलेमा-ए-हिंद’ के मंच से वयोवृद्ध मौलाना अरशद मदनी ने धर्म और परमात्मा संबंधी ऐसी व्याख्याएं कर साबित करने की कोशिश की है कि भारत ‘धर्मनिरपेक्ष देश’ नहीं है। बेशक संविधान में धार्मिक और पूजा-पाठ पद्धति की आज़ादी का अधिकार दिया गया है, लेकिन दूसरे के धर्म और आस्थाओं को गाली देने और उसे अधम करार देने का अलिखित अधिकार भी दिया गया है। बुनियादी तौर पर भारत को मुसलमानों का वतन कहा गया है। इस्लाम और मुसलमान भारत की ही पैदाइश हैं, वे कहीं बाहर से नहीं आए, ये स्थापनाएं भी दी गई हैं। जमीयत का यह आम आयोजन ‘सर्वधर्म समभाव और सौहाद्र’ की सार्वजनिक सोच के तहत किया गया था, लेकिन वह आडंबर और मुखौटा ही थे, नतीजतन जैन मुनि, सिख धर्मगुरु और अन्य को मंच छोड़ कर जाना पड़ा। स्पष्ट कर दें कि हम न तो धर्मगुरु हैं और न ही धर्मों के विशेषज्ञ हैं, लेकिन जितना भी अध्ययन किया है, उसके मुताबिक इन व्याख्याओं को खंडित किया जा सकता है। मौलाना मदनी ने विश्व के सनातन धर्म को खारिज किया है, जिसके कालखंड में वेदों, पुराणों और उपनिषदों के दर्शन दुनिया के सामने आए। मौलाना ने ब्रह्मा, विष्णु, महेश सरीखे ब्रह्मांड के ‘दैवीय त्रिदेवों’ और विष्णु-अवतार प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को ही नकारा है, लिहाजा एक बहुसंख्यक मानवीय आबादी की धार्मिक आस्थाओं को कुचला गया है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी का नाम ही नहीं लिया गया, जिनके सुपुत्र भरत के नाम पर देश का नामकरण ‘भारत’ किया गया था। उनका कालखंड ही करीब 3000 साल पुराना है। ‘त्रिदेव’ तो ब्रह्मांड के ‘आदि रचयिता’ हैं, लिहाजा उनके कालखंड की तो कल्पना की जा सकती है, व्याख्या असंभव है। अध्यात्म और आस्था तर्कों के आधार पर तय नहीं किए जा सकते। फिर इस्लाम धर्म तो 1600 वर्ष पुराना ही है, तो उसे दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म कैसे माना और कहा जा सकता है? मौलाना भी धर्म के विशेषज्ञ नहीं हैं। अलबत्ता वह किसी भी मकसद और मंसूबों के तहत मुसलमानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। मौलाना अरशद इस्लाम के कुछ जानकार हो सकते हैं, लेकिन सनातन धर्म को लेकर वह ‘शून्य’ हैं।

कुछ अलग

पर्यटन की नई बस्तियां

संकल्पों के रथ को विजयी बनाने की दृष्टि से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की दिल्ली यात्रा की सुर्खियां ईमानदार और प्रभावशाली वकालत कर रही हैं। हिमाचल को ढांचागत विकास के लिए केंद्र का हाथ चाहिए और इसलिए सरकार केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करके अपना पक्ष मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री स्पष्टता से यह जानते हैं कि अगले पांच सालों के रिपोर्ट कार्ड में केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से क्या मांगना है या पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी के राष्ट्रीय खाके में हिमाचल को कैसे उभारना है। केंद्र सरकार से हिमाचल के रिश्तों की पैरवी भले ही हर सरकार के दौर में हुई हो, लेकिन इस बार योजना प्रारूप, संकल्प, लक्ष्य तथा इच्छा शक्ति का स्तर एक अलग भूमिका में परिलक्षित हो रहा है। अब तक के फैसलों की फेहरिस्त में सरकार की इच्छा शक्ति देखें, तो तमाम राजनीतिक गारंटियों के बावजूद ऐसे संकल्प सामने आ रहे हैं, जहां मुख्यमंत्री ग्रीन राज्य की बुनियाद पर पर्यटन की नई बस्तियां ढूंढ रहे हैं।

मुख्यमंत्री स्पष्टता से यह जानते हैं कि अगले पांच सालों के रिपोर्ट कार्ड में केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से क्या मांगना है या पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी के राष्ट्रीय खाके में हिमाचल को कैसे उभारना है। केंद्र सरकार से हिमाचल के रिश्तों की पैरवी भले ही हर सरकार के दौर में हुई हो, लेकिन इस बार योजना प्रारूप, संकल्प, लक्ष्य तथा इच्छा शक्ति का स्तर एक अलग भूमिका में परिलक्षित हो रहा है। अब तक के फैसलों की फेहरिस्त में सरकार की इच्छा शक्ति देखें, तो तमाम राजनीतिक गारंटियों के बावजूद ऐसे संकल्प सामने आ रहे हैं।

फोरलेन व अन्य सडक़ परियोजनाओं के अलावा अगर एयरपोर्ट विस्तार की दिशा में सफलता मिलती है, तो पर्यटन के कई अनछुए पहलू उजागर होंगे। इस दिशा में वाइब्रेंट विलेज, धार्मिक तथा धौलाधार पर्यटन की शिनाख्त में एक बड़ा प्रयास निश्चित है। जाहिर तौर पर ‘विलेज टूरिज्म’ के रास्ते हिमाचल अपनी खासियत, प्राकृतिक संपदा, लोक संस्कृति, ग्रामीण आर्थिकी व दस्तकारी को भी नए आयाम तक पहुंचा सकता है। इसी तरह धौलाधार पर्यटन के माध्यम से संभावनाओं की तलाशी, पूरे उद्योग की स्थिति बदल सकती है। ऐसा एक प्रयास शांता कुमार के केंद्रीय मंत्री रहते हुए भी शुरू हुआ था, लेकिन उनके मंसूबे पूरे नहीं हुए। अब टेंट सिटी को लेकर धौलाधार क्षेत्र में पर्यटन के खजाने का फिर से पता खोजा जा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार पर्यटन को कांगड़ा के मार्फत विकसित होते देखा जा रहा है, तो नई परियोजनाओं के सिंहासन पर आशाएं विराजित हो रही हैं। मसलन अगर गरली-परागपुर के समीप गोल्फ कोर्स स्थापित करने में सरकार की मेहनत रंग लाती है, तो इसके आगामी कदमों में कालेश्वर धाम का विकास तथा धरोहर गांव के संरक्षण में प्रदेश की पहली फिल्म सिटी रूपांतरित हो सकती है। हालांकि कांगड़ा जिला इससे पूर्व घोषित रूप से शीतकालीन व खेल राजधानी जैसी उपमाओं से नवाजा जा चुका है, लेकिन लोग आज तक पलक पांवडे बिछा कर केवल इंतजार ही करते रहे हैं। दरअसल कांगड़ा को केवल जिला के रूप में देखने के बजाय इसकी पृष्ठभूमि से जुड़ते हमीरपुर, ऊना, चंबा तथा साथ लगते मंडी को नई संभावनाओं से देखें तो कई ट्रैवल या टूरिज्म सर्किट बन जाएंगे। हिमाचल के पर्यटन की दिशा में बढ़ते कदमों के साथ उन तमाम परंपराओं को भी निखारना होगा, जो वर्षों से हमारे साथ प्रदेश की बहुरंगी तस्वीर में रंग भर रही हैं। प्रदेश के मेलों, सांस्कृतिक व धार्मिक समारोहों को इनकी समग्रता में देखने का प्रयास ही नहीं हुआ, वरना शिवरात्रि, नलवाड़ी, मिंजर, दशहरा व रेणुका जी के वार्षिक समारोहों के अलावा ग्रामीण मेलों पर आधारित पर्यटन, अपने साथ व्यापारिक मेलों का श्रृंगार भी कर सकता है।

भारत अपनी स्वतंत्र आर्थिक, सामरिक और विदेश नीति के आधार पर अपने हितों की रक्षा करने की इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है

अर्थव्यवस्था और स्वतंत्र विदेश नीति

डा. अश्विनी महाजन

यूरोपीय समुदाय के देशों में दिसंबर माह में महंगाई की औसत दर 10 .4 प्रतिशत बनी हुई थी, जिसमें हंगरी में 25 प्रतिशत, पोलैंड में 15 .3 प्रतिशत, इटली में 12 .3 प्रतिशत, नीदरलैंड में 11 प्रतिशत, आस्ट्रिया में 10 .5 और पुर्तगाल में 9 .8 प्रतिशत थी। उसी प्रकार अमरीका में महंगाई की दर अभी भी 6 .5 प्रतिशत बनी हुई है, जबकि इससे पहले वो जून 2022 में 9 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। इसी प्रकार दुनिया के अधिकांश मुल्क भीषण महंगाई की चपेट में हैं। दुनिया में बढ़ती इस महंगाई के पीछे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। हालांकि अमरीकी अर्थव्यवस्था तेल की वैश्विक कीमतों से प्रभावित नहीं होती, तो भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे तेल के कारण अमरीका में महंगाई बढ़ी है। यूरोप में ऊर्जा (यानी तेल, पेट्रोल इत्यादि) में महंगाई 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी, इसके अलावा यूरोप में महंगाई बढने का दूसरा बड़ा कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि है। लेकिन भारत में मुद्रास्फीति जो पहले भी अमरीका और यूरोप से कम थी, दिसंबर माह में घटकर 5 .72 प्रतिशत ही रह गई है।

आज जब भारत समेत पूरी दुनिया महंगाई की मार से पीड़ित है, अमरीका और यूरोपीय देशों के मुकाबले ही नहीं बल्कि अधिकांश देशों की तुलना में भारत में महंगाई की दर काफी कम बनी हुई है। गौरतलब है कि यूरोपीय समुदाय के देशों में दिसंबर माह में महंगाई की औसत दर 10.4 प्रतिशत बनी हुई थी, जिसमें हंगरी में 25 प्रतिशत, पोलैंड में 15.3 प्रतिशत, इटली में 12.3 प्रतिशत, नीदरलैंड में 11 प्रतिशत, आस्ट्रिया में 10.5 और पुर्तगाल में 9.8 प्रतिशत थी। उसी प्रकार अमरीका में महंगाई की दर अभी भी 6.5 प्रतिशत बनी हुई है, जबकि इससे पहले वो जून 2022 में 9 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। इसी प्रकार दुनिया के अधिकांश मुल्क भीषण महंगाई की चपेट में हैं। दुनिया में बढ़ती इस महंगाई के पीछे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। हालांकि अमरीकी अर्थव्यवस्था तेल की वैश्विक कीमतों से प्रभावित नहीं होती, तो भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे तेल के कारण अमरीका में महंगाई बढ़ी है। यूरोप में ऊर्जा (यानी तेल, पेट्रोल इत्यादि) में महंगाई 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी, इसके अलावा यूरोप में महंगाई बढने का दूसरा बड़ा कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि है। लेकिन भारत में मुद्रास्फीति जो पहले भी अमरीका और यूरोप से कम थी, दिसंबर माह में घटकर 5.72 प्रतिशत ही रह गई है। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से पेट्रोल, डीजल की कीमतें बढ़ नहीं रही हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत रूस से सस्ते दामों में कच्चा तेल खरीद रहा है। भारत द्वारा रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीदना बाजार के कारण नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के कारण संभव हुआ है। आर्थिक सिद्धांतों के अनुसार महंगाई दर बढने का पहला असर ब्याज दरों पर पड़ता है। और ब्याज दरों में वृद्धि से आर्थिक संवृद्धि में बाधा आती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमरीका और यूरोपीय देशों के द्वारा विभिन्न प्रकार के आर्थिक प्रतिबंध लगाने के बाद दुनिया के अधिकांश मुल्कों द्वारा रूस से तेल और गैस की खरीदी प्रभावित हो गई। अमरीका और यूरोपीय देशों ने यह शर्त लगा दी कि रूस से तेल और गैस खरीदने पर बैंकिंग चैनल अवरुद्ध कर दिया जाएगा और वे देश भुगतान नहीं कर पाएंगे। यही नहीं नवंबर में अमरीका और यूरोपीय देशों ने रूस द्वारा बेचे गए तेल की न्यूनतम कीमत की शर्त लगा दी और कहा कि किसी भी हालत में रूस दूसरे मुल्कों को उस न्यूनतम कीमत से सस्ता नहीं बेचने दिया जाएगा। अमरीका और यूरोपीय देशों का स्विफ्ट भुगतान व्यवस्था पर एकाधिकार है और इसको वे एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, लेकिन भारत ने अमरीका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को धत्ता दिखाते हुए यह कि वो रूस से तेल खरीदना

जारी रखा। गौरतलब है कि भारत रूस से आज 33.28 डालर के डिस्कांउट पर तेल खरीद रहा है। दिलचस्प बात यह है कि अमरीका के अगुवाई वाले जी-7 राष्ट्रों द्वारा लगाई गई न्यूनतम तेल कीमत यानि 60 डालर प्रति बैरल से ज्यादा कीमत पर ही भारत रूस से तेल खरीद रहा है। यानि जी-7 की यह शर्त भारत को रूस से तेल खरीदने से नहीं रोक पाएगी। यूरोपीय देशों ने जब यह प्रतिबंध लगाया कि रूस से तेल खरीदने की सूरत में पश्चिमी देशों की जहाजों और बीमा सेवाओं का उपयोग नहीं किया जा सकेगा, तो भारत ने कहा कि हम गैर पश्चिमी पोत सेवाओं से ही रूस से तेल मंगा लेंगे। जहां तक बैंकिंग चैनलों पर प्रतिबंध का सवाल है, भारत और रूस से आपसी लेन-देन स्विफ्ट के उपयोग के बिना करने का तय किया। भारत और रूस में यह भी सहमति बन गई कि आगे चलकर भारत और रूस रुपए और रूबल में व्यापार कर सकेंगे। दिलचस्प बात यह है कि जहां तेल उत्पादक देश कच्चे तेल की कीमतों को ऊंचा रखने के लिए अपने उत्पादन में कटौती कर रहे हैं, रूस भारत सरीखे एशियाई देशों, जो अमरीका और यूरोप के प्रभाव में नहीं हैं, को तेल बेच रहा है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि वो अपने राष्ट्रीय हितों को अहमियत देता है और इस कारण से वो रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखेगा। गौरतलब है कि भारत अप्रैल माह में युद्ध से पूर्व तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत पर 35 डालर प्रति बैरल के हिसाब से डिस्काउंट पर कच्चा तेल खरीद रहा था। रूस द्वारा भारत को यह आकर्षण इसलिए दिया गया था क्योंकि उसे मालूम था कि केवल भारत ही रूस से तेल खरीद सकता है, क्योंकि वह एक स्वतंत्र विदेश नीति में विश्वास रखता है। हालांकि कई यूरोपीय देशों ने दोहरे मापदंड अपनाते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा। उधर भारत और कुछ अन्य देशों को तेल बेचते हुए रूस का तेल का बाजार बना रहा। इसका असर यह हुआ कि जहां दुनिया के दूसरे मुल्क 100 डालर से भी महंगा तेल खरीद रहे थे, भारत 33 से 35 डालर के डिस्काउंट पर रूस से तेल खरीद रहा था। ध्यान देने वाली बात यह है कि 2021-22 में भारत का कुल तेल के आयात का बिल 119 अरब डालर था और युद्ध और अन्य कारणों से तेल की बढ़ती कीमतों के चलते इस साल यह बिल कहीं ज्यादा हो सकता था। लेकिन भारत द्वारा अमरीका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए न केवल रूस से तेल खरीदना जारी रखा, बल्कि उसमें खासी वृद्धि भी की। भारत अपने कुल तेल जरूरतों का मात्र 0.2 प्रतिशत ही रूस से खरीदता था, नवंबर 2022 तक आते-आते यह खरीद 909403 बैरल पहुंच गई जो भारत की कुल तेल खरीद का 20 प्रतिशत से ज्यादा था। भारत से रूस का तेल का आयात लगातार बढ़ता ही जा रहा है। दिसंबर 7 को विदेश मंत्री जयशंकर ने राज्यसभा में स्पष्ट रूप से यह कहा कि भारत वहां से तेल खरीदेगा जहां से उसे सस्ता मिलेगा। विदेश मंत्री ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि हम अपनी कंपनियों को रूस से तेल खरीदने के लिए बाध्य नहीं करते, लेकिन कंपनियां वहीं से खरीदेंगी जहां से उनको सबसे सस्ता मिलेगा। उधर यूरोपीय देश भारत की यह कहकर आलोचना करते हैं कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध में गलत का साथ दे रहा है, क्योंकि रूस ने यूक्रेन पर युद्ध किया हुआ है और यूरोपीय प्रतिबंध उसे सबक सिखाने के लिए हैं। भारत का कहना है कि एक तरफ तो भारत कहीं से भी तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है क्योंकि उसे अपने हितों की सुरक्षा करनी है। यूरोपीय देशों को आईना दिखाते हुए भारत का कहना है कि वे स्वयं तो रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहे हैं और भारत को रूस से तेल न खरीदने की शिक्षा दे रहे हैं। भारत के मंत्री हरदीप पुरी ने यूरोपीय देशों पर तंज कसते हुए कहा कि भारत पूरे महीने में इतना तेल रूस से नहीं खरीदता जितना वे (यूरोपीय देश) एक शाम को खरीद लेते हैं, यानि भारत को यूरोपीय देश नैतिक ज्ञान नहीं दे सकते। इससे पहले जब अमरीका ने ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे तो यह समझते हुए भी कि भारत को ईरान से तेल खरीदने पर फायदा हो सकता है, अमरीका के दबाव में मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली यूपीए सरकार की ईरान से तेल खरीदने की ढुलमुल नीति रही और लम्बे समय तक भुगतान न करने के करण भी ईरान से तेल आयात बाधित रहा। अब नरेंद्र मोदी सरकार ने ईरान से तेल खरीद में इजाफा करने की ओर कदम बढ़ाया है। आज जब बड़े विकसित देश अपनी सामरिक और आर्थिक शक्ति के बलबूते दूसरे मुल्कों पर शर्तें और प्रतिबंध लगाने की कोशिश में लगे हैं, भारत अपनी स्वतंत्र आर्थिक, सामरिक और विदेश नीति के आधार पर अपने हितों की रक्षा करने की इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है। यही स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता हमारे विकास और समृद्धि का आधार बन सकती है।

प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी

दुनिया को पानी का महत्त्व समझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 से 20 मार्च के दिन को ‘विश्व जल दिवस’ के रूप में मनाने की शुरुआत की है। मगर सनातन संस्कृति के पौराणिक ग्रंथों में जल व जलाशयों की महिमा का विशेष उल्लेख हुआ है। धार्मिक मान्यताओं में जलस्रोतों को देवतुल्य तथा जल संरक्षण को सर्वोपरि पुण्य कार्य माना गया है। मकर पर विराजमान ‘वरुण देव’ की जल देवता के रूप में पूजा की जाती है। सन 2010 में जल दिवस के मौके पर यूएनओ के तत्कालीन सरवराह ‘बान की मून’ ने कई राष्ट्रों को संबोधित करते हुए कहा था कि जल ही जीवन है। मगर भारतीय सभ्यता में ‘जल ही जीवन है’ का सिद्धांत अनादिकाल से ही प्रतिपादित है। पैदल यात्रा करने वाले राहगीरों के लिए पेयजल की नि:शुल्क व्यवस्था ‘प्याऊ संस्कृति’ प्राचीन काल से हमारे पूर्वजों का पुण्य सरोकार विश्व के लिए अनूठा उदाहरण है। महर्षि ‘याज्ञवल्क्य’ ने ‘शतपथ ब्राह्मण’ ग्रंथ में ‘आपो वै प्राण:’ प्रसंग के माध्यम से जल को प्राण की संज्ञा दी है। हमारे ऋषियों ने पंच तत्त्वों में जल को सबसे विशिष्ट महत्व देकर अमृत से तुलना की है।

देवभूमि हिमाचल प्रदेश को कुदरत ने जिन व्यापक संसाधनों से नवाजा है उनमें सबसे अमूल्य सौगात प्राकृतिक जलस्रोत हैं। प्रदेश में बहने वाली नदियों, खड्डों व प्राकृतिक जलस्रोतों के पानी से पड़ोसी राज्यों की पेयजल सहित सिंचाई की जरूरत भी पूरी हो रही है। निःसंदेह हम अपने पुरखों की कई गौरवशाली परंपराओं के वारिस रहे हैं, लेकिन इस बात में कोई दो राय नहीं कि आधुनिकता की चकाचौंध में पूर्वजों की उन गौरवमयी परंपराओं व रीति-रिवाजों को उपेक्षित करके पश्चिमी तहजीब की दहलीज पर खड़े होने की पुरजोर कोशिश हो रही है। जम्हूरियत के मौजूदा निजाम में इसे विकास कहें या आधुनिकता का खुमार, यह निश्चित तौर पर मंथन का विषय है। गर्मी का मौसम दस्तक देते ही जल संपदा के धनी राज्य हिमाचल को भी पेयजल की किल्लत से जूझना पड़ता है। दुनिया को पानी का महत्त्व समझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 से 20 मार्च के दिन को ‘विश्व जल दिवस’ के रूप में मनाने की शुरुआत की है। मगर सनातन संस्कृति के पौराणिक ग्रंथों में जल व जलाशयों की महिमा का विशेष उल्लेख हुआ है। धार्मिक मान्यताओं में जलस्रोतों को देवतुल्य तथा जल संरक्षण को सर्वोपरि पुण्य कार्य माना गया है। मकर पर विराजमान ‘वरुण देव’ की जल देवता के रूप में पूजा की जाती है। 2010 में जल दिवस के मौके पर यूएनओ के तत्कालीन सरवराह ‘बान की मून’ ने कई राष्ट्रों को संबोधित करते हुए कहा था कि जल ही जीवन है। मगर भारतीय सभ्यता में ‘जल ही जीवन है’ का सिद्धांत अनादिकाल से ही प्रतिपादित है। पैदल यात्रा करने वाले राहगीरों के लिए पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था ‘प्याऊ संस्कृति’ प्राचीन काल से हमारे पूर्वजों का पुण्य सरोकार विश्व के लिए अनूठा उदाहरण है। महर्षि ‘याज्ञवल्क्य’ ने ‘शतपथ ब्राह्मण’ ग्रंथ में ‘आपो वै प्राणः’ प्रसंग के माध्यम से जल को प्राण की संज्ञा दी है। हमारे ऋषियों ने पंच तत्त्वों में जल को सबसे विशिष्ट महत्व देकर अमृत से तुलना की है। मगर अफसोस कि अमृत समझे जाने वाले प्राकृतिक जलस्रोतों का शुद्ध जल प्रदूषण का दंश झेल रहा है तथा करोड़ों आबादी की प्यास बुझाने वाले पारंपरिक जलस्रोत अपने वजूद को तरस रहे हैं। भूजल के सतत प्रबंधन को अहमियत देने के लिए भारत सरकार ने 1987 में पहली ‘राष्ट्रीय जलनीति’ का मसौदा तैयार किया था। जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए अप्रैल 2002 में दूसरी राष्ट्रीय जलनीति बनाई गई। जल संकट को गंभीर खतरा मानते हुए पानी के बेहतर प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु 2012 में तीसरी राष्ट्रीय जलनीति के तहत पानी के निजीकरण को विस्तार दिया गया। भूजल संसाधनों के वैज्ञानिक और सतत विकास प्रबंधन के लिए 1970 में केंद्रीय भूजल बोर्ड की स्थापना भी की गई थी। पानी की गंभीर चुनौतियों से निपटने तथा लोगों को पेयजल सुविधा मुहैया कराने के लिए ‘जल शक्ति मंत्रालय’ का गठन भी किया गया है। वर्तमान में इस मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ‘कार्यात्मक घरेलु नल कनेक्शन’ पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पेयजल की आपूर्ति के लिए गांवों में पाइपों के जाल बिछ चुके हैं। हजारों की तादाद में सरकारी व निजी हैंडपंप लगाए जा चुके हैं, मगर इसके बावजूद लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। स्मरण रहे कि हमारे पुरखे जल आपूर्ति के लिए जल विभाग या जल मंत्रालयों पर निर्भर नहीं थे। पूर्वजों द्वारा पेयजल संग्रहण की सदियों पुरानी उत्तम पद्धति बावडियां व खातरियां आदि हिमाचल के गांवों में आज भी मौजूद हैं। इन पारंपरिक जलस्रोतों के गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल का आज भी कोई विकल्प नहीं है। कृषि भूमि में सिंचाई व्यवस्था के लिए जल प्रबंधन की पुरातन प्रणाली हिमाचल में ‘कूहल’ के नाम से विख्यात रही है। बावडियां, कुएं व तालाब आदि जल संरचनाओं के जरिए हर गांव को जलतंत्र विकसित करके पूर्वजों ने अनूठी मिसाल कायम की थी। इंसानों के अलावा जीव-जंतु, पशु-पक्षी तथा जंगली जानवरों के पानी को तलाशते सूखे हलक भी इन्हीं जल संसाधनों पर तर होते थे। ग्रामीण संस्कृति से गहरा नाता रखने वाले पारंपरिक जलस्रोतों का कृषि अर्थतंत्र को मुन्नवर करने में भी मुख्य किरदार रहा है। कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी जलाशयों के तटों पर होता आया है। मगर विडंबना है कि हमारे समाज की जीवनशैली में अंग्रेजी तहजीब इस कदर मुश्तमिल हुई कि अपने पूर्वजों की बेशकीमती विरासत पारंपरिक जलस्रोतों को खैरात में मिला गुजरे जमाने का नजराना समझ कर नजरअंदाज कर दिया गया। विनाश को अंजाम देने वाले जबरन विकास की आंधी में मशीनीकरण के प्रहारों से भूमिगत प्राकृतिक जलधाराएं लुप्त हो रही हैं। नतीजतन बावडियां, चश्में व झरने आदि जल सरंचनाओं का अस्तित्व भी लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुका है। खनन माफिया की बढ़ती दखलअंदाजी ने खड्डों व नालों का प्राकृतिक स्वरूप बिगाड़ दिया है। उद्योगों व आग उगल रही फैक्टरियों से उत्पन्न जहरनुमा प्रदूषण से नदियों, खड्डों व प्राकृतिक जलस्रोतों का पानी दूषित हो चुका है। सैकड़ों सरकारी हैंडपंप व पेयजल परियोजनाएं दम तोड़ रही हैं। अतः पहाड़ों में बसे सैकड़ों गांवों की पेयजल आपूर्ति का जरिया पुनः प्राकृतिक जलस्रोत ही बनेंगे। इनका वजूद बचाने में समाज के साथ शासन व प्रशासन को संगीदगी दिखानी होगी। ज्ञात रहे पेयजल की शदीद गर्दिश कई देशों में लाखों आबादी के पलायन का कारण बनी है। लिहाजा अपनी बदहाली पर अश्क बहा रहे पारंपरिक जलस्रोतों की खामोशी भविष्य में बड़े जल संकट की आहट का इशारा करती है। इससे सबक लेने की जरूरत है। पहाड़ के पानी से मरुस्थलों की तकदीर बदलने वाले हिमाचल में जल प्रबंधन की सदियों पुरानी कारगर तदबीर पारंपरिक जलस्रोत जलसंकट से उबारने में पूरी तरह सक्षम है। अतः जल प्रबंधन की परिपाटी का उच्च स्तर तथा धार्मिक गौरव व आध्यात्मिक महत्त्व को समेटे मुकद्दस पारंपरिक जलस्रोतों का अस्तित्व बचाना होगा। पुरखों की अमूल्य विरासत पेयजल तंत्र की उत्तम व्यवस्था पनघट संस्कृति के जीर्णोद्धार के लिए यदि सरकारी दरवाजे खुले तो जल संकट का यकीनी तौर पर समाधान हो सकता है।

नागरिक बोध

कश्मीर में बदलाव की बयार के बीच स्कुलो में हिंदी पाठ्यक्रम की शुरुआत

न्यायपालिका की अभी तक आधिकारिक भाषा अंग्रेजी ही बनी हुई है। लेकिन उच्च न्यायालयो में होने वाली बहस फरियादी और प्रतिवादी का मुह टुकर टुकर ताकते रहते है । हिंदी राष्ट्रभाषा है। इसका ज्ञान होना हरेक नागरिक का अधिकार है। कश्मीर को लहूलुहान करने में पाकिस्तान ने कोई कोरकसर नही छोड़ी।स्कुलो में पढ़ाई जाने वाली हिंदी को दरकिनार किया गया। 1990 के दशक के बाद कश्मीर पंडितों के पलायन शुरू होने के बाद कश्मीर की वादियो का अमन चैन छीन लिया गया। हिंदी को अब 32 वर्षो बाद पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। राज्य शिक्षा परिषद ने कमेटी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आगामी दिनों में तीन हजार से ज्यादा स्कुलो में हिंदी पढ़ाई जाने की सिफारिश की गई है। तेईस हजार से ज्यादा स्कूल है। कश्मीर में 1990 के बाद से हिंदी शिक्षक नही है। जिसके कारण इस विषय के लिए कठिन राह है। घाटी में उर्दू और कश्मीरी भाषा मे पढ़ाई होती है। कश्मीर में हिंदी भाषा का विरोध किया गया है तो इसका समर्थन भी हुआ है। कश्मीर में हिंदी पाठ्यक्रम को लेकर अलगावादियों का कलेजा कांप उठा है तो पाकिस्तान की नीयत में खोट झलक रही है। हिंदी राष्ट्रभाषा है और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है तो यहाँ हिंदी पढ़ाई जाए तो कोई हर्ज नही है। हिन्दी की पढ़ाई लिखाई में विरोध ही सही है। प्रयास शुरू हो गया है। इस विरोधाभाषी नतीजों के बाद हिन्दी के लिए सुनहरा मार्ग खुलेगा। इस तरह की पहल विश्वविद्यालयों में ही होनी चाहिए। उत्तरप्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश में हाईकोर्ट में हिंदी में कार्य होते है। उतराखण्ड, झारखण्ड और छत्तीसगढ़ में कोर्ट में हिंदी भाषा का ज्यादा उपयोग की संभावनाएं रही है। हिंदी अब वैश्विक भाषा बनती जा रही है। प्रवासी भारतीयों के बोल और हिंदी लहजे ने विदेशी धरती पर भी हिंदी के झंडे गाड़ना शुरू कर दिया है। हिंदुस्तान की आधिकारिक हिंदी भाषा घर घर की भाषा बनेगी। इसमें कोई दोहराय नही है। बिना किसी के विरोध से हिंदी भाषा का स्थापन होना चाहिए।कश्मीर की घाटियों में हिंदी गूंजने का समय आ गया है। संस्कृत भाषा का पाठ्यक्रम जरूरी कर देना चाहिए। क्योंकि संस्कृत के नाभिनाल में ही देशी भाषा का प्रादुर्भाव हुआ है।

देश दुनीया से

नई बर्फीली झीलों से संकट में आबादी

गरमाती पृथ्वी की वजह से हिमखंडों के टूटने का सिलसिला आगे भी जारी रहा तो समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे कई लघुद्वीप और समुद्रतटीय शहर डूबने लग जाएंगे। हालांकि वैज्ञानिक अभी तक यह निश्चित नहीं कर पाए हैं कि इन घटनाओं को प्राकृतिक माना जाए या जलवायु परिवर्तन का नतीजा। तापमान बढ़ने के साथ पूरी दुनिया में ग्लेशियर यानी हिमखंड बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। नतीजतन, समूचे बर्फीले इलाकों में नवीन झीलों का निर्माण हो रहा है। इन झीलों के फटने की घटना घटती है तो इन ग्लेशियरों के पचास किलोमीटर के दायरे में रहने वाले दुनिया के डेढ़ करोड़ लोगों के लिए यह बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इन हिमखंडों में से आधे भारत, पाकिस्तान, चीन और पेरू में हैं। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित ब्रिटेन स्थित न्यूकासल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों केअध्ययन में कहा गया है कि खतरे का सामना कर रही दुनिया की पचास फीसद यानी पचहत्तर लाख की आबादी भारत समेत इन चार देशों में रहती है। भारत में तीस लाख और पाकिस्तान में बीस लाख लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं। इस रिपोर्ट में उत्तराखंड के चमोली में फरवरी 2021 में हुई घटना का भी हवाला दिया गया है। सबसे ज्यादा खतरा तिब्बत के पठार से लेकर चीन तक है। इस इलाके में तिरानबे लाख लोग रहते हैं। ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर कुल ग्लेशियरों में से आधे पाकिस्तान में हैं। 2022 में गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र में ग्लेशियर फटने की सोलह घटनाएं हुई हैं। हालांकि इस रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि 2022 में पाकिस्तान में आई बाढ़ के लिए हिमखंड का पिघलना कितना जिम्मेदार है। न्यूजीलैंड के कैंटरबरी विवि के प्राध्यापक टाम राबिनसन का कहना है कि ग्लेशियर झील का फटना जमीनी सुनामी की तरह है। इसका असर किसी बांध के फटने जैसा दिखाई देगा। सबसे बड़ा संकट यह है कि यह संकट बिना कोई पूर्व चेतावनी के कहर बरपा सकता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बर्फ के पिघलने से बनने वाली झीलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी अनुपात में इनके जलग्रहण क्षेत्रों में भी आबादी बढ़ती रही है। जानकारों का दावा है कि उतना खतरा झीलों के फटने से नहीं है, अलबत्ता इन झीलों के निकट जनसंख्या का दबाव बढ़ जाने के कारण है। भारत के हिमालयी क्षेत्र में स्थित सतलुज नदी घाटी में हिमखंडों के पिघलने से ऐसी झीलों की संख्या बढ़ रही है, जो भविष्य में बाढ़ और तबाही का बड़ा खतरा बन सकती है। इन बर्फीली वादियों में 273 नई झीलें बनी हैं। मानसरोवर से नाथपा झाकड़ी तक कुल 1632 झीलें गिनी गई हैं। इनमें से सत्रह झीलें खतरे के निशान तक पहुंच गई हैं, जिनमें से आठ चीन के कब्जे वाले तिब्बत क्षेत्र में हैं। इनका क्षेत्रफल पांच हेक्टेयर तक है। ये झीलें सतलुज के पानी को बढ़ा कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए ये झीलें हिमाचल समेत अन्य हिमालयी राज्यों के लिए खतरे की घंटी हैं। देश व प्रदेश के भूविज्ञानी हिमालयी क्षेत्र की चार घाटियों चिनाब, ब्यास, रावी और सतलुज में हिमखंड पिघलने से बनी झीलों की निगरानी में लगे हैं।

तापमान बढ़ने के साथ पूरी दुनिया में ग्लेशियर यानी हिमखंड बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। तनीतजन, समूचे बर्फीले इलाकों में नवीन झीलों का निर्माण हो रहा है। इन झीलों के फटने की घटना घतटी है तो इन ग्लेशियरों के पचास किलोमीटर के दायरे में रहने वाले दुनिया के डेढ़ करोड़ लोगों के लिए यह बहुत बड़ा खतरा बन सतका है। इन हिमखंडों में से आधे भातर, पाकिस्तान, चीन और पेरू में हैं। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकातिश ब्रिटेन स्तिथ न्यूकासल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों केअध्ययन में कहा गया है कि खतरे का सामना कर रही दुनिया की पचास फीसद यानी पचहत्तर लाख की आबादी भातर समेत इन चार देशों में रतही है। भातर में तीस लाख और पाकिस्तान में बीस लाख लोग इससे प्रभावित हो सतके हैं। इस रिपोर्ट में उत्तराखंड के चमोली में फरवरी 2021 में हुई घटना का भी हवाला दिया गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, गुरूवार, 16 फरवरी 2023| पेज 7

मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरा पर पहुँचे चतरा, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुँचे। मंत्री श्री भोगता जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके समाहरणालय आगमन पर उपायुक्त अबू इमरान ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अनुकंपा समिति एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चयनित अभ्यर्थियों को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने नियुक्ति पत्र भी वितरित किया ।इसके बाद उन्होंने राजकीय इटखोरी महोत्सव के ऑफिशियल वेबसाइट का भी लोकार्पण किया। ततपश्चात समाहरणालय परिसर में ही ऐतिहासिक राजकीय इटखोरी महोत्सव के प्रचार प्रसार को लेकर प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद जिले में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले एवं निर्माण हो चुके योजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम के दौरान चतरा उपायुक्त अबू इमरान, उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी समेत, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि प्रवीण पाठक, नगरपरिषद अध्यक्ष गुंजा देवी, नगरपरिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

दो कोयला लदा ट्रैक्टर के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : थाना क्षेत्र के शीला ओपी पुलिस ने मंगलवार की देर रात चौपे पंचायत के चोरडीहा जंगल से दो अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर के साथ पांच तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तस्करों में जितेंद्र उर्फ छेटी साहू, संजीत कुमार साहू, धूपू यादव उर्फ दीपक, राहुल गंझू और दानी गंझू का नाम शामिल है। पांचो तस्कर चोपे गांव के रहने वाले हैं। ओपी प्रभारी सुशील टुडू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बड़कागांव थाना क्षेत्र से। तस्करी के लिए दो ट्रैक्टर अवैध कोयला लेकर बेंदी होते हुए चोपे गांव स्थित किसी ईंट भट्ठा में। देने के लिए ले जा रहे थे। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरडीहा जंगल के पास दोनों ट्रैक्टर सहित तस्करों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर में चार टन कोयला लदा हुआ है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पांचो तस्करों को जेल भेज दिया गया है। ओपी प्रभारी ने कहा कि कोयला तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा। तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।

इंडोर स्टेडियम का मंत्री ने किया उदघाटन

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): मंत्री सत्यानन्द भोगता ने जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के बगल में विशेष केंद्रीय सहायता मद से निर्मित बहुउद्देश्यीय भवन, इंडोर स्टेडियम का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का उदघाटन किया। इसके अलावा जलछाजन परिसर में विशेष केंद्रीय सहायता मद से बने जिम (व्यायाम शाला) का भी फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया।इस मौके पर डी सी अबू इमरान ,जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

चतरा में युवक की गला दबाकर हत्या, दोस्त हैं संदेह के घेरे में

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हत्या की घटना अचानक बढ़ गया है। बुधवार को भी शहर के हरलाल तालाब के समीप से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक युवक की पहचान प्रकाश यादव दिभा मोहल्ला निवासी कुंजल यादव के पुत्र के रूप में की गई। इस हत्या को लेकर वैसे तो पुलिस छानबीन कर ही रही है। परंतु मृतक प्रकाश यादव की हत्या के पीछे उसके कुछ खास दोस्तों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। बताते चलें कि प्रकाश जमीन खरीद फरोख्त के साथ साथ कई और भी काम करता था। लेकिन उसकी संदेहास्पद मौत हो गई है। अब पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त

बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता): बरवाडीह थाना क्षेत्र के पुटुवागढ़ और सिंधोरवा के बीच वन क्षेत्र से डीएमओ आनंद कुमार और बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह मिली गुप्त सूचना के आधार अवैध कोयले से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि पलामू जिले के इको सेंसेटिव जोन हुटार क्षेत्र अंतर्गत कई अवैध बंग्ला व चिमनी ईंट भट्ठे बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि उक्त ईंट भट्ठे के संचालक के द्वारा पिछले कई दिनों से कोयले का अवैध खनन किया जा रहा है। वहीं जब्त किए गए स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर बिना नंबर का है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के स्वामी को चिन्हित कर लिया गया है उसके निशानदेही पर आगे की कार्रवाई की तैयारी चल रही है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व हुटार क्षेत्र में डीएमओ आनंद कुमार के द्वारा कई अवैध चिमनियों को ध्वस्त किया गया था बावजूद इसके फिलहाल अवैध ईंट भट्ठे का करोबार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है।

विधि व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडाड : बुधवार को पांकी बाजार में महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद होने के बाद पथराव हुआ जिससे कारण मैन बाजार बंद हो गई। इस घटना को लेकर प्रखंड में विधि-व्यवस्था पूरी तरह से कायम रहे। इसको लेकर महुआडांड़ अनुमंडल प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी कड़ी में बुधवार दोपहर में वरीय पदाधिकारियों के आदेशानुसार महुआडांड़ एसडीओ नीत निखिल सुरीन, डीएसपी राजेश कुजूर, दण्डाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता, बीडीओ अमरेग डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च महुआडांड़ थाना से निकलकर शास्त्री चौक बड़ी मजिस्द होते अम्बोटोली बिरसा चौक, बस स्टैंड होते हुए वापस थाना लौटी। इस मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने आमजनों से मिलकर आपसी सौहार्द बनाने की अपील की। वही एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने बताया कि महुआडांड़ प्रशासन इस लेकर हाई अलर्ट पर है।फ्लैग मार्च के माध्यम से इलाके में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुये पर्व को आपसी सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील करते हुये कहा की असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। वही उन्होंने शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कारवाई करने की बात कही। इस मौके पर एसडीओ नित निखिल सुरीन डीएसपी राजेश कुजुर, दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, बीडीओ अमेरग डांग, एस आई संजय रत्न, समीम, जफर, कमर आलम समेत कई जवान मौजूद थे।

सांसद सुनील कुमार सिंह गुजरात विधानसभा के सदस्यों को करेगें संबोधित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : सांसद सुनील कुमार सिंह संसदीय विशेषाधिकार एवं नैतिकता पर गुरूवार को चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह गुजरात विधान सभा में व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गुजरात के राज्यपाल, मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य केन्द्रीय मंत्रीगण सहित गुजरात के सभी विधायक भी उपस्थित रहेंगे। लोकसभा सचिवालय की संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गुजरात विधानसभा में दो दिवसीय 15 एवं 16 फरवरी को कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में गुजरात के नवर्निवाचित विधायकों को कई विषयों का प्रषिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में 15 फरवरी को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेगें तथा 16 फरवरी को सभापति विषेषाधिकार समिति सह चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ''संसदीय विषेषाधिकार एवं नैतिकता'' के विषय पर गुजरात विधानसभा में विधायकों को व्याख्यान देगें।इस कार्यक्रम को गुजरात के राज्यपाल देवव्रत आचार्य, गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी, गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेन्द्रभाई पटेल, भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडावडिया, जलषक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, गुजरात के संसदीय कार्य मंत्री रिषीकेष पटेल, विधानसभा के उपाध्यक्ष जेठाभाई भारवड, सुशील कुमार मोदी राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, डॉ. किरीट सोलंकी तथा श्रीमती सुनीता दुग्गल आदि अलग - अलग विषय पर दो दिन के कार्यक्रम में संबोधित करेगें। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह द्वारा गुजरात विधानसभा में विधायकों को संबोधित करने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, रामविलास सिंह, राकेश झा, निर्भय ठाकुर, शिवबालक सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक केसरी, तिलेश्वर राम, डॉ मृत्युंजय सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निशा कुमारी, विनोद सिंह, सुजीत जयसवाल, भोला साहू, बसंत यादव, दीपक शर्मा, जितेंद्र यादव, राजेश पासवान, गुड्डू रजक, नीरज सोनी, राजकुमार वर्मा, राजा माली, काली यादव, गंगा देवी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी हैं।

मंत्री ने बहुउद्देश्यीय भवन/इंडोर स्टेडियम व जिम का फीता काटकर विधिवत किया उदघाटन

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सत्यानन्द भोक्ता ने आज चतरा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के समीप में विशेष केंद्रीय सहायता मद से चतरा जिला मुख्यालय स्थित बहुउद्देश्यीय भवन/इंडोर स्टेडियम का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। इसके अलावा जलछाजन परिसर में विशेष केंद्रीय सहायता मद से बने जिम (व्यायाम शाला) का भी फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया गया।

बरवाडीह प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : आने वाले पर्व महाशिवरात्रि और पलामू के पांकी में दो समुदायों के बीच झडप को देखते हुए बरवाडीह प्रशासन कड़े रुख अपनाते हुए अंचलाधिकारी राकेश सहाय और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में प्रखंड अंतर्गत पोखरीकला, सरयडीह इलाके में फ्लैग मार्च किया साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर प्रबुद्ध लोगों से अपील किया है। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने इसे लेकर पंचायत छेंचा का दौरा किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग न हो इसको लेकर किसी प्रकार की कोई बात हो तो इसकी सूचना तत्काल बरवाडीह पुलिस को दें ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। फ्लैग मार्च में शामिल लोगों में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सब इंस्पेक्टर रणजीत कुमार, काशी महली, सुरेश यादव समेत जिला बल के जवान मौजूद रहे।

आदिवासी युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 20 युवक युवतियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया गुजरात

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : सीआरपीएफ 190 बटालियन चतरा एवं नेहरू युवा केंद्र चतरा द्वारा 14वीं आदिवासी युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 16 से 22 फरवरी तक बड़ोदरा, गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 20 युवक युवतियों को गुजरात भेजा गया है। ये नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 10 लड़के एवं 10 लड़कियां हैं। जो चतरा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के स्थायी निवासी हैं। सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी मुन्ना सिंह , उप कमांडेट हंसराज मीणा एवं नेहरू युवा केंद्र के उप निदेशक ललिता कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ताकि सभी प्रतिभागी अपने क्षेत्रों का सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे भारत के 06 राज्यों से 200 आदिवासी युवा जो पिछड़े क्षेत्र से भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र के आदिवासी युवायों को अन्य बिकसित राज्य का भ्रमण करवाकर वहां के बिकास योजनाओं से एवं युवा कार्यक्रम से अवगत कराना हैं। ताकि ये अपने क्षेत्र मे समाज के मुख्य धारा से जुड़कर अपना विकास कर सकें। इस कार्यक्रम के बाद चतरा के और 60 युवाओं को 03 राज्य मे कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए भेजा जायेगा।

नगर भवन में मॉक ड्रिल व फायर सेफ्टी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा के अध्यक्षता में नगर भवन (ब्लॉक परिसर स्थित)लोहरदगा में मॉक ड्रिल के साथ फायर सेफ्टी से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में फायर सेफ्टी से संबंधित विभिन्न तकनीकों का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया साथ ही अग्निशमन विभाग से अनापत्ति लेने की प्रकिया के बारे में बताया गया।इस क्रम में आगलगी से बचाव हेतु मॉक ड्रिल भी किया गया।जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की फायर एनओसी हेतु नगर परिषद से भवन प्लान की स्वीकृति होना अनिवार्य है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा भवन प्लान एवं इससे संबंधित अन्य पहलुओं के बारे में बताया गया तथा सभी व्यवसायिक भवनों के मालिकों से आग्रह किया गया की अग्निशमन कार्यालय से अनापत्ति प्राप्त करने के पश्चात ही व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन करें। उक्त कार्यशाला में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी,कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद लोहरदगा,जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी,जिला अग्निशमन पदाधिकारी,अग्निशमन विभाग के कर्मी, व्यवसायिक संघ के सदस्य,नगर परिषद के पदाधिकारी/कर्मी एवं नगर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायिक गण उपस्थित थे।

एटक राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सीता सोरेन हुए सम्मेलन में शामिल

एटक टंडवा जोनल कमेटी का प्रथम सम्मेलन मगध परियोजना में संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : प्रखण्ड में संचालित सीसीएल के मगध परियोजना कार्यालय समक्ष बुधवार को एटक के बैनर तले टंडवा जोनल कमेटी का प्रथम सम्मेलन आयोजित की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉ रमेंद्र कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जामा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीता सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में कोयला मजदूर यूनियन से जुड़े कामगारों की समस्याओं के अलावे परियोजनाओं से विस्थापितों एवं रैयतों की समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं कहा गया कि एटक मजदूर यूनियन रैयतो की समस्याओं का हमेशा आंदोलन करती रही है। और करेगी। उक्त सम्मेलन में क्षेत्रीय सचिव विनोद बिहारी पासवान ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने मांगो को सराहा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेंद्र कुमार ने कहा कि। मैं परियोजना खुलने का विकास के पक्षधर हूँ। परंतु किसी रैयत का घर उजाड़ कर परियोजना खोला जाय इसका सख्त विरोधी हूँ। उन्होंने अधिग्रहित गैरमजरूआ भूमि एवं जंगल झाड़ी किस्म के रैयतो की कब्जे वाली जमीन को रैयतों के नाम कर मुआवजा और नौकरी देने की बात कही । उन्होंने कामगारों को सचेत होने की बात कहते हुए जागरूक और एकजुट होने की आह्वान किया। है। वहीं जामा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सीता सोरेन ने रैयतो की समस्याओं को सुनकर चिंता जाहिर करते हुए अपनी आवाज को बुलंद कर उनकी समस्याओं को दूर करने की वचनबद्धता की शपथ खाई है । सम्मेलन को संबोधित करते हुए टंडवा प्रखंड के पूर्व प्रमुख सीताराम साहू व समाज सेवी सुभान अंसारी ने सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिग्रहित जमीन के बदले मुआवजा और नौकरी के सवाल पर सीसीएल की दो तरफा नीति पर बरसते हुए सीता सोरेन से संज्ञान में लेने का आग्रह किया है। साथ हीं सम्मेलन में टंडवा जोनल कमेटी का गठन किया गया । जिसमें सीता सोरेन को अध्यक्ष, पंकज कुमार सिंह, दीपांशु कुमार, राजा गोपाल, लखन महतो व पुष्पा कुमारी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि विनोद बिहारी पासवान को क्षेत्रीय सचिव मनोनीत किए गए। राजेश कुमार दास कोषाध्यक्ष बनाए गए। सम्मेलन की अध्यक्षता पंकज कुमार सिंह व संचालन नरेश मंडल ने की। इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया । मौके पर एटक के समसुद्दीन अंसारी, सीता सोरेन सेना के रविंद्र सिंह, कैलाश सिंह समेत एटक के सैकड़ों कार्यकर्ता मजदूर एवं भुक्तभोगी मौजूद थे।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने उपायुक्त चतरा से पत्र प्रेषित कर की कार्रवाई की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : सिमरिया अंचल अंतर्गत टंडवा सिमरिया मुख्य सड़क पर स्थित कुट्टी में आदिवासी जमीनों को भू माफियाओं द्वारा बाजबरन जमीन कब्जा कर धड़ल्ले से खरीद बिक्री किया जा रहा है।जिसे लेकर भुक्तभोगी सुरेंद्र उरांव ग्राम पकरी थाना बालूमाथ जिला लातेहार ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। आवेदन के आलोक में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने पत्र प्रेषित कर उपायुक्त चतरा से कहा है की आयोग ने भारत के अनुच्छेद 338 (क)के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का जांच करने का निश्चय किया है। वहीं अनुरोध किया है कि किसी अन्य संचार साधन से संबंधित आरोपों और सूचनाओं पर की गई कार्रवाई से संबंधित सूचना प्रस्तुत करें यदि नियत अवधि में आयोग में उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अंतर्गत शपथ सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा वैकल्पिक रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको समन भी जारी कर सकता है। बता दें कि खाता संख्या 04 प्लाट संख्या269 रकबा 1.20 डिसमिल खतियानी जमीन आदिवासी के नाम से चला आ रहा है जो मंगर उरांव के नाम पर खतियान। में दर्ज है। मंगर उरांव के दो पुत्र बिगू उरांव और सोमो उरांव के बीच मौखिक बटवारा 60 -60 डिसमिल किया गया था। जबकि बिगू उरांव के पुत्री सविता देवी जिनका वंशज सुरेंद्र उरांव,सूरज उरांव, सोनी कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबु कुमारी है ।वहीं सोमो उरांव में बरतु उरांव, सरतु उरांव है जबकि बरतु उरांव में शकेंद्र उरांव, शुष्मा कुमारी है। वहीं सरतु उरांव में सोनी कुमारी का नाम शामिल है। जबकि सोनी कुमारी ने सुरेंद्र उरांव का जमीन अपना बता कर माफियाओं के हाथों एग्रीमेंट कर दिया है। सोनी कुमारी ने बाजबरन उक्त भूखण्ड पर मकान बना रही है। जिसे लेकर सुरेंद्र उरांव ने हस्तक्षेप करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया है। इसे लेकर सुरेंद्र उरांव ने पूर्व में न्याय का दरवाजा खटखटाया था जहां उसे डिग्री भी दी गयी है। सुरेंद्र उरांव ने आरोप लगाते हुए कहा है की कुछ भू माफियाओं ने सोनी कुमारी से ठगी व जालसाजी कर एग्रीमेंट करा कर उक्त जमीन पर बाजबरन मकान निर्माण करवा रहा है। जबकि झारखण्ड सरकार द्वारा आदिवासी भूखण्ड को खरीद बिक्री पर प्रतिबंद लगाया है। वहीं उक्त खाता पलौट के भूखण्ड पर बाजबरन मकान बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट की संभावना बनी हुई है। अगर उक्त भूमि पर खरीद बिक्री व बनाए जा रहे मकानों पर प्रतिबंध आ भूमि पर बोर्ड नहीं नहीं लगाया गया तो कभी भी बड़ी अनहोनी होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

संक्षिप्त खबरें

शबरी जयंती मनाने को लेकर बैठक

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): शबरी जयंती मनाने को लेकर मांडू चट्टी पंचायत भवन के समीप मैं एक बैठक रखा गया जिसकी अध्यक्षता धानेश्वर साव संचालन छोटेलाल भुईयां ने किया जिसमें निम्न प्रस्ताव पारित किया गया 1 पूजा कमेटी का गठन किया गया और सावरी जयंती मनाने का स्थल बाजार टांड मैदान तीथी 28/02/23 तथा सोभा यात्रा 01/03/23 को निकाला जाएगा पूजा कमेटी का अध्यक्ष अमीत कुमार सचिव लालमोहन कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार ,कोशअध्यक्ष धानेश्वर साव, कार्यकारणी अध्यक्ष छोटेलाल भुईयां, सह कोषअध्यक्ष श्याम कुमार, सह सचिव विजय चंद्रवड्डू, कार्यकारणी उपअध्यक्ष दिलीप कुमार , संरक्षक समिति सदस्य नवरतन मंडल उर्फ नवकू, अर्जुन राम,महेश प्रसाद, लक्ष्मी देवी,बिरजू मुसहर,गोविंद मुसहर,मानेश्वर मुसहर,सुनील मुसहर,राजेंद्र भुईयां ,गणेश भुईयां , रामचंद्र भुईयां ,रंगू भुईयां,गोपी भुईयां,सरिता देवी,किरण देवी, भानू देवी, देववंती देवी, प्रमिला देवी ,रूबी देवी,आनंद कुमार, विक्की कुमार आदि उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी कैंट मंडल की बैठक

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): कैंट मंडल की एक बैठक लॉमेंटेरियल होटल के सभागार में हुई इसमें विशेष रूप से कैंट मंडल प्रभारी सह लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष बोकारो रोहित लाल सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष आलोक सिंह, बरुन सिंह उपस्थित हुए बैठक मुख्य रूप से रामगढ़ विधानसभा में हो रहे उपचुनाव संचालन से संबंधित जिसमें यह तय हुआ है कि कैंट मंडल के शक्ति केंद्र प्रभारी वार्ड प्रभारी पन्ना प्रमुख तथा बूथ कमेटी का गठन कर 18/ 2/ 2023 तक सत्यापन कर जमा कर देना आठ वार्ड के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुवी कोई कमी है उसे 18-2-2020 पूरा करें सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए इस बैठक की संचालन करता मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह के द्वारा किया गया मौके पर उपस्थित रामगढ़ कैंट मंडल के सभी प्रभारी सभी वार्ड प्रभारी मौजूद थे उपाध्यक्ष शीतल सिंह उपाध्यक्ष सुशांत पांडे उपाध्यक्ष संतोष शाह, महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव ,मंत्री विजय पाठक, मंत्री मिथिलेश मंडल मंत्री अभिषेक चौधरी, सभी ने अपना प्रमुखता दिखाते हुए इस कार्य में उपस्थित हुए।

स्टेटिक सर्विलांस टीम ने किया 6.40 लाख जब्त

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): 23-रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल एवं फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को स्टेटिक सर्विलांस दल द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान मांडू थाना क्षेत्र से एक निजी वाहन से 6 लाख 40 हज़ार रुपए का कैश जब्त किया गया। जब्त राशि को संबंधित थाने में सुपुर्द कर इसकी सूचना जिले में गठित कैश रिलीज कमिटी को भेज दी गई है जिसके उपरांत कमिटी द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एनडीए के समर्थन से ही रामगढ़ में रामराज्य लाना संभव : बाबूलाल मरांडी

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के डीवी स्कूल बरलंगा, कोरांबे बाजारटांड, अरगड्डा बाजार क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी सह गोमिया विधायक श्री लंबोदर महतो जी ने रामगढ़ विधानसभा एनडीए प्रत्याशी श्री सुनीता चौधरी जी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया । मौके पर श्री बाबूलाल मरांडी जी ने कहा कि एनडीए के समर्थन से ही रामगढ़ में पुनः रामराज्य स्थापित करना संभव हैं। पुनः रामगढ़ में एनडीए को मौका दे । मौके पर गोमिया विधायक श्री लंबोदर महतो जी ने कहा कि आजसू और भाजपा गठबंधन से ही जिले में विकाश की लहर बहेगी । मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में इस बार एनडीए को ही हम अपना बहुमूल्य वोट देंगे . मौके पर आजसू एवम भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

कृषि कर के विरोध में व्यवसायियों ने ठप रखा अपना व्यापार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले के खाद्यान्न व्यवसायी संघ एवं आलू प्याज व्यवसायी संघ खुदरा खाद्यान्न व्यवसाई संघ ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को पूर्ण रुप से बंद रखा। रामगढ़ बाजार समिति में भी सभी खाद्यान्न व्यवसायी और आलू प्याज व्यवसायियों ने अपना व्यापार पूर्ण रूप से बंद रखा। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि आज की बंदी से करोड़ों रुपया का लेनदेन प्रभावित हुआ। श्री साहू ने कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कृषि कर को वापस कर व्यवसायियों एवं किसानों को राहत प्रदान करें। श्री साहू ने यह भी कहा कि यह कृषि कर लागू होने से यहां के आदिवासियों को मूल वासियों को किसानों को आर्थिक दोहन शोषण किया जाएगा। और आम जनता पर महंगाई की मार अलग से पड़ेगी। श्री साहू ने जल्द से जल्द इस कृषि कर को राज्य सरकार से वापस लेने की मांग की है। और कहां की राज्य सरकार जल्द से जल्द कैबिनेट की बैठक बुलाकर कृषि कर के नोटिफिकेशन को रद्द कर यहां के व्यवसायियों को राहत पहुंचाएं। वही रामगढ़ चेंबर के बाजार समिति के सब कमेटी के चेयरमैन विनय अग्रवाल ने कहा कि जल्द से जल्द इस काले कानून को राज्य सरकार वापस ले नहीं तो यहां का व्यवसायियों का पलायन दूसरे राज्यों में हो जाएगा। यहां के सभी राइस मिल पर कृषि कर का बहुत ही ज्यादा प्रभाव पड़ेगा और यहां की सभी राइस मिले लगभग बंद होने के कगार पर खड़ी हो जाएगी। आज के इस बंदी में भुरकुंडा के व्यवसायी गोला के व्यवसायी एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों ने रामगढ़ जिले के खाद्यान्न सब्जी फल व्यवसायियों ने इस बंद को सफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। बंद को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रदीप गुप्ता, जानकी महतो, प्रदीप कुमार बरेलिया, अमर गुप्ता, मनोज बंसल, नरेश राय, छोटू राय, रोशन अग्रवाल ,जितेंद्र अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मांगीलाल गुप्ता, सुनील गुप्ता, अमित जैन, सरवन प्रसाद, पटेल राय, समेत सैकड़ों व्यवसायियों ने आज के बंद को सफल रखने में सकारात्मक भूमिका निभाया।

विभिन्न क्षेत्रों में हुआ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों जैसे मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता जागरूकता शपथ, ईवीएम वीवीपट अवेयरनेस आदि का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान समाहरणालय सहित अन्य क्षेत्रों में ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देने के क्रम में सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

सुदेश कुमार महतो ने की एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में वोट करने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो दुलमी क्षेत्र के सुदूरवर्ती कई इलाको में चुनावी सभा को संबोधित किया उन्होंने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदाताओं से वोट करने की अपील की, और अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के वर्तमान गठबंधन सरकार विकास के नाम पर जनता को पूरी तरह से ठगने का काम कर रही है तथा जनता से झूठे वादे कर सत्ता में आई है। आज की सरकार के पास ना तो मिशन है ना ही कोई वीजन है। झामुमो-कांग्रेस महगठबंधन की सरकार के विकास के नाम पर 3 वर्षों से शासन चला रही है परंतु पूरे तीन साल तक झारखंडियो के हित के लिए निराशाजनक व विकास विरोधी सरकार चल रही है। वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है चाहे पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की बात हो, या बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात, सभी चुनावी वादों में फेल हो चुका है सिर्फ चुनावी भाषणों एवं मेनिफेस्टो के पन्नों तक सीमित रह गए। राज्य में लूट खसोट की सरकार है तथा राज्य में पलायन की स्थिति बहुत ही चिंताजनक है यहां की जनता झारखंड छोड़कर काम के अभाव में दूसरे राज्यों में जा रहे हैं और पलायन कर रहे हैं पूरी तरह से हेमंत सरकार विफल साबित हुई है ।

बदलाव विकास की है, मतदाताओं का जनसमर्थन आजसू के पक्ष में मिल रहा : सांसद चंद्रप्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार अभियान तेज हुआ है इसी के तहत एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विधानसभा क्षेत्र के दोहाकातू,बनखेता, हरे टोला सहित पास पड़ोस के दर्जनों गांव ढोला में जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से अपील किया कि इस बार विकास की ओर यहां की जनता वाट जोह रहे हैं, हमारे समर्थन मे मतदाताओं का झुकाव बहुत अधिक बढा है रामगढ़ विधानसभा की जनता यहां के विकास चाहती है और विकास के लिए बदलाव चाहती है। यहां की जनता परिवर्तन का मन बना ली है, विकास की लहर चल चुका है परिवर्तन निश्चित होना तय है रामगढ़ मे पिछले 15 वर्षों में जो आजसू पार्टी के द्वारा अनगिनत और ऐतिहासिक विकास किया गया था जिसे महज 3 वर्षों में यहां के कांग्रेसी विधायक ने केवल अपना पॉकेट भरने के लिए राजनीतिक काम क्या है जनता का मत को ठगने का काम किया है जिसे अब यहां की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी उसे कभी भूल नहीं सकती। आगामी 27 फरवरी 2023 के होने वाला उपचुनाव मे विधानसभा का परिवर्तन निश्चित है और सुनीता चौधरी के चुनाव चिन्ह केला छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का काम करेगी तथा रामगढ़ को विकास की पटरी पर पुनः स्थापित करने का काम करेगी, इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो महेश करमाली बबलू करमाली पंचायत के मुखिया कलावती देवी पिंकी देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

ब्याज कारोबारी के घर से दर्जनों बाइक, 22 मोबाइल व नक़द रुपए बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र सयाल मोड़ स्थित पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्याज कारोबारी 1- रंभू रजक 2- शंभू रजक के घर से 16 बाइक, 22 मोबाइल एक लेपटॉप और नक़द सात लाख दस हजार रुपए बरामद कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल,जिसका प्रेस कॉन्फ्रेंस आज एसडीपीओ बिरेंद्र चौधरी ने भुरकुंडा थाना में किया कहा पकड़े गए ब्याज कारोबारी का ड्रग्स कारोबार को बढ़ावा देने से संबंधित मामला सामने आया है जिसपर पुलिस जांच पड़ताल जारी है इसमें और भी चार व्यक्ति का नाम आया है जिसकी खोजबीन जारी है। पकड़े गए दोनों आरोपी को धारा 379/411/420/467/468/34 के तहत जेल भेजा गया। आपको बताते चलें कि क्षेत्र में नये नये युवक जो ड्रग्स की नशें लत के कारण महंगी गाड़ी मोबाइल सबसे कम पैसों में गिरवी रख नशें करना का कार्य किया करते थे जिसपर पुलिस ने अंकुश लगाने के उद्देश्य से इससे जुड़े दो ब्याज कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कृषि टैक्स के खिलाफ बरही में खाद्यान्न दुकानें रही बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : झारखंड सरकार द्वारा आम उपभोक्ता वस्तुओं पर 2 प्रतिशत कृषि टैक्स लगाये जाने के विरोध में राज्य स्तरीय 15 फरवरी से अनिश्चितकालीन बंदी का समर्थन करते हुए बरही के खाद्यान्न से संबंधित दुकानें व प्रतिष्ठानें प्रथम दिन बुधवार को बंद रही। खास कर बरही के बड़े - बड़े थोक और खुदरा दुकानें व प्रतिष्ठानों में ताले लटके रहे। साथ ही व्यवसायियों ने 2 प्रतिशत कृषि टैक्स के विरोध में बरही व्यवसायी संघ के बैनर तले बरही बाजार व शहर में पैदल मार्च भी निकाला गया। बरही में इस बंदी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे व्यवसायी संघ, बरही के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि यह राज्यव्यापी आंदोलन है, अगर सरकार हमारी मांगों को जल्द पुरा नहीं करती है तो पूरे राज्य में दुकानें आज से अनिश्चितकालीन के लिए बंद रखी जायेगी। कपिल केशरी ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा कृषि टैक्स 2 प्रतिशत बढ़ने से रोजमरा के आम उपयोग की वस्तुएं महंगी होगी और आम लोगों पर वित्तीय बोझ बढेगा। साथ ही कहा कि इस आंदोलन में सभी तरह के व्यवसायियों को जनता के हित में आगे आने की जरूरत है इसके लिए बरही में व्यवसायियों द्वारा पैदल मार्च किया गया। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, व्यवसायी मंटू केशरी, विजय जयसवाल, प्रदीप केशरी, राहुल केशरी, चंदन जयसवाल, आशीष केशरी, मंजीत गुप्ता, राकेश गुप्ता, विनोद केशरी, रंजीत केशरी, सुजीत कुमार, शंकर केशरी, गौतम केशरी, रमेश केशरी, गणेश साव, शिवकुमार, नरेश गुप्ता, गुड्डु केशरी, सुबोध केशरी, जयराम केशरी, सागर केशरी, अनुज साव आदि ने दुकानों को बंद रखते हुए पैदल मार्च में शामिल हुए।

खुदरा एवं थोक खाद्यान्न सामग्री की बिक्री एवं वितरण व्यवस्था हुई ठप्प

हजारीबाग : झारखंड फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स के आवाहन पर आज से खुदरा एवं थोक खाद्यान्न साथ ही आलू प्याज फल की बिक्री एवं आवाजाही बंद रही। यह बंद बाजार समिति के नए काला कानून के विरोध में किया गया है। बंद के क्रम में आज बरही बरकट्ठा बड़कागांव हजारीबाग गोला रोड सब्जी मंडी हजारीबाग पूर्णतया बंद रहे।आज के व्यवसाय ठप होने पर तकरीबन डेढ़ सौ करोड़ के नुकसान का अनुमान है।बंद के समर्थन में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने दौरा कर बंद का जायजा लिया।जिनमे अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बरही अनुमंडल के अध्यक्ष कपिल केसरी के

व्यापार संघ का तीन दिवसीय बंदी का ऐलान

विष्णुगढ : झारखण्ड सरकार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा दो प्रतिशत के कृषि कर निर्धारित किया गया जिसके विरोध में विष्णुगढ व्यापार संघ नवल किशोर बर्णवाल की अध्यक्षता में एक बैठक की गई ,बैठक का संचालन सचिव संदीप कुमार बर्णवाल ने किया । बैठक के सरकार के काले कानून का जमकर विरोध किया गया । बैठक में इस कानून को सरकार से वापस लेने का आग्रह किया। विष्णुगढ व्यापार संघ एवं फल सब्जी की दुकाने आज से तीन दिनों के लिए बंद किये जाने का ऐलान किया गया । दुकान बन्द किये जाने के आह्वान के तत्काल बाद विष्णुगढ प्रखण्ड की दुकाने आज बन्द रही । बैठक में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई ।इस मौके पर व्यापार संघ के सदस्य निर्मल कुमार ने कहा कुछ दिनों पूर्व की बात है,हेमन्त सोरेन किसानों के हितों में बड़ी बड़ी बातें किया करते थे आज बेबस लाचार किसानों पर अतिरिक्त कर का बोझ डाल रही है । हम अपने निर्णय पर अटल है,जनविरोधी कानून को वापस लेना होगा ।आज के समय मे विश्व के हालात की वजह से महंगाई बढ़ी है,और अतिरिक्त कर की वजह से आम-आदमी का जीना दूभर हो जायेगा ।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : 67 यात्रियों का जत्था रवाना

हजारीबाग : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए अजमेर शरीफ,आगरा एवं फतेहपुर सीकरी तीर्थ यात्रा का एक जत्था बुधवार को समाहरणालय परिसर से हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ। पर्यटन,कला,संस्कृति,खेल एवं युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित इस तीर्थ दर्शन योजना की रवानगी को लेकर आज जिला योजना पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सीओ पदमा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस तीर्थ दर्शन यात्रा में हजारीबाग जिला से कुल 67 महिला/पुरूष व दो नोडल अधिकारी शामिल हुए। यह यात्रा 15 फ़रवरी से 21 फ़रवरी तक उक्त तीन स्थलों का भ्रमण करेंगी।

पदमा में आज 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): मेंटनेंस कार्य को लेकर बरही विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल अंतर्गत पदमा प्रखंड में आज गुरुवार दिन में 4 घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। सहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज गुरुवार को मेंटेनेंस कार्य को लेकर पदमा प्रखंड में पूर्वाहन 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। इस बीच पावर सब स्टेशन एरिया में 33 केवी लाइन का जरूरी मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा।

समाजसेवी महादेव चौधरी का निधन

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के खुटवाटांड़ निवासी महादेव चौधरी का बीते रात 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जिससे पूरा पंचायत में मातम पसरा गया। इस बात की जानकारी मिलते ही उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम एवं पूर्व मुखिया दशरथ यादव मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं मो कयूम ने बताया की महादेव चौधरी विजैया पंचायत के सक्रिय समाजसेवी थे। जो हर एक सामाजिक कार्यों में बढ़ - चढ़कर भाग लेते थे। उनके निधन से विजैया पंचायत को अपूर्णीय क्षति हुई है। जिसे कोई पूरा नहीं कर सकता। मौके पर सहदेव ठाकुर, विनोद यादव, संजय यादव, अर्जुन यादव, नरेश यादव एवं दिनेश यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।

चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रारंभ

बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता): निपुण भारत मिशन के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में शिक्षकों का चार दिवसीय आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।प्रशिक्षण का शुभारंभ 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल,प्रमुख रेनू देवी,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार,प्रशिक्षक छत्रु कुमार महतो,यू एम एस डुमरडीहा,साधन कुमार रवानी,एमएस बरकट्ठा, अशोक विश्वकर्मा,स्वामी राम तीरथ,के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण में 40 शिक्षकों एक बैच में भाग ले रहे हैं। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने कहा इस प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित होने से शिक्षकों को बच्चों का पढ़ाई कराने में काफी आसानी होती है। बीच-बीच में शिक्षकों को प्रशिक्षित करना बहुत जरूरी है।इससे शिक्षकों के बीच ऊर्जा मिलती है।साथ ही विद्यालय में बच्चों को प्रशिक्षण में बताए गए निर्देशों का पालन करते हुए पढ़ाई करने में सहूलियत होती है। प्रशिक्षण में मुकेश पाण्डेय, पुरषोत्तम पाण्डेय,रियाजद्दीन अंसारी,भागीरथ ठाकुर,समेत काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थें।

उपायुक्त से मिलकर जिले के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त नैंसी सहाय से मिले नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की किशोरी राणा ने उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर उन्हें जिले के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।ड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर उन्हें जिले के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही जिले के अंदर वसूले जा रहे चुंगी कर को हटाने, कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत डांड में स्टेडियम का निर्माण, बड़कागाँव कंपनियों में 80त्न भूमि पुत्रो के नोकरी दिया जाए। गैरमजरूआ जमीन का रसीद काटने और प्रतिबंधित सूची से नाम हटाने , हजारीबाग में कमर्शियल जोन निर्माण , हजारीबाग जिला अंतर्गत आने वाले सभी कंपनियों द्वारा अपने सीएसआर फंड का समुचित उपयोग हजारीबाग प्रक्षेत्र में सुनिश्चित कराने व मृत प्रवासी मजदूरों के आश्रितों को सहायता राशि समय पर उपलब्ध कराने संबंधी ज्ञापन भी सौंपा।

कांग्रेस पार्टी रामगढ़ विधानसभा में भारी मतों से जीतेगी : डॉ आरसी प्रसाद मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार बजरंग महतो भारी मतों से जितेगी क्योंकि ममता देवी संघर्षशील व्यक्तित्व के है। ममता देवी किसी की हत्या नहीं की है पुलिस की गोली से निर्दोषों की जान चली गई है साजिश के तहत इन्हें फंसाया गया है जनता के सहानुभूति ममता देवी के साथ है पिछले चुनाव की तुलना में ज्यादा वोटो से रामगढ़ विधानसभा कांग्रेस पार्टी विजय प्राप्त करेगा यह बातें कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने रामगढ़ के चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा। डॉ मेहता ने कहा की क्रोना के समय कॉन्ग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा संपूर्ण झारखंड में बेहतर सेवा प्रदान किया एवं रोग मुक्त करने में अहम भूमिका निभाई है आज तक झारखंड में जितने उपचुनाव हुवे महागठबंधन की जीत हुई है कांग्रेस इंटेक्स के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा के रामगढ़ में बाहुबली एवं बजरंगबली के बीच चुनावी जंग है जिसमें बजरंगबली की जीत निश्चित होगी। बरकट्ठा विधानसभा के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रवक्ता प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता ने कहा की कांग्रेस हमेशा गरीबों दलितों पीड़ितों के हित में काम की है इसलिए जीत पक्की है हजारीबाग से रामगढ़ चुनावी सभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार महतो अविनाश कुमार भोला कुमार बिट्टू कुमार निर्भय कुमार गिरधारी कुमार शंभू कुशवाहा इत्यादि दर्जनों लोग भाग लिए

विष्णुगढ इंटर कॉलेज में टेकलाल बाबू की जयन्ती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ : विष्णुगढ इंटर महाविद्यालय प्राँगण में स्थापित गुदड़ी के लाल स्व0टेकलाल बाबू की 78 वीं जयन्ती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।इस शुभ अवसर पर स्व0टेकलाल बाबू के प्रिय पुत्र माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल,माण्डू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी,दामाद शिवलाल महतो समेत परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में स्व0टेकलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा -अर्चना कर ,पुष्प अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । माल्यार्पण के पश्चात प्रसाद स्वरूप मिठाई का वितरण उपस्थित लोगों के बीच किया गया । इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने स्व0टेकलाल बाबू को याद करते हुए,टेकलाल बाबू अमर रहे ,जब तक सूरज चाँद रहेगा टेकलाल बाबू का नाम रहेगा इत्यदि अनेको नारो से वातावरण गुंजायमान हो गया । इसके तत्पश्चात विष्णुगढ डिग्री कॉलेज में भी स्व0टेकलाल बाबू की जयंती मनाई गई। वहाँ पर भी उनके वृत्तचित्र पर माण्डू विधायक एवं उनकी धर्मपत्नी के द्वारा माल्यार्पण किया गया । जयन्ती समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि पिता एक बरगद की वृक्ष की तरह होते है,जिनकी गोद मे असीम शान्ति एवं ठंडक का अहसास होता है । और जैसा कि मैंने अनुभव भी किया है,वो अपनी जनता को पुत्र की भांति ही प्यार करते थे।वो हमेशा ही लोगो की सेवा के लिए चिन्तन-मनन करते रहते थे। उनके अपनेपन की वजह से विरोधी भी बड़ा आदर-सम्मान देते थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

कृषक पाठशाला योजना के तहत कार्यशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : कृषक पाठशाला कर्रा पर कृषि निदेशालय की ओर से सामेकेतिक बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना के तहत बुधवार को कार्यशाला आयोजित किया गया.इस कार्यशाला में कृषक पाठशाला योजना के तहत सूचीबद्ध कार्यकारी एजेंसियों को योजना क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी गयी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि निदेशक कंचन कुमार ने संस्थाओं को योजना के बारे में बताते हुए कहा कि कृषक पाठशाला योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है जिससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा.खुंटी उपविकास आयुक्त नीतीश कुमार ने कार्यक्रम में खूंटी कृषक पाठशाला के बारे में जानकारी दिया, और बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से कृषि पाठशाला क्रियान्वित की गयी है.कृषि विभाग के उपनिदेशक अनिल कुमार सिंह और जिला कृषि पदाधिकारी खूंटी संतोष लकड़ा ने कृषि विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला.कृषक पाठशाला योजना की राज्य कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार योगी ने कार्यकारी एजेंसी को योजना की विस्तृत जानकारी दी।

सीआरपीएफ का उद्देश्य सामाजिक दायित्वों को निर्वहन करना है : अमित कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

बुंडू : रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र के चुरगी पंचायत अंतर्गत सारजमड़ीह में बुधवार को सीआरपीएफ 133 बटालियन की डी कंपनी के तत्वाधान में आमजनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, कृषि बागवानी को बढ़वा देने,खेल प्रतिभाओं को प्रेरित करने और शैक्षणिक माहौल को बेहतर करने के उद्देश्य से सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें चुरगी और बारूहातु पंचायत के आमजन महिला पुरुष स्कुली बच्चे शामिल हुए।मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित सीआरपीएफ 133 बटालियन के कमांडेंट अमित कुमार और विशिष्ट अतिथि उपकमांडेंट मृत्युंजय कुमार के द्वारा जरूरतमंदों बुजुर्गों को छाता,किसानों को मटर सरसों लहसुन खीरा के बीज एवं आम, कटहल, नींबू ,अमरुद के पौधे, ग्रामीण खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, नेट बॉल ,फुटबॉल ड्रेस, विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बॉक्स, कॉपी, पेंसिल,पानी बोतल, कलर पेंसिल बॉक्स और जरूरतमंदो के बीच घर का छप्पर बनाने के लिए टीना शेड़ दिया गया।कार्यक्रम के पश्चात जवानों के द्वारा सभी लोगों को भोजन भी खिलाया गया। मौके पर कमांडेंट अमित कुमार ने कहा कि सीआरपीएफ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आम जनमानस के बीच बेहतर संबंध बनाने के साथ ही साथ पुलिस और पब्लिक के बीच बनी खाई को पाटने की कोशिश कर रहा है जिसमें ग्रामीणों का सहयोग साराहनीय है।उप कमांडेंट मृत्युंजय कुमार ने कहा कि सीआरपीएफ का उद्देश्य सिर्फ देश और राज्य को सुरक्षा प्रदान ही नहीं है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में समाज कल्याण से संबंधित बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : आज उपायुक्त, शशि रंजन की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं/धात्री महिलाओं एवं नवजात बच्चों को दी जाने वाली पोषाहार की जानकारी ली गई एवं पोषाहार को सुनियोजित तरीके से वितरण करने हेतु आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरण किए जा रहे पोषाहार की जांच सम्बन्धित सी.डी.पी.ओ द्वारा समय-समय पर किया जाय। उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निदेशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सुनियोजित तरीके से पोषाहार सामग्रियों को आंगनबाड़ी के माध्यम से लाभुकों के बीच वितरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त लाभुकों की जानकारी ली गई तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किशोरियों की संख्या को शत-प्रतिशत कवर करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सुकन्या योजना एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का सुचारू रूप से लाभ उपलब्ध कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सेविका/सहायिका व अन्य कर्मियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सर्वे कर आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचनाओं व उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी दी जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाना महत्वपूर्ण है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में किचन गार्डेन बनाया जाय ताकि उचित पोषण के दिशा में भी उचित जागरूकता हो सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिया कि सभी एम.टी.सी सेंटरों का उचित संचालन किया जाय।उन्होंने कहा कि सभी कुपोषित बच्चों को पूरी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराया जाना चाहिए। साथ ही उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा निरंतर आंगनबाड़ी केंद्रों का अनुश्रवण किया जाय।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

पत्रांक...../ हुसैनाबाद, दिनांक ...../

रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-25/2022-23 जिसका PR No.-282996 (Water Resource) (22-23) D है, के निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
हुसैनाबाद

PR 290365 Minor Irrigation(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल,हुसैनाबाद

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/F_2-32/2022-23

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

1	कार्य का नाम	मेजराईन बड़का आहर का जिर्णोद्धार ग्राम – चनकार कस्तुरी–प्रखण्ड–हुसैनाबाद,जिला–पलामू
2	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	41.813 लाख
3	कार्य पूर्ण करने की अवधि	11 माह
4	वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	23.02.2023 (1:00 PM)
5	ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	01.03.2023 (5:00 PM तक)
6	ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय	03.03.2023 (12:30 PM)
7	ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद
8	ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता	7765955362, eemidhus-cemr-jhr@nic.in
9	ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0	0651–2214784
10	अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	02.03.2023 (3:00 PM तक)
11	ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय	(1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची।

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,हुसैनाबाद

PR 290381 Minor Irrigation(22-23).D

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-24/2022-23 Date – 15/02/2023

1.	Date of Publication of Tender on website	20/02/2023 up to 5.00 PM
2.	Last date/Time for receipt of bids online	27/02/2023 up to 5.00 PM
3.	Last date for receipt of bids fee and security	28/02/2023 up to 3.00 PM
4.	Date of opening of Tender	01/03/2023 up to 1.00 PM
5.	Last Date for Receipt of e -Tender Hard Copy of Bid's Fee, Security & Other Document's at	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 28/02/2023 up to 3:00 pm
6.	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga
7.	(a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer	9123447790 midloh632@gmail.com
8.	Helpline Number of e-Procurement cell	0651-2491232

Details of Works :-

Sl. No	Block	Name of Work	Estimated Cost (in Lac)	Cost of BOQ (in Lac)	Earnest Money (in Lac)	Last Date of Work Complition
1	2	3	4	5	6	7
1	Bhandra	Construction of Toilet at Upswasthya Kendra at Vill- Bhitha.	10.67186	0.02500	0.21400	2 Months
2	Bhandra	Construction of Toilet at Upswasthya Kendra at Vill- Bhauro.	13.91594	0.02500	0.27900	2 Months

Note: - Only e-Tender will be accepted

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

PR 290363 Lohardaga (22-23)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

पत्रांक...../ हुसैनाबाद, दिनांक ...../

रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/HUSSAINABAD/ F2-24/2022-23** जिसका **PR No.-282998 (Water Resource) (22-23) D** है, के निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
हुसैनाबाद।

PR 290364 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना,

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/F_2-29/2022-23

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

1	कार्य का नाम	संघता मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार ग्राम– ओवरा प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू
2	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	63.968 लाख
3	कार्य पूर्ण करने की अवधि	11 माह
4	वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	23.02.2023 (1:00 PM)
5	ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	01.03.2023 (5:00 PM तक)
6	ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय	03.03.2023 (12:30 PM)
7	ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद
8	ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता	7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in
9	ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0	0651–2214784
10	अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	02.03.2023 (3:00 PM तक)
11	ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय	(1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची।

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 290376 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

Office of The Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division Latehar

Very Short Tender Notice

Tender Referance No- DWSD/LTR/RM-11/22-23 Dt- 15.02.2023

1. Name of Department :- Drinking Water & Sanitatin Dept Jharkhand
2. Last date of BOQ Received :- 21.02.2023 upto 05:00 P:M
3. Date & Place of Bid Submitt :- 22.02.23 upto 03:30 P.M Office of EE DW & S Div Latehar
4. Date of Opening Tender :- 22.02.01.23 at 04:00 P.M
5. Place of BOQ Received :- 1. Download from Departmental Site of DWSD
6. Name & Address of Tender Inviting Authority :- Executive Engineer DW & S Div Latehar.
7. Contact No of Tender Inviting office :- 9430725642 & 6201242103

Detail Of Work:-

Sl No	Name of work	Block	No of T/Well	Eastimated Cost	Earnest Money	Cost of BOQ	Time of Completion
01	R/M to DT Well for Supplying all labour tools and Plants Hire Vehicle with fuel & Lubricant for Repairing of Tube well in Rural Area of DW & S division Latehar for Year 2022 -23	Bariyatu & Herhanj	150	144300.00	3000.00	500.00	30 Days

8. Eastimated Cost & EMD Cost may Be Changed.
9. Further Detail can be seen on Notice Board of office.

Executive Engineer
D W & S Div Latehar

PR 290344 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

कार्यालय: जिला शिक्षा पदाधिकारी,पलामू

नया समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–C मेदिनीनगर,पलामू (झारखण्ड) 822101 Email – deo.palamu@gmail.com

अल्पकालीन निविदा सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय), राँची के पत्रांक–12/यो1–06/2022(खण्ड)(SO/64)–1724 दिनांक –30.11.2022 के कंडिका–5 के अनुसार पुस्तकालय में पुस्तक का क्रय किया जाना है। उक्त के आलोक में संलग्न सूची के पुस्तक आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ता से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

I.	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक 24.02.2023 को 05 बजे तक
II.	निविदा जमा करने का स्थान	:–	कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू समाहरणालय परिसर, ब्लॉक 'सी0', मेदिनीनगर, पलामू
III.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक–25.02.22 को 04:00 बजे
IV.	निविदा खोलने का स्थान	:–	उपायुक्त, पलामू के कार्यालय वेश्म।

नोटः– निविदा संबंधित शर्ते एवं पुस्तकों की सूची जिला के अधिकारिक वेबसाईट Palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू

PR 290412 Jharkhand Education Project Council(22-23).D

राँची समाहरणालय,राँची (बाल संरक्षण इकाई)

गुमशुदा शिशु की सूचना (बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)

. नाम– अंशु प्रिया
. लिंग– बालिका
. पिता का नाम– अज्ञात
. माता का नाम– अज्ञात
. पता– अज्ञात
. उम्र – अज्ञात
. रंग – गोरा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–28/01/2023 को अपराहन् 06:50 बजे मांडर थाना द्वारा एक नवजात बच्ची को करूणा एन०एम०ओ०, राँची में लाया गया है। वर्त्तमान में बालिका बाल कल्याण समिति, राँची के आदेशानुसार करूणा एन०एम०ओ० बरियातु, राँची में आवासित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–

1. बाल कल्याण समिति, राँची राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, राँची। राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111 सम्पर्क नम्बर–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची।

PR 290377 (District)22-23*D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–सोमारी तिर्की, उम्र–41 वर्ष, रंग–गोरा
उँचाई– 5 फीट, 3ईंच, पहनावा–हरा रंग का मैक्सी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला सोमारी तिर्की, पति–रघुवीर तिर्की, सा0–नावाडिह, थाना–गोंदा, जिला–राँची, जो दिनांक 03.02.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में गोंदा थाना सनहा संख्या–12/23 दिनांक–12.02.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर,राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी, गोंदा, राँची। – 9431706162

PR.NO.290426 Police(22-23):D

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

प्रेस-विज्ञप्ति।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं तुलसी पाण्डेय, पिता–स्व0 अश्विनी कुमार पाण्डेय, साकिम–राजापाड़ा, पाकुड़, पो0–पाकुड़, थाना–पाकुड़ (न0), जिला–पाकुड़ (झारखण्ड), यह घोषणा, अंगीकार एवं स्वीकार करता हूँ कि राकेश पाण्डेय उर्फ पुट्टु पाण्डेय, (Puttu Pandey), पिता–श्री तुलसी पाण्डेय, साकिम–राजापाड़ा, पाकुड़, पो0–पाकुड़, थाना–पाकुड़ (न0), जिला–पाकुड़ (झारखण्ड) के द्वारा विगत कई वर्षो से विभिन्न लोगों से वित्तिय लेन देन बिना अपने पिता तुलसी पाण्डेय एवं परिवार के अन्य सदस्यों के जानकारी, सहमति से किया गया एवं वित्तिय लेनदारों एवं असमाजिक तत्वों के द्वारा समय–समय पर मेरे एवं मेरे पत्नी के नामित चल–अचल सम्पत्ति में आकर अशांति, दुर्व्यवहार व सार्वजनिक उपद्रव करते आ रहे थे एवं अपने पुत्र राकेश पाण्डेय उर्फ पुट्टु के व्यवहार से मैं एवं मेरा पूरा परिवार गहरे सदमें में जीवन बीता रहे थे एवं बाध्य होकर दिनांक 08.022023 को मोहल्ला–राजापाड़ा, पाकुड़ के गणमान्य व प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष, मैं एवं मेरा पूरा परिवार उक्त राकेश पाण्डेय उर्फ पुट्टु को मेरे व मेरे पत्नी के सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति से तथा परिवार के अन्य सदस्यों से सम्पूर्ण रिश्ता से त्येज्य व बेदखल कर दिया हूँ तथा उन्हें त्येज्य–पुत्र, समाज के गण्यमान्य व्यक्तियों एवं सगे, संबंधियों के समक्ष यह घोषित किया हूँ व जिसका सम्पूर्ण दस्तावेज भी तैयार किया गया है।

सर्व विदित हो कि राकेश पाण्डेय उर्फ पुट्टु के द्वारा किए गए किसी कृत्य (पूर्व, वर्तृतमान व भविष्य में) व वित्तिय लेन–देन, व्यवहार या अन्य के जिम्मेवार सिर्फ एवं सिर्फ राकेश पाण्डेय उर्फ पुट्टु होंगे एवं उन्हें त्येज्य पुत्र व सम्पति से बेदखल की सूचना सर्वसाधारण को सूचित करते हुए आगाह किया जाता है कि जो भी राकेश पाण्डेय उर्फ पुट्टु के कृत्य के लिए मुझे व मेरे परिवार के लोगों को व मेरे चल, अचल, सम्पत्ति में उपद्रव करेंगे वो कानूनन दोषी व कानूनी कार्यवाही के लिए जिम्मेवार होंगे।

झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

का0: अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, 455/A, रोड नं0-5, अशोक नगर, राँची

E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com Mob. No. – 7033594477 / 9304727852

ई–निविदा सूचना संख्या ल0 व0 प0 प0 (के0 प0)–03/2023
वर्ष 2023 मौसम में झारखण्ड राज्य में संग्रहित होनेवाली केन्दू पत्ती की अग्रिम बिक्री हेतु ई–निविदा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना

विगत वर्ष की भांति वर्ष 2023 मौसम में झारखण्ड में संग्रहित होने वाली केन्दू पत्ती की प्रचयवार "शुद्ध एक मुश्त राशि" के आधार पर अग्रिम बिक्री हेतु ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें वेब पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन निम्न विवरण के अनुसार प्राप्त की जायेंगी।

निविदा चक्र (निविदा रेफरेन्स सं0)	समय	निविदा अभिलेख डाउनलोड एवं समर्पण की तिथि	निविदा खोलने की तिथि
सातवाँ चक्र (KL/7/2023)	प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0	21.02.2023 28.02.2023	02.03.2023
आठवाँ चक्र (KL/8/2023)	प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0	03.03.2023 10.03.2023	13.03.2023
नवाँ चक्र (KL/9/2023)	प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0	15.03.2023 22.03.2023	24.03.2023

क्रेता पंजीकरण पत्र, निविदा शुल्क, सत्यंकर राशि, निविदाकार का करारनामा, आयकर विभाग द्वारा निर्गत PAN की अभिप्रमाणित प्रति, पिछले तीन लेखा वर्षों के आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित प्रतियाँ, GST निबंधन संख्या के प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति, विगत् लेखा वर्ष के GST रिटर्न की प्रति तथा अपलोड किये गये अन्य दस्तावेजों की एक–एक प्रति निविदादाता निविदा खुलने की तिथि के एक दिन पूर्व (11.00 बजे पूर्वाहन्) तक प्रमण्डलीय प्रबन्धक के कार्यालय में जमा करेंगे। समस्त इच्छुक निविदाकारों को ऑनलाईन निविदा भरने हेतु Digital Signature Certificate प्राप्त करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी यथा निविदा प्रपत्र, लॉट सूची, निविदाकार का करारनामा, निविदा से संबंधित शर्तें एवं बंधेज आदि वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन निविदा समर्पित करने के पूर्व निविदा प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी के लिये वन निगम के प्रमण्डलीय/अंचलीय कार्यालयों से तथा वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेषक (मुख्यालय), राँची, 8789362839
(2) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची, 7909091131
(3) श्री ब्रायन माईल्स, राँची, 9204240138

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची

PR 290394 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd (22-23)_D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, गुमला

भर्त्ती कैम्प–2023

रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला के तत्वाधान में दिनांक – 17.02.2023 (शुक्रवार) के पूर्वाहन 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्त्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान – जिला नियोजनालय कार्यालय, गुमला परिसर में।

Sl NO	Name of the Employer & Address	Name of the post	No. of Vacancy	Qualification Required		Experience / Height	Age (Min. / Max)	(Pay/ Scale)	Job Location
				Essential	Desirable				
1	2	3	4	5		6	7	8	9
1	SCHOOL NET INDIA LTD	Scholl Coordinator For Jharkhand Government Schools(Aadarsh Vidyalaya) in Gumla District	28	Graduate in any Discipline with min One Year PGDCA (Only University PGDCA Certificate will be Consider)	MCA/BCA / B,Sc. IT/ BE B.Tech/ M. Tech/O. Level/ A .Level / B. Leval or higher Level Course	No-	21 – 40 Years M/F	10.000 / (CTC)	झारखण्ड सरकार के गुमला जिला में स्थित आदर्ष विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं IT Lab संचालन हेतु School Coordinator की आवष्यकता है।

भर्त्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो भर्त्ती कैम्प से पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय या https://rojgar.jharkhand.gov.in के माध्यम से करा सकते है। अभ्यर्थी सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ (मूल एवं फोटो कॉपी) के साथ भर्त्ती कैम्प में उपस्थित होने का कष्ट करें :– शैक्षणिक प्रमाण पत्र Marksheet, Aadhar, Bank Passbook (सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति 2 सेट) नियोजनालय निबंधन कार्ड एवं 02 फोटो के साथ दिनांक– 17.02.2023 को पूर्वाहन 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिशिचित करें। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति की शर्तो के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्त्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 290353 Labour Employment and Traning(22-23).D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, गुरुवार, 16 फरवरी 2023 | पेज 10

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विधिवत पूजन आरंभ

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शक्ति मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय कार्यक्रम की आज शुरुआत की गई है। 15 फरवरी से 19 फरवरी तक शक्ति मंदिर के प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विधिवत पूजन के साथ शुभ आरंभ हुआ। 19 फरवरी को प्रभात फेरी एवं ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की जूटान होंगे। इस यात्रा में और ध्वज पदयात्रा कर शक्ति मंदिर प्रांगण मे सम्मिलित होंगे।

एलआईसी में सभी बीमा धारकों का निवेश पूरी तरह सुरक्षित है : धर्म प्रकाश

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बुधवार को गिरिडीह भारतीय जीवन बीमा निगम गिरिडीह शाखा में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी कि हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी के विभिन्न कंपनियों का शेयर का भाव गिर गया ।कुछ राजनीतिक पार्टियों एवं मीडिया ने कहा कि एलआईसी और स्टेट बैंक में निवेशकों को नुकसान उठना पड़ेगा। इस संबंध में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने कहा कि यह बात है " एलआईसी में निवेशकों का पैसा डूब जाएगा" बिल्कुल निराधार और गलत है। एलआईसी में सभी बीमा धारकों का पैसा सुरक्षित है ।मालूम हो कि 5 करोड़ की पूंजी से प्रारंभ होकर एलआईसी 67 वर्षों में 42 लाख करोड़ से अधिक की परिसंपत्ति अर्जित की है।

विदाई सह आशीर्वचन समारोह का आयोजन

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में

बारहवीं कक्षा के लिए विदाई सह आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी बच्चे हवन में सम्मिलित हुए। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा बारहवीं के वर्ग शिक्षक ए. एन. सिंह, सुमित कुमार एवं एस. एन. झा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर प्राचार्य श्री प्रसन्न कुमार मिश्रा ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने और जीवन में हमेशा उन्नति करने के लिए आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अब आपको रोकने वाला कोई नहीं मिलेगा। आप सदैव सावधानी बरतें आई.ए.एस, पी.सी.एस, इंजीनियर, डॉक्टर बनने के साथ-साथ एक अच्छे इंसान जरूर बने। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें और अपने अंदर कभी भी नकारात्मकता को न पनपने दें। सूफ़िया को मिस टाटा डीएवी तथा पीयूष को मास्टर टाटा डीएवी जामाडोबा पुरस्कार से नवाज़ा गया। सबसे अधिक उपस्थिति के लिए मयंक को, अनुशासन के लिए नाज़नीन को, अकादमिक के लिए सपना एवं अंकित को पुरस्कृत किया गया। सभी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बारहवीं के विद्यार्थियों ने खेल से सम्बंधित सामग्रियों को सहयोग के रूप में प्रदान किया। मंच का संचालन आएशा ज़रा तथा ईशान समीर ने किया।

बिजली के जर्जर तार व लोहे के खम्भे से लोग भयभीत

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : घनी आबादी के कुँजी दुबे टोला और

तेलमोचो ओझा कुल्ही मे बीसीसीएल के द्वारा वर्ष 1984 मे पुर्व मंत्री स्व0 समरेश सिंह के प्रयास से बिजली के एलटी लाईन आपुर्ति किया गया था । जिसपर ही बाद मे बिजली विभाग ने अपना कनक्शन जोड़ दिया है । जो अब काफी जर्जर हो गया है, थोड़ा सा हवा आने पर लोहा का खम्भा हिलने लगता है और तार आपस मे टकरा कर आग उगलने लगता है, कभी कभी टुटकर गिर भी जाता है, गनीमत रहा है कि अभी तक कोई मनुष्य चपेट मे नही आया है, एक, दो, बार जानवर चपेट मे आकर मौत का शिकार हो गया है, उक्त सारा क्षति का पुर्ति ग्रामीण आपस मे मिलजुल कर पुरा करते रहे है ढ्ढ ग्रामीणों ने बताया की विभाग को जानकारी रहने के बाद भी बैखबर है, यदि बड़ा दुर्घटना घटता है तो उसका जिम्मेवार कौन होगा ? समय रहते यदि उक्त बिजली के जर्जर तार और लोहा के खम्भा केा बदला नही गया तो भगवान भरोसे ही जिने को मजबुर होगा । इस संबंध में विभाग के एसडीओ अनिल कुमार से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि ग्रामीण इससे संबंधित आवेदन विद्युत महाप्रबंधक को दें।उनके आदेश पर ही सामान उपलब्ध हो पायेगा।सामान उपलब्ध होने के बाद ही इसपर काम होना संभव है।मौके पर चितरंजन दुबे, विधुत दुबे महाकाल, गोपाल दुबे, निलकण्ठ दुबे, शम्भु नाथ दुबे, निमाई चन्द्र दुबे, सुदाम दुबे, सन्दीप दुबे, प्रणव दुबे, रोशन दुबे, जयराम दुबे, गोपेश्वर तिवारी, प्रदीप कुमार तिवारी, विष्णु दुबे, बास्की नाथ दुबे, सागर दुबे, रजत दुबे, सोमनाथ दुबे, प्रकाश दुबे, बलदेव तिवारी, जितेश दुबे, राहुल दुबे, आदी मौजुद थे ।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय में किट का वितरण

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के बंगराकला

पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंगराकला में सरकार द्वारा प्रदत शिक्षण किट का वितरण विद्यालय के बच्चों के बीच स्थानीय मुखिया सावित्री देवी के द्वारा किया गया. कॉपी का वितरण संख्या पहला दूसरा और तीसरे वर्ग के बच्चों के बीच पांच पांच कापियाँ तथा चौथी और पांचवीं कक्षा के बच्चों को दस दस कापियाँ एवं छठी, सातवीं तथा आठवीं कक्षा के बच्चों के बीच बच्चों को पंद्रह पंद्रह कापियों का वितरण किया गया. मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरी साव, पारा शिक्षक अजय पांडेय, किशोरी शर्मा, विद्यालय के अध्यक्ष अजीत ठाकुर, प्रबंधन समिति सदस्य शंकर साव समेत दर्जनों ग्रामीण एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

अजमेर शरीफ, आगरा व फतेहपुर सिकरी के लिए रवाना हुए नागरिक

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत पर्यटन निदेशालय द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत अजमेर शरीफ आगरा एवं फतेहपुर सिकरी के लिए गिरिडीह के नागरिक रवाना हुए। इसी कड़ी में आज सुबह 7:30 बजे समाहरणालय, परिसर से गिरिडीह के कुल 47 मुस्लिम धर्मावलम्बी दो नोडल पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत अजमेर शरीफ,आगरा एवं फतहपुर सिकरी के लिए रवाना हुए। जिला खेल पदाधिकारी ने धर्मावलम्बियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह तीर्थदर्शन 15 फरवरी से 21 फरवरी तक होनी है। बताते चले की झारखंड के सभी जिलों के चयनित मुस्लिम धर्मावलम्बियों को शाम 5 बजे हटिया स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के द्वारा तीर्थदर्शन के लिए रवाना किया जाएगा। तीर्थयात्रियों को जिले के उपायुक्त तथा सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : डीडीसी ने तीर्थ यात्रियों की बस को किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों से मुस्लिम धर्मावलंबियों को मिश्रीत भवन से डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालिवाल, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया।

बस को रवाना करने के बाद डीडीसी ने कहा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत धनबाद जिले के सभी यात्रियों को हटिया रेलवे स्टेशन से आज आइआरसीटीसी के माध्यम से एक विशेष ट्रेन से अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी के दर्शन कराए जाएंगे। तीर्थ स्थल का दर्शन करने के बाद 21 फरवरी को सभी धनबाद लौटेंगे।

तीर्थ दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों में बलियापुर प्रखंड से 20, निरसा से 21, बाघमारा से 14, टुंडी से 11, पूर्वी टुंडी एवं कलियासोल से 7 - 7 यात्री, गोविंदपुर से छः, तोपचांची से पांच एवं एगारकुंड प्रखंड के 3 यात्री शामिल हैं।

कृषि कानून के खिलाफ जामाडोबा चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : सरकार के काले कानून के खिलाफ पूरे झारखंड के खाद्यान, फल एवं सब्जी विक्रेता, रिटेल और होलसेल व्यापारी मिलकर बंद का आह्वान किए हैं। जामाडोबा चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भी जामाडोबा में सरकार के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया तथा अनिश्चितकालीन बंद करने का आह्वान किया। वही जामाडोबा चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष राजेश्वर कुमार गुप्ता का कहना है की सरकार के काले कानून जिसमें की मंडी टैक्स के रूप में 2न लगाया जाएगा जिससे कि सभी व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं का भी नुकसान है। इस काले कानून से अफसरशाही बढ़ेगी और महंगाई भी बढ़ेगी। वर्तमान की सरकार द्वारा व्यापारियों को दमन करने वाला कानून लागू किया जा रहा है। अन्य किसी भी राज्य में इस तरह का कानून नहीं लगाया गया है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिन्हें एक देश एक टैक्स की पॉलिसी का प्रचार किया है वही झारखंड की सरकार अपने निजी स्वार्थ के लिए इस तरह का काला कानून व्यापारियों पर थोपना चाहती है। जिसका व्यापारी वर्ग पुरजोर विरोध करते हैं। मौके पर कन्हिया लाल वर्मा, मनोज साव, रहमत इराकी, मुमताज़ आलम, मन्नू साव, आरिफ सिद्दीकी आदि मौजुद थे।

बरवाअड्डा के बजार समिती में पसरा सन्नाटा

राज्य के सभी थोक विक्रेता हड़ताल पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखण्ड सरकार के काले कानून के खिलाफ पूरे झारखंड के व्यापारी 15 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। आज से धनबाद जिले भर के थोक ब्रिक्रेताओं के साथ बरवाअड्डा के कृषी बाजार समिती में भी सभी दुकाने बंद है। वहीं कच्चे फल जो की किसानों द्वारा मंडी में लाया गया है उसे दुकानों की जगह ख़ाली पड़े कैंपस में खाली किया जा रहा है। बरवाअड्डा बाजार समिती चेम्बर के सचिव विकास कांदवे ने बताया की झारखण्ड सरकार के दमनकारी नितियों और कृषी बाजार शुल्क में 2 प्रतिशत की बढ़ौतरी पर पुरे राज्य

के व्यापारियो में रोस देखा जा रहा है। जब तक सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती व्यापारी अपनी हड़ताल जारी रखेंगे।

चेंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज ने कृषि मंत्री का किया पुतला दहन

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड के कृषि मंत्री द्वारा विधानसभा से पारित किए गए कृषि कानून विधेयक के विरोध में बुधवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के बैनर तले शहर के टावर चौक पर कृषि मंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में व्यवसाई मौजूद थे। सभी ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा लाए गए कृषि कानून विधेयक का विरोध किया। इस बाबत चेंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के सचिव राहुल बर्मन ने कहा कि झारखंड एक खनिज प्रधान राज्य है। कृषि मंत्री द्वारा यहां के व्यापारियों और जनताओं का दोहन किया जा रहा है। कृषि बिल के लागू होने से उपभोक्ताओं

और आम आदमी पर बोझ बढ़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार इस पर पुनर्विचार करें। कृषि मंत्री राज्य की जनता को गुमराह कर रही है। इस बिल के लागू होने से 2प्रतिश्सत का टैक्स और बढ़ेगा जिसका असर आम आदमी पर पड़ेगा।

धनबाद : प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने ठप की ट्रांसपोर्टिंग

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : कतरास मे प्रदूषण से परेशान व पानी छिड़काव की मांग को लेकर ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत केसरगढ़ के ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग कंपनी संजय उद्योग के कैम्प के समक्ष घंटों ट्रांसपोर्टिंग ठप रखी। ग्रामीणों का कहना था कि कंपनी नियमों को ताक पर रखकर ट्रांसपोर्टिंग कर रही है। आस पास के रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया हैं। ग्रामीण भारी प्रदूषण से परेशान हैं। प्रदूषण के कारण विभिन्न बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। मालूम हो कि ब्लॉक दो क्षेत्र में संजय उद्योग द्वारा ओबी हटाने का नया काम किया जा रहा है। काम के दौरान भारी मात्रा में आसपास डस्ट उड़ती रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है। स्थानीय प्रबंधन के आश्वासन पर ग्रामीणों ने आंदोलन को वापस लिया।

गिरिडीह में जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन

बालिका वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त की सृष्टि कुमारी ने

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : बुधवार को नेहरू युवा केन्द्र गिरिडीह के द्वारा आयोजित गिरिडीह स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। जिसमे ज़िले के विभिन्न प्रखंडो से खिलाड़ियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सदर उप- प्रमुख कुमार सौरभ, सिंडिकेट सदस्य रंजीत राय, क्रीड़ा भारती से अमित स्वर्णकार उपस्थित थे। वही बताया गया कि दो दिवसीय खेल कूद में फुटबॉल, कब्बडी, दौड़, भाला फेक, वॉलीबॉल खेल कराया गया । वही बताया गया कि फुटबॉल में सदर प्रखंड से नगीना स्पोर्टिंग क्लब कोरनातांड वही पीरटांड से

स्वामी विवेकानंद युवा क्लब उपविजेता रहा । वही वॉलीबॉल में विजेता में टाइगर्स युवा क्लब बड्डीहा रहा। वही उपविजेता में पीरटांड़ रहा। वही कब्बडी बालक वर्ग में विजेता में स्वामी विवेकानंद क्लब पड्डूडीह (सदर) वही उपविजेता पीरटांड़ रहा । साथ ही भाला फेक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिलकेश्वर हांसदा, द्वितिय स्थान पंकज रजक , तृतीय स्थान प्रेम कुमार ने प्राप्त किया। वही बालिका वर्ग दौड़ में ज्वाला युवा क्लब केन्दुआगढा की सृस्टि कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की , द्वितिय अवंति कुमारी , तृतीय ज्योति कुमारी ने प्राप्त किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों द्वारा मोमेंटो व मेडल देकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपप्रमुख कुमार सौरभ ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका नहीं मिल पाता है।यह अवसर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नही है। सिंडिकेट सदस्य रंजीत राय ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से ग्रामिण खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा दिखाने का अच्छा प्लेटफॉर्म प्रदान करता है ।क्रीड़ा भारती से अमित स्वर्णकार ने कहा कि खेलकूद से अनुशासन की भावना का भी विकास होता है।

रविन्द्र वर्मा के प्रयास से रुका बुलडोजर सफाई कर्मियों को मिली राहत

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रेलवे के आई डब्लू, सैकड़ों वर्षो से बसे रेलवे हॉस्पिटल कॉलोनी पम्पू तालाब सफाई कर्मियों के घरों में बिना किसी सूचना के अचानक बुलडोजर लेकर घरों को तोड़ने के मकसद से पहुंचे। स्थानीय सफाई कर्मियों द्वारा काफी मिन्नत करने के बाद भी रेलवे के सभी पदाधिकारी पुलिस बल के साथ अड़े रहे। तत्पश्चात मनोज कुमार हाड़ी की सूचना पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे। श्री वर्मा की आग्रह पर रेलवे के पदाधिकारीगण के द्वारा अगले आदेश तक तत्काल इस कार्य को रोक दिया गया जिससे गरीबों को काफी राहत मिली। इस आदेश को सुन कर सफाई कर्मियों ने सभी पदाधिकारियों को विशेष रूप से प्रदेश महासचिव रविन्द्र वर्मा को धन्यवाद दिया। वर्मा ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान हेतु मैं माननीय उपायुक्त महोदय से मिलकर बात करूंगा।

कांग्रेस ने बाघमारा में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बाघमारा : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार आज बाघमारा प्रखंड के अंतर्गत हरियाणा ग्राम पंचायत में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम जिला प्रभारी सतपाल सिंह ब्रोका के नेतृत्व में तथा प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई कार्यक्रम के तहत पदयात्रा की शुरुआत शहीद सम्राट मैती द्वार से नमन करते हुए प्रारंभ होकर हरना गोमो रोड होते हुए हरना बस्ती में प्रवेश किया हरिना बस्ती भ्रमण करते हुए पदयात्रा हरिना बाजार पहुंची। तथा नुक्कड़ सभा में बदल गई नुक्कड़ सभा को कार्यक्रम प्रभारी सतपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं को उजागर करने का ही यह यात्रा का उद्देश्य है बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार है रोज नए-नए हथकंडे अपना रही है सार्वजनिक उपक्रमों को एकाएक कर अपनी अदानी अंबानी बंधुओं को बेच रही है जीवन रक्षक दवाओं के मूल्यों में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी गई है

देश में नफरत का बीज बोया जा रहा है लगन देव यादव ने सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की तथा हाल में पेश बजट को छलवा बताएं। कार्यक्रम में प्रोफेसर डी पी पांडे रंजीत पांडे धनेश्वर ठाकुर पूरे चौबे भोला रवानी आलम अंसारी विकास ठाकुर विकास महतो विनोद शर्मा राजन रवानी पूर्ण नापित मनोज साहू धनेश्वर रजवार सुदेश दास उपेंद्र दास ठाकुर बबलू पांडे इंदल यादव राजा रावानी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

धनबाद : वरिष्ठ अधिवक्ता ने रामगढ़ के अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बुधवार को स्टेट बार काउंसिल के कार्यकारिणी अध्यक्ष, धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने बुधवार को रामगढ़ से आए अधिवक्ता मो नौशाद आलम, बी गणेश दुबे, इफ्तावार अहमद, और इंद्र किशोर राम को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अधिवक्ताओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। वहीं इस मौके पर राहुल गोस्वामी, राजा गोस्वामी, शेख खालिद, दीपेश महतो, वीणा कुमारी, संजू कुमारी, संजीत कुमार महतो, नंदकिशोर रवानी, बच्चू , सोनू, शिबू दा, राजीव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

होली के अवसर पर और 09 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से 07 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है ।

इसी क्रम में और 09 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.04048/04047 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस - 04048 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 06 एवं 08 मार्च, 2023 को आनंद विहार से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 21.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04047 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 07 एवं 09 मार्च, 2023 को मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 23.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर, लखनऊ, चंदौसी, मुरादाबाद स्टेषनों पर रूकेगी ।

2.04412/04411 आनंद विहार-सहरसा-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस - 04412 आनंद विहार-सहरसा विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 02, 06 एवं 09 मार्च, 2022 को आनंद विहार से 11.10 बजे खुलकर अगले दिन 11.20 बजे सहरसा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04411 सहरसा-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 03, 07 एवं 10 मार्च, 2023 को सहरसा से 14.30 बजे खुलकर अगले दिन 13.55 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। यह फेस्टिवल स्पेषल अप एवं डाउन दिषा में हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दलसिंहसराय, बरौनी जं. बेगूसराय, खगड़िया, सिमरी बख्तियारपुर स्टेषनों पर रूकेगी ।

3.04060/04059 आनंद विहार-जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस - 04060 आनंद विहार-जयनगर आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 03, 07 एवं 10 मार्च, 2023 को आनंद विहार से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.15 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 04059 जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेषल एक्सप्रेस 04, 08 एवं 11 मार्च, 2023 को जयनगर से 17.00 बजे खुलकर अगले दिन 19.55 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, गुरूवार, 16 फरवरी 2023 | पेज 11

संक्षिप्त खबरे

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत, एक रिम्स रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेन्हा थाना क्षेत्र में देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों में से एक कि मौत हो गई है वहीं दूसरे को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताते चले कि सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर के समीप एन एच 143 ए पथ पर राजू आटा मिल के पास देर शाम हुई दो बाइकों के टक्कर में दोनो बाइक चालक धनी उरांव व सत्यम यादव गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान सत्यम यादव की मौत हो गई है वहीं धनी उरांव को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बाइक चालक सह सेन्हा थाना निवासी दिवंगत सत्यम यादव रघुवीर यादव कर पुत्र था। वहीं घटनास्थल पर 108 एम्बुलेंस के देर से पहुंचने पर ग्रामीणों ने रोष जताया है।

लंबित कांडों का करें त्वरित निष्पादन : एसपी

क्राईम मीटिंग में पुलिस कप्तान आर रामकुमार ने दिए कई अहम निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा के पुलिस कप्तान आर रामकुमार द्वारा जिला पुलिस कार्यालय में बुधवार को जिले के सभी शीर्ष पुलिस पदाधिकारियों, थाना अध्यक्षों व अन्य अधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग किया गया। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थानों के थानाध्यक्ष से उनके क्षेत्र में होने वाले कांडों के बारे में चर्चा कर कई अहम निर्देश दिए। जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, वाहन चेकिंग, गश्ती व वारंटियों के मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का आदेश दिया गया। पुलिस कप्तान ने पुलिस और पब्लिक के बीच रिश्ते को प्रगाढ़ करने तथा थानों पर पहुंचने वाले हर मामलों को बेहतर ढंग से निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा गया कि थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों के अपराध पंजी

में शामिल अपराधियों की कुंडली भी तैयार करें और उनके विरुद्ध धड़-पकड़ अभियान तेज करें। क्राइम मीटिंग में उन्होंने थानेवार लंबित मामले, शिकायतें लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट नोटिसों का तामिला आदि की भी समीक्षा कीं। एसपी ने रात्रि गश्ती तेज करने, थाना कांडों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। घंटों चली इस मीटिंग में आपराधिक घटनाओं और उससे संबंधित कारवाई पर चर्चा हुई। आपराधिक घटनाओं, लूट-पाट, हत्या सहित अन्य घटनाओं में अब तक कारवाई और उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली गई। पुलिस निरीक्षक थानेदारों को स्पष्ट तौर पर कहा कि हर हाल में क्राइम कंट्रोल होनी चाहिए। उर्स मेला, महाशिवरात्रि समेत त्योहारों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिए गए। पुलिस कप्तान ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मानित करने का भरोसा दिलाया। बैठक में डीएसपी अभियान दीपक पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीएन सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, लोहरदगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मंटु कुमार, किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार, पेशरार अख्तर अली, सेन्हा धनंजय पासवान, भंडरा गौतम कुमार, कैरो शंखनाथ उरांव, जोबांग शशि शेखर, बगडू पंकज कुमार शर्मा, महिला थाना प्रभारी किरण पंडित, सेरेंगदाग अनंत मरांडी आदि समेत सभी विभागों के इंचार्ज सहित शीर्ष पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त ने पर्यटन, खेलकूद के क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज पर्यटन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्य योजना से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में खेल से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव में जिला में पहले से निर्मित बैडमिंटन कोर्ट में फ्लोरिंग, जेनरेटर, लाईट व टॉयलेट का कार्य, जिम का आधुनिकीकरण का कार्य कराने, जिम के लिए एक प्रशिक्षक, चेजिंग रूम, लॉकर का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजे जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार जिला के शहरी क्षेत्र में एक स्वीमिंग पुल (ओलंपिक स्तर का), का प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने का निदेश दिया गया जहां पर एक चेंजिंग रूम, टॉयलेट, शॉवर भी हो। साथ ही,तैराकी का एक प्रशिक्षक, स्वीमिंग पुल के लिए एक सफाईकर्मी व अन्य स्टाफ का भी प्रस्ताव तैयार कर विभाग भेजे जाने का निदेश दिया गया। आवासीय तीरंदाजी व कुश्ती प्रशिक्षण के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। फुटबॉल डे बोर्डिंग प्रशिक्षण में खिलाड़ियों को ड्रेस किट (जर्सी, जूता, मोजा) सीएसआर मद से उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया। पर्यटन अंतर्गत टिको स्थित शहीद वीर बुधु भगत स्थल के पास लगनेवाले मेला स्थल की भूमि में पार्क एवं मेला स्थल हेतु भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने का निदेश दिया गया। पर्यटन अंतर्गत प्राप्त राशि से अखिलेश्वर धाम में एकसफाई कर्मी एवं एक वॉचमैन, तालाब में बोटिंग, बोट चालक व लाईफ गार्ड का प्रस्ताव, कोरांबे मंदिर में एक वॉचमैन, टॉयलेट के लिए सफाईकर्मी, मसमानो स्थित शिव मंदिर में दो सुरक्षा गार्ड व सफाई कर्मी, महादेव मंदिर में दो वॉचमैन रखे जाने का निदेश दिया गया। शेष राशि से आवश्यक साईनेज लगवाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जिला अभियंता जिला परिषद समेत अन्य उपस्थित थे।

15 से अनिश्चितकालीन बंद का समर्थन हेतु कैरो पहुँचे व्यापारी संघ, काले कानून को वापस ले सरकार : संघ

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : कैरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न खाद्यान दुकानों में कृषि उपज एवं पशुधन विपणन 2022 विधेयक के विरोध में जिला के खद्यान व्यापारियों ने 15 फरवरी बुधवार को काला बिल्ला लगाकर सरकार को यह संकेत दे दिया कि काले कानून को हर हाल में वापस लेना होगा, नहीं तो इस बार व्यापारी पूरी तरह उलगुलान के मूड में है। व्यापारियों ने अनिश्चित कालीन बंदी को सफल बनाने के लिए कैरो प्रखंड व्यापारी संघ को अपनी अपनी दुकानें बंद कर इस काले कानून का पुरजोर विरोध करने का आह्वाहन किया। व्यापारी वर्ग यह तय कर लिया है कि इसबार की लड़ाई आरपार की है और जबतक व्यापारी विजय नहीं होंगे तबतक व्यापारी शांत नहीं बैठेंगे। व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि इस जोर जुर्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा

है। काला बिल्ला का नेतृत्व चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार द्वारा किया गया जबकि चैम्बर वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय कांस्यकार, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल, लोकेश प्रसाद व्यापारी सचिन सिंघानिया, मनीष कुमार अग्रवाल गुड्डू, भोला अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आशीष कुमार लव कुश अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, विकास अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, भोला प्रसाद, कन्हैयालाल, पंकज अग्रवाल, आनन्द अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, फैज मोहम्मद, बबलू खान सौरभ कुमार, ओम साहू, कुलदीप उरांव, नवाब खान, कमलेश प्रसाद, बजरंग प्रसाद,मुरारी सोनी,गोपाल सोनी, मनोज साहू, सुरेंद्र साहू, सुजीत प्रसाद शिवशंकर साहू इत्यादि शामिल थे।

जब जब व्यापारी बोला है, तब तब सिंहासन डोला है : रितेश कुमार

खद्यान व्यापारियों ने दिखायी चट्टानी एकता, ज़िला का पूरा खद्यान बाजार स्वत : स्फूर्त बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : खाद्यान व्यापारियों के एकजुटता व इनकी प्रतिबद्धता आज के अनिश्चितकालीन बंद को सफल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा। केवल एक दिन का व्यवसाय बंद रहने से लगभग 10 करोड़ का खाद्यान व्यापार प्रभावित रहा एवं लगभग 1.5 करोड़ का सरकारी राजस्व का भी घाटा हुआ। अगर सरकार व्यापारियों की इस चट्टानी एकजुटता को अब भी नाकारेगी तो यह निश्चित है कि सरकार को जो घाटा आज व्यापारियों ने दिया है आगे इससे और भी वीभत्स स्थिति पैदा हो जायेगी। सरकार से आग्रह है कि व्यापारियों की मनःस्थिति को समझे और अविलम्ब कृषि कानून को वापस ले। आज चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार के

नेतृत्व में जिला के व्यापारियों का टीम नगर क्षेत्र, प्रखंडो व गांवों का लगातार दौरा किया गया एवं व्यापारियों से इस बंद का समर्थन प्राप्त किया। हर जगह व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानो को स्वतःस्फूर्त बंद रखा तथा चैंबर के हर निर्णय में कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। वही चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता से सरकार की सिंघासन डोल चुका है और यदि सरकार व्यापारियों की मांग को अविलम्ब पूरा नहीं करती है तो इस झारखण्ड सरकार के जड़ को हिलाकर रख देंगे। हमारी मांगो के समक्ष सरकार को हरहाल में झुकना होगा। जबतक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है और बाजार समिति भंग कर 2त्न कृषि टैक्स कानून वापस नही लेती है,आगे आंदोलन को और धारदार बनाया जायेगा।

दुर्गेश साहू ने पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खेलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया शुभारंभ

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित खेल प्रांगण में आयोजित हुआ पाँच दिवसीय स्वर्गीय नन्दलाल प्रसाद साहु मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन किया गया। मौके पर खेल प्रतियोगिता के संरक्षक सह मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष जयनाथ साहु, नेसार अहमद तथा प्रखण्ड क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा स्व साहु के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। खेल प्रारम्भ करने से पहले राष्ट्रीय गान के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरम्भ कराया गया। आयोजित प्रतियोगिता में लोहरदगा व गुमला जिला क्षेत्र से 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहु ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा की खेल को खेल की भवना से खेलें और निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें खेल एकता और आपसी भाईचारा से रहने का सिख देता है। आज खेल के माध्यम से खिलाड़ी गण बुलंदियों को छू रहे हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच सीएम घाघरा और एजे स्टाइल लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी सूट आउट में एजे स्टाइल लोहरदगा की टीम ने सीएम घाघरा को 4-5 से हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया।मौके पर मुख्य अतिथि सह संरक्षक दुर्गेश प्रसाद साहु, अध्यक्ष जयनाथ साहु के अलावे नेसार अहमद, अजय नाथ शाहदेव, शौकत अंसारी, आदरा उराँव, गौतम साहु, फिरोज अंसारी सहित प्रखंड व पंचायत के कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने 27 मुस्लिमों को अजमेरशरीफ के लिए हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत बीपीएल श्रेणी के 27 मुस्लिम धर्मावलंबियों और एक नोडल अफसर को आज बुधवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन,रांची के लिए रवाना किया गया। सभी तीर्थयात्रियों को हटिया स्टेशन से विशेष टेंशन से अजमेरशरीफ, आगरा और फेतहपुर सिकरी की तीर्थ यात्रा पर ले जाया जाएगा। तीर्थयात्रियों का यह जत्था निर्धारित तीर्थस्थलों के दर्शन उपरांत दिनांक 21.02.2023 को वापस हटिया स्टेशन पहुंचेगा। इस अवसर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत आज जिला के मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेरशरीफ, आगरा और फतेहपुर सिकरी की तीर्थ यात्रा पर भेजा जा रहा है। सभी की सकुशल यात्रा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं। इससे पूर्व उपायुक्त ने सभी तीर्थयात्रियों को झारनेट वीसी रूम में संबोधित किया और उनके सकुशल यात्रा की कामना की। आज इस अवसर पर उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

टीबी बिमारी उन्मूलन को ले चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन हेतु जिला यक्ष्मा विभाग एवं पीरामल स्वास्थ्य द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में आज किस्को प्रखंड अंतर्गत राजकिय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेटहट में पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों के बीच टीबी बिमारी उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहभागिता का होना बहुत जरूरी है, ताकि समाज के लोग भी आगे आकर टीबी मुक्त भारत में अपना योगदान दे सके। उन्होंने बताया कि किसी को दो सप्ताह से खांसी, तेज बुखार, अधिक पसीना आ रहा हो, बलगम

में खून आ रहा हो ये सभी टीबी के मुख्य लक्षण है। जैसे ही किसी भी व्यक्ति का टीबी के लक्षण हो तो तुरंत इसकी जांच करावें। इसकी जांच और इलाज सरकारी अस्पताल में फ्री में उपलब्ध है। पीरामल के जिला प्रतिनिधि संजय कुमार ने भी बच्चों को बताया कि टीबी बिमारी को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। ताकि समय से इसकी पहचान कर उपचार प्रारंभ किया जा सके। इसके लिए लगातार सामुदायिक बैठक का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित कई अन्य शिक्षक मौके पर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभ हेतु ग्रामसभा कर किया गया लाभुक का चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : कैरो प्रखंड मुख्यालय पंचायत भवन में 14 फरवरी मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभ से लाभान्वित करने हेतु पशुपालन गव्य विकास विभाग कैरो के द्वारा प्रभारी पशुचिकित्सा पदाधिकारी अनिल कुमार के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा के माध्यम से गाय वितरण के लिए लाभुको का चयन किया गया। जिसमे 90 प्रतिशत अनुदान पर पांच अनुसूचित जन जाती एवं एक अनुसूचित जाति का लाभुक का चयन किया गया जिसमे मंगरा उरांव, शोहदरा देवी, खुसबू कुमारी, सुनीता देवी, सुकरवती मिंज। ग्राम सभा के माध्यम से मौके पर उपस्थित मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा की सरकार की यह एक महत्व पुर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत वैसे लोगो को गाय दिया जा रहा है जो इछुक होने के साथ साथ जरूरतमंद है। गाय पालन कर किसान अपने आर्थिक स्थित को मजबूत कर सकते हैं। मौके पर पंचायत सचिव गुहा उरांव, ग्राम प्रधान पंचम उराँव, रोजगार सेवक नन्दा भगत, वार्ड सदस्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

महाशिवरात्रि व उर्स को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सेन्हा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के उद्देश्य से बुधवार को बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा के नेतृत्व में सेन्हा थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य सड़क पर पेट्रोल पंप शुरु होकर सेन्हा बक्सीडीपा सरेंगहातु, तोड़ार बरही तक पहुंच कर समाप्त हुआ। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि महाशिवरात्रि व उर्स कार्यक्रम को लेकर प्रखंड व पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिए प्रखंड प्रशासन तत्पर है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में आपसी भाईचारगी और सौहार्द के साथ रहने की बात कही साथ ही कहा कि कानून को हाथ में लेने वाले पर कड़ी कारवाई किया जाएगा। प्रखंड प्रशासन अपनी पैनी नजर से क्षेत्र के लोगों पर निगरानी कर रही है। किसी भी व्यक्ति द्वारा आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है। या गलत अफवाह फैला कर शांति भंग करने का प्रयास किया जाता है। तो वैसे व्यक्ति पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। थाना प्रभारी धनजय कुमार पासवान ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य है। क्षेत्र में अमन चैन कायम रखना जिसे किसी व्यक्ति को परेशानी न हो जिसे लोग अमन चैन से रहें। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी धनजय कुमार पासवान, सअनि राजेश शर्मा, आयत खेस के अलावे पुलीस जवान शामिल थे।

झारखंड की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर : सोनू रजा

हजारों विद्यालय में मात्र एक शिक्षक और वर्क लोड अनेक, कब लेंगे क्लास

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : झारखंड की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है और ऐसा लगता है कि अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। शिक्षा विभाग के मंत्री और वरीय अधिकारियों ने भी सबकुछ जानते हुए भी सबसे महत्वपूर्ण विभाग को उसके हाल पर छोड़ दिया है। राज्य में शिक्षकों की भारी कमी है। हजारों प्राथमिक विद्यालय महज एक शिक्षक के भरोसे संचालित किये जा रहे हैं। उस एक शिक्षक के कंधों पर भी पढ़ाना छोड़कर दर्जनों विभागीय कार्य का बोझ रहता है जिसे हर हाल में पूरा करना ही है। परिणाम स्वरूप विभाग की मेहरबानी से बच्चों की पढ़ाई चौपट हो गई है।ये बातें प्रखंड की स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के मीडिया प्रभारी सोनू रजा ने आज प्रेस बयान जारी कर कहीं।उन्होंने

कहा कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री और अफसरों को राज्य के गरीब नौनिहालों का भविष्य बर्बाद होने से कोई मतलब नहीं है?। क्या कोई भी सरकारी अधिकारी या मंत्री सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाएगा। राज्य में 50 हजार शिक्षकों की बहाली जल्द होगी सुनते-सुनते बच्चे बड़े हो जा रहे और बिना पढ़े उनकी कक्षाएं आगे बढ़ती जा रही हैं। इस बात से कौन इंकार कर सकता है कि आज स्वास्थ्य विभाग,कल्याण विभाग और प्रखंड सह अंचल कार्यालय का काम भी शिक्षकों के ऊपर थोप कर उन्हें क्लास रूम से दूर रखने की गहरी साजिश रची जा रही है,ताकि झारखंड के गरीब बच्चे पढ़-लिख कर अपने हक-अधिकार की बात त न करने लगें।सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए स्कूलों को अपग्रेड तो कर दिया लेकिन शिक्षक नियुक्ति के बिना सिवाय फॉर्म भराने और सर्टिफिकेट देने के वहां क्या हो सकता है। क्या बिना उचित संख्या में शिक्षकों की बहाली किये बिना ही सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधर जाएगी। अगर सच में सरकार स्कूलों की बदहाल स्थिति को सुधार कर राज्य के गरीबों के बच्चों का उत्थान करना चाहती तो सिर्फ जेटेट की नियमावली न बनाते रहती,परीक्षा भी लेती और शिक्षकों की बहाली भी करती। सरकार शिक्षा के अधिकार अधिनियम का स्वयं मखौल उड़ा रही है।

आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें हेमंत सोरेन : डॉ अजय शाहदेव

सरकार के कार्यकलापों पर पनप रहा असंतोष : अश्विनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर,महासचिव कयूम खान,सचिव डॉ अजय नाथ शाहदेव, जिला संयोजक प्रोफ़ेसर विनोद भगत आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय सचिव श्री शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील करते हुए कहा कि वे आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। बिना किसी दबाव के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान,पहचान,नियोजन,पेंशन आदि के मामले को अविलंब निष्पादित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष

मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल के साथ जल्द वार्ता करें। ऐसा नहीं हुआ तो आगामी 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। वरीय उपाध्यक्ष श्री कुजूर ने झारखंड सरकार द्वारा चिन्हितीकरण मामले को लेकर किए जा रहे कार्यकलापों पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि चिन्हित सीनियर आंदोलनकारियों द्वारा पहचान करने वालों का एफिडेविट मांगा जाना,फार्म भरने के समय भी एफिडेविट का मांग किया जाना,आखिर इतनी जटिलता क्यों। कई आंदोलनकारियों का महिनों पूर्व चिन्हित हो चुका है,अखबार में भी प्रकाशित हुआ है। उनके मामले को कई महिनों से लटकाकर रखा गया है,जो हितकर नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि गृह मंत्रालय को भेजी गयी चिन्हित आंदोलनकारियों की सूची उपलब्ध कराई जाए। ताकि मंत्रालय जाकर उसे प्रोसेस करा सकें। मृतक आंदोलनकारियों के आश्रितों पर भी सरकार व आयोग कई तरह के अड़चनें पैदा कर वर्षो से लटकाए हुए है। कहा कि तय सीमा के अंदर सरकार एवं आयोग आंदोलनकारियों के हितों पर कार्य नहीं करती है, तो 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष तीखा आंदोलन किया जाएगा।

टीवी उन्मूलन को लेकर सेन्ह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला का हुआ आयोजन

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र से टीबी रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्या निशी की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में बिटीटी, सहिया और सहिया साथियों के साथ कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि टीबी बिमारी एक संक्रामक बिमारी है। जो माइकोट्यूबर कुलोसिस बैक्टेरिया से होता है। यह रोग आम तौर पर फेफड़ों पर हमला करता है। लेकिन यह शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता हैं। यह हवा के माध्यम से तब फैलता है, जब वे लोग जो सक्रिय टीबी सक्रमण से ग्रसित हैं। रोगी का खांसने या छींकने पर जो लार संचारित होता है। वह हवा के माध्यम से दूसरे व्यक्ति को भी संक्रमित कर देता है। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि टीबी बिमारी का जांच एवं इलाज जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में किया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी टीबी मरीजों को पोषण के लिए पांच सौ रूपया प्रतिमाह दिया जाता है। इघर पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि टीबी रोगी को बिमारी के दौरान प्रर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार लेने की जरूरत है। जिसे शरीर कमजोर न हो और बीमारी से लड़ने का क्षमता बना रहे। मौके पर डॉक्टर दिव्या निशी, जिला कार्यक्रम पदादिकारी सुधीर कुमार राय,जिला प्रतिनिधि संजय कुमार पाण्डेय के अलावे प्रखंड क्षेत्र के बिटीटी, सहिया और सहिया साथी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

मुख्यमंत्री से मिले नवनियुक्त डीजीपी

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

मुख्यमंत्री से मिला श्री शिव बारात आयोजन महासमिति का प्रतिनिधिमंडल

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से श्री शिव बारात के आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल में पहाड़ी मंदिर, रांची के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, संरक्षक सुमित सिंह, कलाकार प्रभारी राम सिंह, शिव बारात प्रभारी गगन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव

रांची : राज्यपाल रमेश बैस से बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचिव की यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने एक पुस्तक भी भेंट की।

ईडी कोर्ट से पूजा सिंघल की याचिका खारिज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची के ईडी कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले से जुड़े दस्तावेज मुहैया कराने की मांग की थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता स्नेह सिंह और अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा। अपनी बहस में पूजा सिंघल के अधिवक्ता ने कहा कि चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया से पहले उन्हें उनके केस से जुड़े सभी दस्तावेज

दिए जाये। इस पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कोर्ट को बताया कि फिलहाल इस मामले की जांच जारी है और जितने कागजात आरोपितों को दिये जाने थे, वह दिए जा चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल फिलहाल अंतरिम जमानत मिलने के बाद न्यायिक हिरासत से बाहर हैं। ईडी ने पांच मई 2022 पूजा सिंघल के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में पूजा सिंघल के सहयोगी सीए सुमन कुमार के पास से कुल 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे। ईडी ने सुमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल से पूछताछ की और बाद में उन्हें 11 मई, 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस दौरान पूजा सिंघल को ईडी ने पूछताछ के लिए दो बार रिमांड पर भी लिया था।

एक हजार तीर्थ यात्री आगरा, फतेहपुर सिकरी और अजमेर के लिए रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज हटिया स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन स्पेशल ट्रेन चलेगी। इसमें 1000 से अधिक तीर्थयात्री रवाना होंगे। यह ट्रेन यात्रियों को आगरा, फतेहपुर सिकरी और अजमेर लेकर जायेगी। इस दौरान सभी के रहने, खाने पीने की व्यवस्था भी पर्यटन विभाग की ओर से की गयी है। हटिया रेलवे स्टेशन पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे।

मनरेगा आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2021-22 में लंबित स्वीकृति की जिलावार समीक्षा की गयी। यह बात सामने आयी कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए दिये गये लक्ष्य में से 10881 लाभुकों को आवास प्लस सूची से आवास की स्वीकृति प्रदान किया जाना है लेकिन आवास प्लस की सूची में अयोग्य एवं ड्यूप्लिकेट जॉब कार्डधारी के कारण अब तक 100 प्रतिशत स्वीकृति का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाया है। मनरेगा आयुक्त ने जिलावार इसकी समीक्षा की और निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर आवास प्लस सूची से अयोग्य लाभुकों को हटा दिया जाये। आयुक्त ने जिला एवं प्रखंडवार रिमांड की जानेवाली सूची को अंतिम रूप देने को कहा है। आयुक्त ने कहा कि किसी भी हाल में योग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जाये, जो जिला एवं प्रखंड स्वीकृति नहीं दे पायेंगे उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

व्यवसायियों का शोषण बंद करे सरकार : महापौर

प्रभा मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : महापौर अरुणा शंकर ने सरकार की नीतियों के खिलाफ बंद बाजार का भ्रमण करते हुए हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोक कल्याणकारी सरकार का केवल खतियान यात्रा से कुछ नहीं होगा।

एक तरफ सरकार अपने आप को जन कल्याणकारी सरकार बताती है, दूसरी तरफ व्यवसायियों पर 2 प्रतिशत कृषि टैक्स लगाकर खाद्यान्न सामग्री को महंगा और इंस्पेक्टर राज्य लाना चाहती है। एक तरफ प्रधानमंत्री आवास जो बालू के अभाव में नहीं बन पा रहा है, जिसे कैंसिल किया जा रहा है। दूसरी तरह उन्हें आवास बनाने के लिए बालू तक सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही है। साथ ही पूरे झारखंड का विकास कार्य बालू के अभाव में रुका पड़ा है। महापौर ने कहा कि

मेदनीनगर में पानी की समस्या बढ़ते जा रही है। सारे पाइपलाइन पुराने हो गए हैं। जगह जगह पर फटा पड़ा है। जिसे कई बार पीएचडी को निगम द्वारा पैसा देने के बाद भी पीएचडी काम नहीं करा पा रहा है। मात्र पैसे का बंदरबांट करता है। दूसरी तरफ सरकार घर घर शुद्ध जल की योजना का ढिंढोरा पीट रही है। दुर्भाग्य इस बात का है कि हमारे पीएचडी मिनिस्टर पलामू से हैं। लेकिन दिया तले अंधेरा है। आज तक मंत्री जी पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना पर अपने विभागीय समीक्षा बैठक नहीं कर पाए हैं। फिर कौन सा विकास कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि हेमंत सरकार मेदनीनगर की मुख्य समस्या खास महल भूमि के दर को कम और सरलीकरण करने का आश्वासन तो देती है पर बैठक नहीं करती है। सरकार करोड़ों खर्च कर राज्य में उद्योग लगाने के लिए इन्वेस्टर मीट करती है। लेकिन पलामू जैसे खनिज संपदा से भरा 3 विकसित राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ से जुड़ा प्रमंडल में औद्योगिक भूमि तक नहीं जहां उद्योग लग सके। महापौर ने मुख्यमंत्री से कहा है कि व्यवसायियों का शोषण बंद कर व्यवसायियों के हित में कार्य करें क्योंकि झारखंड का आर्थिक रीड व्यवसाई हैं जिससे सरकार चलती।

राज्यभर में कृषि बाजार शुल्क के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य में कृषि विपणन विधेयक के विरोध में बुधवार से अनिश्चितकाल के लिए खाद्यान्न व्यापार बंद है। इसके विरोध में फल सब्जी मंडियों, राइस फ्लोर मिलरों समेत अन्य खाद्यान्न सेवाओं का भी समर्थन मिला। अलग-अलग क्षेत्र के व्यापारियों की कुल संख्या लगभग एक लाख है, जिन्होंने विधेयक के विरोध में व्यापार बंद रखा।

विरोध में जगह-जगह व्यापारियों ने रैली और प्रदर्शन किया। अपर बाजार में खाद्यान्न व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार से विधेयक वापस लेने की मांग की गयी। इसके बाद व्यापारियों ने पंडरा बाजार समिति में भी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अपर बाजार, पंडरा बाजार समिति, हरमू फल सब्जी दुकानें, डेली मार्केट फल विक्रेताओं ने अपनी अपनी दुकानें बंद रखी। बंद को आलू प्याज विक्रेता संघ, हरमू बाजार समिति, डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी, राइस फ्लोर मिल एसोसिएशन का समर्थन है।

इस दौरान राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के साथ ही

दुकानें बंद रखी गयी। पलामू, बोकारो, लातेहार, साहेबगंज, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह समेत अन्य जिलों में प्रदर्शन सह धरना दिया गया। उल्लेखनीय है कि खाद्यान्न व्यापार बंद होने के साथ ही आवक भी बंद कर दी गयी है, जिससे खाद्यान्नों की ढुलाई, अनलोडिंग समेत सभी सेवाएं बंद कर दी गयी है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। चैंबर की ओर से एक महीने पहले ही राज्य सरकार को खाद्यान्न सेवा बंद करने की चेतावनी दी गयी थी। इसके पहले चैंबर की ओर से नेताओं, अधिकारियों, राष्ट्रीय नेताओं समेत अन्य स्तर पर ज्ञापन सौंप विधेयक पर हस्तक्षेप की मांग की गयी लेकिन सरकार की ओर से विधेयक को वापस नहीं लेने पर व्यापारियों ने आंदोलन शुरू किया।

टेली मानस की टीम ने रिम्स का किया दौरा

रांची : झारखंड टेली-मानस की टीम ने बुधवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) का दौरा किया। हीमोफिलिया फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं हीमोफिलिया सोसाइटी रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं के छात्रों, उनके माता-पिता, अन्य व्यक्तियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूक बनाने एवं संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए, मानसिक स्वास्थ्य का महत्व और टेली मानस उनके लिए कैसे मददगार हो सकता है, इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही बच्चों और अभिभावकों को परीक्षाओं के दौरान अपनी चिंता और तनाव को नियंत्रित करने के बारे में भी बताया। विभिन्न चेतावनी संकेतों, आत्म जागरुकता, रचनात्मक सोच और निर्णय लेने के बारे में भी बताया गया। सत्र का संचालन प्रियंका कुमारी और द्रौपदी कुमारी ने किया।

गठबंधन की सरकार में अराजकता सिर चढ़कर बोल रही है : दीपक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार में अराजक तत्वों का मनोबल सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है कि आए दिन प्रदेश में अराजक तत्वों के द्वारा राज्य के माहौल अमन चैन को खराब ,अशांत किया जा रहा है। पांकी में शिवरात्रि पर्व की तैयारी में अराजक तत्वों के द्वारा बाधा डालते हुए हिंसा फैलाने की कोशिश की गई, जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है। प्रकाश ने कहा कि शिव बारात की तैयारी में जुटे भक्तों पर हिंसक आक्रमण, पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करना यह किसी भी दृष्टि से क्षम्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देवघर जिला प्रशासन द्वारा भी शिव बारात की तैयारी में भक्तों की भावनाओं के विपरीत आदेश निकालना हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति को ही उजागर करता है। साथ ही राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तुष्टिकरण छोड़ शिवरात्रि पर्व को पूरे प्रदेश में परंपरा रीति-रिवाज के अनुसार धूमधाम से मनाना सुनिश्चित कराएं और विघ्न डालने वाले अराजक तत्वों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि झारखंड में शिवरात्रि की तैयारियों के बीच बुधवार

को दो जिलों में बवाल मचा है। पलामू के पांकी में तोरण द्वार को लेकर विवाद हुआ तो दूसरी तरफ देवघर में शिवबारात को लेकर प्रशासन और समिति के बीच बवाल मचा है। इस मामले पर राजनीति भी तेज है।

पलामू के पांकी प्रखंड के उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई हो: विहिप

रांची : विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने पलामू के पांकी प्रखंड के उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस घटना में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करें। डॉ साहु ने कहा कि झारखंड में आए दिन किसी भी हिंदू पर्व -त्यौहार, शोभायात्रा पर पत्थरबाजी करना और विरोध करना एक विशेष समुदाय के लिए आम घटना बनती जा रही है, जो झारखंड प्रांत के सुरक्षा लिए एक व्यापक खतरा बनता जा रहा है। इस प्रकार की घटना को अंजाम यूं ही अनायास नहीं दिया गया है, बल्कि सोची समझी साजिश के तहत अंजाम दिया गया है। नहीं तो पांकी जैसे छोटे स्थल पर मस्जिदों से पेट्रोल बम फेंकना, पत्थर फेंकना कैसे संभव हो सकता है? उन्होंने कहा कि पलामू जिला के पांकी प्रखंड में महाशिवरात्रि पूजन के पावन अवसर पर तोरण द्वार लगाई जा रही थी, जिसका विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

फेक नैरेटिव का डटकर मुकाबला करें आईआईएस अधिकारी : उपराष्ट्रपति

प्रभात मंत्र संवाददाता

नई दिल्ली : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को उप-राष्ट्रपति निवास में भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे लोकतंत्र और राष्ट्रीयता के वास्तविक रक्षक बनने को कहा।जगदीप धनखड़ ने कोरोना महामारी के दौरान भ्रामक सूचनाओं से लड़ने और वैक्सीन के बारे में झिझक को दूर करने में आईआईएस अधिकारियों की भूमिका की प्रशंसा भी की। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वर्तमान समय में चीजें पल भर में वायरल हो जाती हैं, इसलिए आपको हमेशा सावधान और सतर्क रहने की जरुरत है।

जगदीप धनखड़ ने आईआईएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की उपलब्धियों को जनता के सामने लाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकारी सूचना तंत्र के माध्यम से लोगों तक भारत के विकास की कहानी पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन हमारे खिलाफ लगातार गलत सूचनाओं का प्रसार किया जा रहा है। यह हम पर हमला करने का एक नया तरीका है। हमें इसके खिलाफ सतर्क रहना होगा और पूरी ताकत के साथ इसे बेअसर करना होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत को दुनिया में अवसर और निवेश की भूमि के रूप में जाना जाता है, लेकिन अगर हमारा सूचना तंत्र मजबूत नहीं है, तो ये सब गड़बड़ हो सकता है। भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि सूचनाओं को जांचने के आधुनिक तरीकों का प्रयोग करें और फेक नैरेटिव को फैलने से रोकें। भारतीय सूचना सेवा के सदस्य भारत सरकार के मीडिया प्रबंधकों के रूप में काम करते हैं। आईआईएस अधिकारी, अपनी विभिन्न प्रकार की क्षमताओं के साथ, सरकार और देश के नागरिकों के बीच सूचनाओं के प्रसार और विभिन्न सरकारी नीतियों और योजनाओं को बड़े पैमाने पर जनता तक पहुंचाने की दृष्टि से संचार की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

रांची में सांसद खेल महोत्सव का मेडल, ट्रॉफी और टी-शर्ट लॉन्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के सांसद संजय सेठ और ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को खेल महोत्सव का मेडल, ट्रॉफी और टी-शर्ट लॉन्च किया। सांसद सेठ ने कहा कि खेल महोत्सव रांची लोकसभा क्षेत्र का भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक महोत्सव बनने वाला है। 17 से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के तीन हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में छह प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी। इनमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है। सभी प्रतियोगिताएं बहुत ही रोचक होंगी और इसके लिए अलग-अलग टीमें भी तैयार कर ली गई है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव

में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिए जाएंगे।तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। 17 फरवरी को कार्यक्रम का उद्घाटन अपराह्न तीन बजे केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के हाथों संपन्न होगा। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।खेल के नामी खिलाड़ियों के द्वारा मशाल प्रज्वलित की जाएगी जो लगातार तीन दिन तक यह मशाल प्रज्वलित रहेगी। 12 स्कूल के बच्चों के द्वारा बैंड द्वारा सारे जहां से अच्छा हिंदू सीता हमारा की धुन पर गीत प्रतियोगिता की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।प्रेस वार्ता में मधुकांत पाठक शिवेन्द्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य, विनय जायसवाल और संदीप सिन्हा मौजूद थे।